




फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई- पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें- www.bhedinazar.com

दिल्ली, बुधवार, 04 मार्च 2026

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश को प्रमुख हिन्दी दैनिक



भेदी नज़र परीवार व संपादक जी की तरफ से सभी देशवासीयों, विज्ञापन दाताओं, खबर दाताओं और पाठकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं



वर्षः 22 अंकः 323 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. DEL/HIN/2004/13528 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2026/28 | पृष्ठः 12 मूल्यः 1 रुपये


## भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व के लिए आशा की किरणः मोदी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव के आज के दौर में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व के लिए आशा की किरण बन गई है इसकी तीव्र वृद्धि 'विकसित भारत' की मजबूत नींव है। प्रधानमंत्री ने बजट 2026-27 पर राष्ट्रीय वेबिनार की इस वर्ष की श्रृंखला की दूसरी कड़ी के उद्घाटन संबोधन में कहा कि इस बार के बजट में अर्थव्यवस्था के उन स्तंभों और क्षेत्रों को मजबूत करने के ठोस कदम उठाए गये हैं जो वैश्विक परिवर्तनों को देखते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय विनिर्माण के लिए मजबूत भागीदारों की तलाश में है और भारत ने हाल में विभिन्न देशों और समूहों से जो मुक्त व्यापार समझौते किये हैं उससे देश के उद्योग-व्यवसाय जगत के लिए अवसरों का एक बड़ा द्वार खुला है। उन्होंने कहा कि इसका फायदा उद्योग जगत को ही उठाना है और इसके लिए उसे अनुसंधान, बाजारों के अध्ययन और नवाचार पर समय तथा साधन खर्च करने होंगे।

उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योगों को अवसरों का पूरा लाभ उठाना है तो उन्हें गुणवत्ता को अपना महामंत्र बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य की प्रति के लिए सभी हितधारकों के बीच 'सामूहिक हिस्सेदारी' की आवश्यकता को रेखांकित किया। आर्थिक वृद्धि की निरंतरता बनाए रखने और रफ्तार तेज करने के विषय पर आयोजित इस वेबिनार में प्रधानमंत्री ने 'अधिक निर्माण करो, अधिक उत्पादन करो, अधिक संपर्क स्थापित करो और अधिक निर्यात करो' के मूल मंत्रों को दोहराया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा, निश्चित रूप से, आज आप लोगों के बीच होने वाली चर्चाएं और उनसे निकलने वाले सुझाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों के बीच तालमेल के संबंध में बोलते हुए यह स्पष्ट किया कि विनिर्माण, संचालन व्यवस्था, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और शहरी केंद्र अलग-अलग इकाइयां नहीं हैं बल्कि एक ही आर्थिक संरचना के परस्पर जुड़े हुए स्तंभ हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस प्रकार विनिर्माण निर्यात को बढ़ावा देता है जबकि प्रतिस्पर्धी एमएसएमई लचीलेपन और नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं। मोदी ने कहा, इस वर्ष के बजट ने इन सभी स्तंभों को बहुत मजबूती प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि उद्योग, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकारों की सक्रिय भागीदारी के बिना केवल नीतिगत दिशा-निर्देशों से ही परिणाम प्राप्त नहीं होंगे। उन्होंने हितधारकों से विनिर्माण और उत्पादन बढ़ाने तथा लागत संरचना को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने पर चर्चा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, इन दिशाओं में आपके सुझाव विकास को देश के हर कोने तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र में प्रमुख क्षमताओं को मजबूत करने और मौजूदा बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया।

मोदी ने जोर देते हुए कहा, दुर्लभ खनिज तत्वों के लिए समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर और कंटेनर विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का उद्देश्य व्यापार के लिए अनुकूल परिवेश को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री ने बजट में घोषित बायोफार्मा शक्ति मिशन का भी उल्लेख किया जिसका उद्देश्य भारत को जैविक औषधियों और अगली पीढ़ी की उपचार प्रणालियों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा, हम उन्नत बायोफार्मा अनुसंधान और विनिर्माण में नेतृत्व की ओर बढ़ना चाहते हैं।

## 5,083 करोड़ रुपये के रक्षा सौदे

### तटरक्षक बल को हेलीकॉप्टर, नेवी को मिलेगी रूसी मिसाइल

नई दिल्ली (वेब वार्ता)।

वैश्विक स्तर पर समुद्री सुरक्षा के बड़ी चुनौती बनकर उभरने के बीच रक्षा मंत्रालय ने समुद्री सुरक्षा को चाक चौबंद करने के लिए कुल 5,083 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं जिनमें भारतीय तटरक्षक के लिए छह उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर ए एल एच मार्क-दो (समुद्री भूमिका) तथा नौसेना के लिए सतह से आकाश में मार करने वाली वर्टिकल प्रक्षेपण 'शिटल' मिसाइलों की खरीद शामिल है। एएलएच हेलिकॉप्टर की खरीद



सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से और शिटल मिसाइलों की खरीद रूस से की जायेगी।

इन अनुबंधों पर मंगलवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। एएलएच की खरीद के लिए 2901 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है जबकि मिसाइलों की खरीद के लिए 2,182 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है।

एएलएच के अनुबंध में भूमिका उपकरण, अभियांत्रिकी सहायता पैकेज तथा प्रदर्शन-आधारित लॉजिस्टिक सहयोग शामिल है और यह भारतीय (स्वदेशी , विकसित एवं निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत संपन्न किया गया है।


DEV MEDICARE CHEMIST
Your Trusted Medical Store
SECTOR 7, FARIDABAD
Allopaathic & Ayurvedic Medicine
BP & sugar Mechines, Thermometers, Oximeters
DISCOUNT ON VARIOUS MEDICINES
Surgical Items, Baby Products, Health Supplements
Wide Range of Cosmetics
ORDER NOW - 9650518651 (Call/Whatsapp)
Hours: 8 AM to 10 PM
100% Genuine Medicines
Experienced Staff

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹1,27,200/-
76% Gold Rate ₹1,05,900/-
Making Charges 8%
100% BUY BACK + EXCHANGE
MONDAY CLOSED
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD
0129-3668332, 9990032657
Required soon sales Girls payment as per experience



## रमनदीप कौर और वीरपाल कौर का कारनामा, पुलिस को देख भागने लगीं




**भेदी नज़र, मुक्तसर।** मुक्तसर के थाना लंबी पुलिस ने दो युवतियों को नशे की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी युवतियों को पुलिस ने गश्त के दौरान पकड़ा है। तलाशी लेने पर आरोपी युवतियों से 10 किलो चूरा-पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों युवतियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट तहत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। दोनों युवतियां बठिंडा की रहने वाली हैं, जिनकी पहचान रमनदीप कौर पुत्री रेशम सिंह वासी गांव जीवन सिंह वाला और वीरपाल कौर पुत्री करनैल सिंह वासी गांव बंगीकलां (बठिंडा) की रहने वाली है। हवलदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वे पुलिस पार्टी के साथ गश्त पर थे। लिंक रोड वड़िंग खेड़ा की तरफ जा रहे थे। इस दौरान सामने से दो युवतियां हाथ में बैग पकड़े आती दिखाई दी। दोनों पुलिस को देखकर घबरा गई और पीछे की ओर वापिस भागने लगी। पुलिस ने जब उन्हें संदेह के आधार पर रोककर उनके बैग की तलाशी ली। बैग से 10 किलो चूरा-पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस ने उनसे चूरा-पोस्त को लेकर पूछताछ की तो वह कोई संतुष्ट जवाब नहीं दे पाईं। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि आखिरकार युवतियां नशे की खेप कहां से लेकर आई थी और किसे सप्लाई की जानी थी। वहीं क्या ये युवतियां किसी गिरोह से जुड़ी हैं या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है।

## संतोषपुरा में सरकारी डॉक्टर के घर फायरिंग करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**भेदी नज़र, जालंधर।** कमिश्नरेट पुलिस जालंधर ने संतोषपुरा इलाके में एक सरकारी पशु चिकित्सक के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को रात करीब 1:40 बजे संतोषपुरा में डॉक्टर यशपाल के घर के बाहर खड़ी कार और गेट पर अज्ञात बदमाशों ने गोलियां चलाई थीं। घटना के बाद थाना डिवीजन नंबर 8 में मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने जगजीत सिंह और लवप्रीत सिंह (दोनों निवासी गांव बडाला जोहल, थाना जंडियाला गुरु, अमृतसर) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 30 और 32 बोर की दो पिस्टल, मैगजीन, जिंदा कारतूस, वारदात में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए गए हैं। पुलिस आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल करेगी और यह भी पता लगाया जाएगा कि वे किसी अन्य वारदात में शामिल तो नहीं हैं। इस कार्रवाई से साफ संदेश गया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## निमाणार्धीन मकान की छत गिरी, दो मजदूरों की मौत

**भेदी नज़र, पटियाला।** पटियाला के गांव लंग में एक मकान में निर्माण के दौरान कमरे की छत गिरने से इसके नीचे काम कर रहे दो मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं मकान के मालिक, उसके बेटे समेत चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए पटियाला के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया ह जानकारी के मुताबिक पटियाला के गांव लंग में बलदेव सिंह का मकान बन रहा था। इस दौरान कमरे का लिंटर डाला जा रहा था। इसी दौरान अचानक लिंटर गिर गया। इससे नीचे काम कर रहे 6 लोग मलबे के नीचे दब गए। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां दो मजदूरों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जबकि मकान का मालिक, उसके बेटे समेत चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 10 किलो चिट्टा लेकर पहुंचा, एनसीबी ने पकड़ा, अबू बक्कर का मोबाइल खोलेगा राज

**भेदी नज़र, अमृतसर।** पंजाब में पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। आरोपी को पंजाब के सरहदी एरिया तरनतारन से गिरफ्तार किया है। आरोपी सरहद लांघकर नशे की बड़ी खेप लेकर भारतीय सीमा में दाखिल हुआ था। उसे पंजाब नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने तरनतारन जिले के खेमकरण सेक्टर से 10 किलो हेरोइन के साथ काबू किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी कंटीली तार पार करके किसी तरह भारतीय क्षेत्र में घुसा था। एजेंसियां इसको लेकर जांच कर रही है। बीएसएफ और एनसीबी की टीमें को इनपुट मिले हैं कि पाकिस्तानी तस्कर के गिरफ्तार होने के बाद इस इलाके में विस्फोटक और हथियार भी छिपे हो सकते हैं। एनसीबी ने पकड़े गए आरोपी की पहचान पाकिस्तान के जिला कसूर स्थित चट्टिया गांव निवासी अबू बक्कर के रूप में बताई है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल और कुछ पाकिस्तानी करंसी भी बरामद हुई है। आरोपी के कब्जे से मिले मोबाइल ने कई संदिग्धों के नंबर भी मिले हैं। कुछ नंबर डिलीट भी हैं। आरोपी के मोबाइल फोन की जांच की जा रही है। मोबाइल फोन से आरोपी के कई अहम खुलासे हो सकते हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अबू बकर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन खालिस्तान लिब्रेशन फोर्स (केएलएफ) के लिए भी काम कर रहा है। एनसीबी पता लगा रही है कि पंजाब में केएलएफ के किस सदस्य के साथ अबू बक्कर लगातार संपर्क में है और भविष्य में आरोपियों के मंसूबों क्या है।

## पुलिस डीएवी और एपीजे स्कूल को आई ईमेल, पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन



**भेदी नज़र, जालंधर।** जालंधर में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ने सनसनी फैला दी है। होली से पहले आई इस धमकी ने पुलिस प्रशासन को हाई अलर्ट पर ला दिया है। जानकारी के अनुसार जालंधर के एपीजे स्कूल और पुलिस डीएवी स्कूल समेत कई शिक्षण संस्थानों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल में होली वाले दिन खून की होली और खतरनाक होली खेलने जैसी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। इतना ही नहीं, संदेश में ट्रेनों को भी निशाना बनाने का जिक्र होने से मामला और गंभीर हो गया है। धमकी भरा ईमेल सामने आते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया। संबंधित स्कूलों में तुरंत पुलिस टीमें भेजी गईं। एहतियातन बच्चों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड भी मौके पर बुलाए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक ईमेल भेजने वाले की पहचान के लिए साइबर सेल को जांच सौंपी गई है। मेल की तकनीकी पड़ताल की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि संदेश किस लोकेशन और किस आईडी से भेजा गया। शहर में एक ही दिन दो फायरिंग की घटनाओं ने पहले ही कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। ऐसे में स्कूलों को मिली धमकी ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है।

# दुबई रूट डगमगाया, पंजाब-चंडीगढ़ की उड़ानों पर ब्रेक

**भेदी नज़र, जालंधर**



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और इस्राइल-ईरान टकराव का असर अब अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात पर साफ दिखने लगा है। एहतियातन कई देशों ने अपने हवाई क्षेत्र आंशिक या पूर्ण रूप से बंद किए हैं, जिससे खाड़ी क्षेत्र की उड़ानों के मार्ग बदले गए हैं या सेवाएं अस्थायी रूप से प्रभावित हुई हैं। इसका सीधा असर भारत से दुबई जाने वाली उड़ानों पर पड़ा है।


दुबई दुनिया के सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में शामिल है। वर्ष 2025 में दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से एक करोड़ 19 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की, जिनमें भारत सबसे बड़ा स्रोत देश रहा। भारत-दुबई रूट दुनिया के प्रमुख और व्यस्त अंतरराष्ट्रीय मार्गों में गिना जाता है। औसतन प्रतिदिन 32 से 33 हजार भारतीय यात्री दुबई के लिए उड़ान भरते हैं। भारत के 22 शहरों से प्रतिदिन 80 से अधिक सीधी उड़ानें संचालित होती हैं। अमृतसर से सामान्य परिस्थितियों में दुबई के लिए रोजाना औसतन 4 से 5 सीधी उड़ानें संचालित होती हैं। इस रूट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो और स्पाइसजेट सेवाएं देती हैं। प्रतिदिन 700 से 900 यात्री सीधी उड़ानों से दुबई जाते हैं, जबकि कनेक्टिंग उड़ानों के साथ संख्या और बढ़ जाती है। उड़ान अवधि लगभग 3.5 से 4.5 घंटे है।

चंडीगढ़ से फिलहाल दुबई के लिए प्रतिदिन एक सीधी उड़ान उपलब्ध है, जिसका संचालन मुख्यतः इंडिगो करती है। इससे रोजाना 150 से 180 यात्री यात्रा करते हैं। बड़ी संख्या में यात्री नई दिल्ली या मुंबई के माध्यम से भी कनेक्टिंग उड़ानें लेते हैं। मौजूदा हालात में कुछ उड़ानों के समय में बदलाव, मार्ग परिवर्तन या सीमित रद्दीकरण देखने को मिल रहे हैं। पंजाब और चंडीगढ़ से बड़ी संख्या में लोग पर्यटन, व्यापार और पारिवारिक कारणों से दुबई जाते हैं। तीन से पांच दिन के टूर पैकेज का खर्च सामान्यतः 45 हजार से 90 हजार रुपये प्रति व्यक्ति तक होता है, जिसमें हवाई टिकट, होटल, डेजर्ट सफारी, सिटी टूर और एयरपोर्ट ट्रांसफर शामिल रहते हैं।

दुबई पंजाबी और प्रवासी भारतीय परिवारों के बीच डेस्टिनेशन विवाह का लोकप्रिय केंद्र बन चुका है। एक भव्य समारोह पर डेढ़ करोड़ से पांच करोड़ रुपये या उससे अधिक तक खर्च हो सकता है।

## विवाहिता ने दी जान, डेढ़ साल पहले शादी कसूर इतना कि जुड़वा बेटियों को जन्म दिया

**भेदी नज़र, सुनाम**



संगरूर के सुनाम के गांव चौवास जखेपल में एक 23 वर्षीय विवाहिता ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर जुड़वां बेटियों के जन्म को लेकर ताने मारने और प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतका हरप्रीत कौर का विवाह करीब डेढ़ साल पहले गांव चौवास जखेपल के गुरविंदर सिंह से हुआ था। मृतका की मां जसवीर कौर ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद हरप्रीत ने दो जुड़वां बेटियों को जन्म दिया। आरोप है कि इसके बाद से ही ससुराल पक्ष उसे लगातार ताने देने लगा और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

इसी तंगहाली और प्रताड़ना से आहत होकर बीती शाम हरप्रीत ने घर के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची चीमा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। जांच अधिकारी एएसआई बेयंत सिंह ने बताया कि मृतका की मां के बयानों के आधार पर पति गुरविंदर सिंह, सास अमरजीत कौर और देवर रघवीर सिंह उर्फ काका के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 108 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल आरोपी घर से फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बॉडी बिल्डर वरिंदर घुम्मन की मौत की एसआईटी रिपोर्ट आई, फोर्टिस के डॉक्टरों पर केस दर्ज

**भेदी नज़र, जालंधर**



उनका आरोप है कि सर्जरी के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण उनके बेटे की जान गई। परिवार के अनुसार, सर्जरी से पहले ईसीजी रिपोर्ट सामान्य नहीं थी, फिर भी ऑपरेशन का निर्णय लिया गया। एक घंटे की बताई गई सर्जरी पांच घंटे से अधिक चली और ऑपरेशन थिएटर में ही घुम्मन की मौत हो गई, जबकि कारण हार्ट अटैक बताया गया।

पिता का कहना है कि उन्होंने डॉक्टरों को तुरंत बेहोश न करने की सलाह दी थी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल अमृतसर ने अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर वरिंदर सिंह घुम्मन के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। अस्पताल को हाल ही में जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिसकी विस्तृत समीक्षा की जा रही है। प्रबंधन का कहना है कि उपचार के दौरान क्लीनिकल टीम ने पूरी निष्ठा, सावधानी और सद्भावना के साथ कार्य किया तथा मरीज के सर्वोत्तम हित में अपने चिकित्सकीय निर्णय लिए। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह संबंधित प्राधिकरणों के साथ पूरा सहयोग करता रहेगा और लागू कानूनी एवं नियामक प्रावधानों के तहत आवश्यक कदम उठाएगा।अस्पताल ने दोहराया कि वह क्लीनिकल उत्कृष्टता, नैतिक चिकित्सा पद्धति और मरीजों की सुरक्षा के उच्चतम मानकों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## आनंदपुर साहिब में पहली ऑल वेदर स्थायी टेंट सिटी तैयार, श्रद्धालुओं के लिए 300 कमरे

**भेदी नज़र, चंडीगढ़**



आनंदपुर साहिब में चल रहे होला मोहल्ला समारोह के लिए पंजाब सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए ऑल वेदर स्थायी टेंट सिटी स्थापित की है। शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने बताया कि 300 कमरों वाली यह टेंट सिटी वर्षभर खुली रहेगी और आगे इसका विस्तार भी किया जाएगा। बुकिंग के लिए पोर्टल व एप तैयार किए जा रहे हैं तथा इसे मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना से भी जोड़ा जाएगा।


उन्होंने दावा किया कि एयर कंडीशनर सुविधा के साथ यह देश की पहली स्थायी टेंट सिटी है। पिछले वर्ष अस्थायी ढांचे की सफलता और मुख्यमंत्री भगवंत मान के निरीक्षण के बाद इसे स्थायी रूप देने का निर्णय लिया गया। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। समारोह के दौरान सिंगल-यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सभी लंगर स्थलों पर बायोडिग्रेडेबल विकल्प उपलब्ध कराने का खर्च वहन करेगा। उपयोग में आने वाली प्लेट, कप और अन्य सामग्री गैर-प्लास्टिक व पर्यावरण अनुकूल होगी। पवित्र नगरी को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। पांच प्यारों के पार्क का नवीनीकरण किया गया है, जबकि भाई जैता जी संग्रहालय समेत ऐतिहासिक स्थल श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से आने वाली संगत को ध्यान में रखते हुए 28 समर्पित पार्किंग जोन, दो विशेष ट्रॉली सिटी और ट्रॉली स्ट्रीट बनाई गई हैं। माझा- दोआबा क्षेत्र से आने वालों को चरण गंगा के निकट और मालवा-चंडीगढ़ की ओर से आने वालों को झिंझड़ी स्थित केंद्र में ठहराया जाएगा। तख्त केसगढ़ साहिब और किला आनंदगढ़ साहिब तक पहुंचाने के लिए 100 ई-रिक्शा शटल सेवाएं चलाई जाएंगी। चरण गंगा स्टेडियम व प्रमुख स्थलों पर एंबुलेंस तैनात हैं और आम आदमी क्लिनिक कार्यरत हैं। मुख्य मार्गों पर त्रिस्तरीय बैरिकेडिंग लागू की गई है। 2 और 3 मार्च की शाम विरासत-ए-खालसा में भव्य आतिशबाजी होगी। लाइव प्रसारण के लिए 20 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। स्कूलों को मिल रही धमकियों पर मंत्री ने कहा कि यह गंभीर विषय है और जांच जारी है।

## गैस कटर से एक्सिस बैंक का एटीएम काटा, पैसे रखने वाला बक्सा ले उड़े

**भेदी नज़र, राजपुरा।** राजपुरा के राजपुरा-कालका रोड पर मंगलवार तड़के लुटेरों ने एक्सिस बैंक के एटीएम को निशाना बनाया। शातिर लुटेरों ने गैस कटर का इस्तेमाल कर मशीन को काटा और उसमें मौजूद नकदी लेकर फरार हो गए। घटना तड़के 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। चश्मदीदों और सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, एक सफेद रंग की कार एटीएम के बाहर आकर रुकी। कार से निकले लुटेरे अत्याधुनिक गैस कटर से लैस थे। उन्होंने पहले एटीएम केबिन में प्रवेश किया और फिर मशीन के उस हिस्से को काट दिया जहां कैश रखा होता है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना प्रभारी गुरसेवक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के लिए विशेष फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जिन्होंने मौके से उंगलियों के निशान और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। हमने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## पांच दिन के लिए गए थे, अब खाने-पीने के लिए पैसे नहीं

**भेदी नज़र, बठिंडा**




पंजाब के बठिंडा शहर के दो और युवक दुबई में फंस गए हैं। खाड़ी देशों में चल रही भीषण जंग के चलते वहां के सभी एयरपोर्ट और फ्लाइटें बंद कर दी गई हैं, जिसके कारण सैकड़ों भारतीयों की तरह ये दोनों युवक भी स्वदेश लौटने में असमर्थ हैं।

इससे दो दिन पहले ही एक प्रिंसिपल दंपती का दुबई से एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने भारत लौटने के लिए केंद्र और पंजाब सरकार से मदद की अपील की थी। उस मामले में पंजाब के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने भी उनसे बातचीत की थी और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया था। अब शहर के रहने वाले अवनीश गोयल और दर्पण बंसल नाम के दो युवकों का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दोनों ने बताया कि वे 27 फरवरी को पांच दिन की छुट्टियां मनाने के लिए दुबई गए थे। उनकी वापसी की फ्लाइट 4 मार्च को निर्धारित थी लेकिन उनके पहुंचने के अगले ही दिन क्षेत्र में युद्ध छिड़ गया। हालात बिगड़ने के बाद सुरक्षा कारणों से एयरपोर्ट बंद कर दिए गए और सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं। इसके चलते उनकी वापसी की फ्लाइट भी कैंसिल हो गई। दोनों युवकों ने बताया कि वे अपने टूर प्लान के अनुसार केवल पांच दिन के खर्च के साथ ही दुबई पहुंचे थे लेकिन अब फ्लाइटें बंद होने और अनिश्चित स्थिति के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके पास सीमित संसाधन बचे हैं और वहां ठहरने, खाने-पीने और अन्य जरूरी खर्चों को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।

## समाना-पटियाला रोड पर पीआरटीसी बस और कार में टक्कर

**भेदी नज़र, पटियाला।** पटियाला के गांव फतेहपुर के नजदीक सुबह करीब 5:30 बजे पीआरटीसी बस और कार में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में कार चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बस कंडक्टर भी घायल हो गया है। बस पटियाला की तरफ से आ रही थी। कार सवार लोग हरियाणा के अंबाला की तरफ से समाना में पुलिस कॉलोनी लौट रहे थे। घायलों को तुरंत समाना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें हालत गंभीर होने के कारण पटियाला रेफर कर दिया गया। सिटी पुलिस समाना ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पहुंचाया और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## बाइक सवार बदमाशों ने युवक पर दागी गोलियां, हालंत गंभीर

**भेदी नज़र, राजपुरा**



पंजाब में बेखौफ हुए अपराधियों ने अब दिनदहाड़े खूनी खेल खेलना शुरू कर दिया है। ताजा सनसनीखेज मामला राजपुरा के नजदीकी गांव राजगढ़ (थाना शंभू) से सामने आया है, जहां एक निजी होटल के बाहर बाइक सवार हमलावरों ने एक प्रवासी मजदूर पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इस वारदात के कारण पूरे इलाके में सहम और दहशत का माहौल बन गया है। वहीं घायल को चंडीगढ़ रेफर किया गया है।

पीड़ित की पहचान पारस के रूप में हुई है, जो गांव में मेहनत-मजदूरी करता था। जब वह होटल के पास मौजूद था, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने उसे निशाना बनाते हुए फायरिंग कर दी। गोलियां लगने के कारण पारस लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा, जबकि हमलावर मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना शंभू के एसएचओ स्वर्ण सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घायल युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत चंडीगढ़ के सेक्टर-32 अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। मामले की बारीकी से जांच कर रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## दो साल पहले जहां लटका मिला था भाई युवक ने वहीं फंदा लगाकर दी जान

**भेदी नज़र, लुधियाना**



सलेम टाबरी के भट्टियां स्थित गगनदीप कॉलोनी में सोमवार सुबह उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब 22 वर्षीय विकास ने घर के कमरे में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना का पता उस समय चला जब उसके पिता उसे बुलाने के लिए गए।

उनके शोर मचाने पर परिवार वाले और आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने के बाद थाना सलेम टाबरी की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विकास के छोटे भाई ने भी दो साल पहले घर में फंदा लगाकर ही आत्महत्या की थी। पुलिस अब जांच में जुटी है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि विकास ने भी भाई की मौत के दो साल बाद खुद वहीं फंदा लगा लिया जहां उसके भाई ने फंदा लगाया था। मिली जानकारी के अनुसार विकास पेशे से सिलाई का काम करता था और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में पिता का हाथ बंटाता था।

सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे रोजाना की तरह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला, तो उसके पिता उसे देखने के लिए ऊपर बने कमरे में गए। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पिता ने काफी आवाजें दीं, लेकिन जब अंदर से कोई हलचल नहीं हुई तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। पिता ने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा, तो अंदर का मंजर देखकर सबके होश उड़ गए। विकास पंखे के सहारे फंदे पर लटका हुआ था। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि परिवार अभी छोटे बेटे की मौत के सदमे से पूरी तरह उबर भी नहीं पाया था कि अब विकास ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। विकास के परिवार में अब उसके बुजुर्ग पिता, पत्नी और एक छोटा बेटा रह गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। शुरूआती जांच में पुलिस इसे खुदकुशी का मामला मान रही है। हालांकि, कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है या नहीं, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के असली कारणों का पता लगाया जा सके।

## पंजाब के सीमांत गांव हाई अलर्ट पर, रात्रि गश्त तेज

**भेदी नज़र, अमृतसर**



पश्चिम एशिया में इस्राइल, ईरान और अमेरिका के बीच तनाव के चलते पंजाब के पाकिस्तान सीमा से सटे गांवों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस और बीएसएफ ने सीमांत इलाकों में हाई अलर्ट जारी किया है। रात्रि गश्त और नाकाबंदी की जा रही है। सीमा से लगे अमृतसर, तरनतारन, गुरदसपुर, पठानकोट में देर रात तक पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त टीमें गांव-गांव सर्च अभियान चला रही हैं। आशंका है कि मध्य-पूर्व में तनाव की आड़ में पाकिस्तान से हथियार व नशा तस्करी के घटनाएं बढ़ सकती हैं। संदिग्ध गतिविधियों, ड्रोन मूवमेंट और तस्करी की आशंका को देखते हुए खेतों, पगडंडियों और संवेदनशील ठिकानों की गहन तलाशी ली जा रही है।

सीमांत जिलों की सुरक्षा के लिए तैनान अधिकारियों ने बताया कि सीमांत चौकियों पर अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। नाइट विजन उपकरणों के साथ निगरानी बढ़ा दी गई है। बीएसएफ ने सीमा पर फ्लडलाइट्स और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस सिस्टम को सक्रिय कर दिया है। पुलिस ने भी सीमावर्ती थानों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा है। सीमांत एरिया में दोबारा शुरू की गई रात्रि नाकाबंदी के दौरान आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। पहचान पत्रों की जांच, संदिग्धों से पूछताछ और रिकॉर्ड वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को सख्त किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा वैश्विक हालात को देखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी। पिछले समय में सीमा पार से ड्रोन के जरिये हथियार और नशीले पदार्थ गिराने की घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां विशेष सतर्क हैं। बीएसएफ की एंटी-ड्रोन टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

# ईरान पर हमलों के विरोध में वाम दलों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**




भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और दिल्ली राज्य के वामपंथी दलों द्वारा आज ईरान की जनता पर अमेरिकी साम्राज्यवाद और जायोनी इजरायल के हमलों के विरोध में विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन को भाकपा की राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड अमरजीत कौर, भाकपा दिल्ली राज्य परिषद के सचिव एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. दिनेश वार्ष्णेय, माकपा की वरिष्ठ नेता कॉमरेड वृंदा करात, माकपा दिल्ली राज्य के सचिव अनुराग सक्सेना, भाकपा (माले) के महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य, आरएसपी के सचिव आर.एस. डागर, एसयूसीआई के सचिव प्राण शर्मा, सीजीपीआई के बिरजू नायक तथा भाकपा (माले) न्यू डेमोक्रेसी और फॉरवर्ड ब्लॉक के नेताओं ने संबोधित किया।

कॉमरेड अमरजीत कौर ने ईरान के खिलाफ लगाए गए मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर संप्रभु राष्ट्र पर किए गए अमेरिकी और इजरायली हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के विरुद्ध है और किसी संप्रभु राष्ट्र के प्रमुख की हत्या सुनियोजित हत्या है। उन्होंने मांग की कि यह हमला तुरंत रोका जाए। उनके अनुसार यह कार्रवाई ईरान के प्राकृतिक संसाधनों, समुद्री क्षेत्र और तेल भंडार पर कब्जा करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इराक पर हमले के समय भी अमेरिका ने इसी प्रकार के आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया कि हालिया हमलों में 150 छात्राओं की भी मृत्यु हुई है तथा इन हमलों से पूरे भूमध्यसागरीय क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है और विश्व शांति खतरे में पड़ गई है।

उन्होंने केंद्र सरकार की भी आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा सऊदी राजकुमार और इजरायल के राष्ट्रपति से संपर्क कर सहानुभूति व्यक्त करना भारत की पारंपरिक विदेश नीति के अनुरूप नहीं है। उन्होंने मांग की कि भारत को स्पष्ट रूप से अमेरिकी और इजरायली कार्रवाई की आलोचना करनी चाहिए तथा युद्ध को तुरंत रोका जाना चाहिए, ताकि शांति बहाल हो सके।

प्रदर्शन में अन्य प्रमुख नेताओं में अब्सार अहमद, शंकरलाल, बब्बन कुमार सिंह, संजीव कुमार राणा, शशि कुमार, रामशरण राजपूत, हैदर अली, मुकेश कश्यप, शिजो वर्गीस, सुखजिंदर महसेरी और रेहाना खातून सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो करोड़ अनुदान घोटाला: 13 साल बाद गिरफ्तारी, महिला को जमानत

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दो करोड़ रुपये से अधिक के सरकारी अनुदान में कथित धोखाधड़ी के मामले में आरोपित महिला आर ऊषा को दिल्ली उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी है। न्यायालय ने 13 वर्षों तक आरोपित को गिरफ्तार न कर पाने पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणी की।

न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि देश की प्रमुख जांच एजेंसी को एक घोषित अपराधी को पकड़ने में 13 वर्ष लग जाना चिंताजनक है। न्यायालय ने टिप्पणी की कि इससे यह प्रतीत होता है कि एजेंसी को आरोपित की गिरफ्तारी में विशेष रुचि नहीं थी।

मामला वर्ष 2012 में दर्ज किया गया था और यह लगभग दो करोड़ रुपये के सरकारी अनुदान के वितरण में अनियमितताओं से संबंधित है। अभियोजन के अनुसार, आरोपित महिला ने अन्य सह-आरोपितों के साथ मिलकर धोखे से सरकारी अनुदान प्राप्त किया और धनराशि को अपने द्वारा संचालित एक गैर-सरकारी संगठन के बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया। आरोपपत्र दाखिल होने के काफी समय बाद वर्ष 2025 में उसे गिरफ्तार किया गया।

अदालत को बताया गया कि मामले में कुल 109 गवाह सूचीबद्ध हैं, जिनमें से 76 से पूछताछ पूरी हो चुकी है। सभी सह-आरोपितों को पूर्व में ही जमानत मिल चुकी है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपित लंबे समय तक फरार रही है और उसके भागने की आशंका बनी हुई है। हालांकि न्यायालय ने यह दलील अस्वीकार करते हुए कहा कि आरोपित का पति केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में निरीक्षक के पद पर कार्यरत है।

उत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
[illegible]

ई-निविदा सूचना
[illegible]

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
[illegible]

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
[illegible]

उत्तर मध्य रेलवे
ई-नीलामी सूचना
[illegible]

उत्तर रेलवे
[illegible]

# 16 साल बाद यमुना पार सजेगा भाई रणजीत सिंह ढडरियां वाले का दीवान



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाई रणजीत सिंह ढडरियां वाले 16 वर्ष बाद यमुना पार दीवान सजाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार सुखविंदर सिंह बब्बर, पूर्व निगम पार्षद सरदार गुरचरण सिंह राजू तथा अन्य प्रबंधकों ने बताया कि 6, 7 और 8 मार्च को रामलीला मैदान, गीता कॉलोनी में ह्लगुरु मानियो ग्रंथ चेतना समागमह्व का आयोजन किया जाएगा। 8 मार्च को अमृत संचार भी संपन्न होगा।

उन्होंने बताया कि यह दीवान अत्यंत अलौकिक होंगे, जिसके लिए तीन रंगों की विशेष रूपरेखा निर्धारित की गई है। संगत को इन रंगों की चुनरियां और दस्तारें भी प्रदान की जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बसों, गाड़ियों और कारों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है तथा पार्किंग स्थल से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए बैटरी चालित रिक्शा की व्यवस्था रहेगी।

उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु सेवा करना चाहते हैं, वे सेवा से जुड़ सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रातः और सायंकाल गुरु का लंगर निरंतर चलता रहेगा। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं तथा दिल्ली पुलिस का सहयोग लिया जा रहा है।

# पूर्वी दिल्ली में रिटायर्ड कर्मचारी के घर 30 लाख की चोरी

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

ईस्ट रोहतास नगर इलाके में बाइक सवार तीन चोरों ने महज छह मिनट में सेवानिवृत्त नगर निगम कर्मचारी के घर से लगभग 30 लाख रुपये की चोरी कर ली। चोर ताला तोड़कर घर में घुसे और पांच लाख रुपये नकद तथा करीब 25 लाख रुपये के सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

पीड़ित महावीर, जो पिछले वर्ष शाहदरा उत्तरी जोन से सफाई कर्मचारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, ने शाहदरा थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

शिकायत के अनुसार महावीर 28 फरवरी को अपने बेटे के पास राजनगर एक्सटेंशन गए थे। घर पर उनकी पत्नी अकेली थीं। उसी दिन शाम को वह एक रिश्तेदार के कार्यक्रम में शामिल होने गईं और रात वहीं रुक गईं। एक मार्च को लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अलमारी का सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर पांच लाख रुपये नकद और सोने के आभूषण गायब मिले।

# खालसा साजना दिवस पर पाकिस्तान जाने वाले जत्थे को स्वीकृति



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने खालसा साजना दिवस के अवसर पर भारतीय श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजने की अनुमति प्रदान कर दी है।

जारी बयान में कहा गया कि पिछली बार अभियान सिंदूर के कारण जत्था भेजने का विषय लंबित रह गया था। उस समय कमेटी ने गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर मामले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया था, जिसके उपरांत अनुमति प्रदान की गई थी। इस वर्ष भी कमेटी ने पूर्व में गृह मंत्री को पत्र लिखकर लगभग 3000 श्रद्धालुओं के जत्थे को खालसा साजना दिवस पर पाकिस्तान भेजने की स्वीकृति देने का आग्रह किया था। अब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने औपचारिक अनुमति जारी कर दी है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया।

कमेटी के अनुसार जत्था 10 अप्रैल को भारत से रवाना होगा। स्वीकृति के तहत शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा 1800 श्रद्धालु, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा 550 श्रद्धालु तथा हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी द्वारा 300 श्रद्धालु भेजे जाएंगे।

# अरविंद केजरीवाल ने विशेषाधिकार समिति को लिखा पत्र, होली के अगले दिन होंगे उपस्थित

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को पत्र लिखकर सूचित किया है कि वे समन के अनुसार 6 मार्च को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगे। यह मामला दिल्ली विधानसभा परिसर में कथित फांसी घर की मौजूदगी से जुड़े विवाद से संबंधित है, जिसमें पूर्व आआपा सरकार के दौरान उठाए गए दावों की प्रामाणिकता पर सवाल हैं। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उन्होंने समिति को पत्र भेज दिया है और पारदर्शिता के लिए कार्यवाही का सीधा प्रसारण करने की अपील की है। केजरीवाल ने पत्र में दिल्ली सरकार पर हमला करते हुए कहा कि शहर प्रदूषण से जूझ रहा है, सड़कें टूटी हुई हैं, हर जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

# सुमंगलम संस्था का होली मंगल मिलन समारोह संपन्न : पंकज शर्मा



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

सुमंगलम संस्था द्वारा आयोजित होली मंगल मिलन समारोह जे.पी. फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही और पूरे परिसर में रंग, उमंग तथा आपसी सद्भाव का वातावरण देखने को मिला।

संस्था पिछले चार वर्षों से रोहताश नगर के विधायक जितेन्द्र महाजन के संरक्षण में निरंतर कार्य कर रही है। सुमंगलम संस्था जरूरतमंद एवं स्वाभिमानी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रशिक्षण और सहयोग कार्यक्रम संचालित कर रही है, जिसकी अतिथियों ने सराहना की।

मुख्य अतिथियों में अवार्चीन पब्लिक स्कूल के संरक्षण एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक अरुण शर्मा, आरती अरोड़ा, अनुपम भटनागर तथा पंकज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संस्था के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

कार्यक्रम में होली के पारंपरिक गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आपसी मिलन ने वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म व वेश्यालय में बिक्री के आरोपी को जमानत से इंकार

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** नाबालिग का यौन शोषण करने के बाद उसे वेश्यालय में बेचने के आरोपित को जमानत देने से इनकार करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि इस तरके अपराध के समाज पर गंभीर असर होता है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि आरोपित के खिलाफ आरोप गंभीर हैं और रिकॉर्ड पर पेश की गई सामग्री से उसकी सीधी भूमिका का पता चला है। यह भी रिकॉर्ड पर आया है कि आरोपित ने पीड़िता को रहने की जगह और काम देने के बहाने उसका यौन शोषण किया था। इतना ही नहीं आरोपित ने उसे एक वेश्यालय के मालिक को बेचकर भी फायदा उठाया। अदालत ने कहा कि पीड़िता का बयान स्पष्ट है और आरोपित को निमयित जमानत नहीं दी जा सकती है। याचिका के अनुसार 12 जुलाई 2024 को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक 14 साल की नाबालिग लड़की को अजमेरी गेट के पास एक कोठे रखा गया है और उसका शारीरिक शोषण किया जा रहा है।

# राजधानी को सुंदर बनाना सामूहिक जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता

## सेंट्रल पार्क में चार दिवसीय पुष्प महोत्सव का सीएम रेखा गुप्ता ने किया शुभारंभ

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि चूँकि दिल्ली देश की राजधानी है, इसलिए इसे और अधिक सुंदर तथा आकर्षक बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह बात नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में आयोजित चार दिवसीय पुष्प महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर कही।

मुख्यमंत्री ने महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि एक समय था जब ट्यूलिप के फूल देखने के लिए दिल्लीवासियों को कश्मीर जाना पड़ता था, किंतु अब परिषद प्रतिवर्ष राजधानी में ही ट्यूलिप की बहार लेकर आती है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अब लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है और बड़ी संख्या में नागरिक यहाँ आकर रंग-बिरंगे फूलों के साथ चित्र लेते हैं।

उन्होंने कहा कि फाल्गुन मास में नई दिल्ली का वातावरण स्वाभाविक रूप से उत्सवमय रहता है और परिषद द्वारा सेंट्रल पार्क में चुने हुए पुष्पों की प्रदर्शनी इस उल्लास को और बढ़ा देती है। मुख्यमंत्री ने बागवानी विभाग के कर्मचारियों और मालियों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी अथक मेहनत से पूरा क्षेत्र रंगों और सुगंध से भर उठा है। उन्होंने अन्य विभागों से भी अपील की कि वे परिषद की पहल से प्रेरणा लें और राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र को हरित एवं पुष्पित बनाने की दिशा में कार्य करें।

इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि फाल्गुन मास में होली के आगमन के साथ नई दिल्ली को रंग-बिरंगे फूलों से सजाने की परिषद की परंपरा रही है। उन्होंने बताया कि बागवानी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप राजधानी को हरा-भरा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के दौरान नई दिल्ली की साज-सज्जा में बागवानी विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप परिषद ने राजधानी की सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण जागरूकता और उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने का प्रयास किया है।

# मादीपुर में भाजपा मंडल ने मनाया होली मंगल मिलन कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली के मादीपुर विधानसभा क्षेत्र के मादीपुर गांव की पक्की चौपाल में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय मंडल द्वारा होली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस रंगारंग समारोह में राजनीतिक और जनप्रतिनिधि नेतृत्व ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश गंगवाल रहे, जो मादीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं और स्थानीय निवासियों को होली की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि होली का पावन पर्व सभी के जीवन में प्रेम, सौहार्द और नए उत्साह के रंग भरता है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | (1) मंडल इंजीनियर – चतुर्थ नई दिल्ली के आधीन सेक्शन में डिजाइन मोड टैम्पिंग के लिए टैम्पिंग से पहले और बाद का सर्वेक्षण का प्रावधान। (निविदा संख्या 131–25–26–W–IV) |
| 2 | अनुमानित लागत | (1) Rs. 79,76,435.07 |
| 3 | धरोहर राशि | (1) Rs. 1,59,500.00 |
| 4 | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 10.03.2026 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 24.03.2026 को 15:00 बजे |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र स.: 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 131/25–26–डब्लू–4
दिनांक: 02.03.2026

721/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संपादकीय

# दुनिया को युद्ध नहीं , बल्कि संवाद की अधिक जरूरत

दुनिया को युद्ध नहीं , बल्कि संवाद और स्थिरता की राह तलाशनी होगी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब केवल राजनीति और सुरक्षा तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था और कमोडिटी बाजारों पर भी पड़ रहा है।

हाल के दिनों में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते टकराव ने निवेशकों में अनिश्चितता और डर का माहौल पैदा कर दिया है। इसका सबसे बड़ा फायदा पारंपरिक सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोना और चांदी को मिल रहा है, जिनकी कीमतें तेजी से ऊपर जा रही हैं। दरअसल, जब भी दुनिया में युद्ध या बड़े भू-राजनीतिक संकट की स्थिति बनती है, तो निवेशक शेयर बाजार या जोखिम भरे निवेश से पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख करते हैं।


सोना और चांदी को सदियों से सेफहेवन यानी सुरक्षित निवेश माना जाता रहा है। यही कारण है कि पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंका बढ़ते ही इन धातुओं की मांग में अचानक उछाल देखने को मिला है। वि शेषज्ञों का मानना है कि अगर ईरान-इजरायल संघर्ष लंबा खिंचता है या इसमें अन्य शक्तियां भी शामिल हो जा ती हैं, तो वैश्वि क बाजारों में अस्थिरता और बढ़ सकती है। इसका असर तेल की कीमतों के साथ-साथ सोना और चांदी पर भी पड़ेगा।

पश्चिम एशिया दुनिया के ऊर्जा आपूर्ति तंत्र का अहम केंद्र है, इसलिए यहां किसी भी तरह का युद्ध वैश्विक आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। भारत जैसे देशों में इस स्थिति का असर और अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। यहां सोना केवल निवेश का साधन ही नहीं बल्कि सामाजिक और सां स्कृति क परंपरा ओं का भी हिस्सा है। की मतों में लगातार बढ़ोतरी का सीधा असर आम उपभोक्ताओं और सर्राफा बाजार पर पड़ता है। शादी -ब्याह के मौसम में सोने की ऊंची कीमतें लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती हैं। यह स्थिति एक बार फिर इस सच्चाई को उजागर करती है कि वैश्विक राजनीति और युद्ध का असर केवल सी माओं तक सीमित नहीं रहता।

उसका प्रभाव दुनिया की अर्थव्यवस्था , बाजार और आम लोगों की जिंदगी तक पहुंचता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह जरूरी है कि वह तना व कम करने और कूटनीतिक समाधान की दिशा में गंभीर प्रयास करे। स्पष्ट है कि अगर पश्चि म एशि या में शांति स्थापित नहीं होती, तो सोना और चांदी की की मतों का यह उछा ल आने वा ले समय में और तेज हो सकता है। ऐसे में दुनि या को युद्ध नहीं , बल्कि संवाद और स्थिरता की राह तलाशनी होगी।

# भारतीय ज्ञान परम्परा में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान

(संजय गोस्वामी)



वैदिक काल (लगभग 1700-900 ई.पू.) से भारत में शिक्षा की शुरूआत मान सकते हैं। ह्यवैदिक शिक्षाह्न शब्द का प्रयोग इस अवधि में प्रयुक्त शिक्षण पद्धति के अर्थ में किया जाता है। एक व्यापक अर्थ में इस शब्द का प्रयोग उस शिक्षा पद्धति के लिए किया जाता है जो पूर्व वैदिक काल में प्रारंभ हुई और लगभग 550 ई. (गुप्त साम्राज्य के पतन तक) विकसित होती रही। इसे 'ब्राह्मण शिक्षा-पद्धति', 'शिक्षा की हिंदू प्रणाली' और शिक्षा की 'गुरुकुल प्रणाली' भी कहा जाता है। भारतवर्ष मैं रहने वाली सर्वप्रथम जाति आर्य थी और वैदिक संस्कृति आर्यों की अपनी संस्कृति थी` वैदिक-संस्कृति सत्य, सनातन है और वेद को अनादि अथवा ईश्वरीय माना गया है, क्योंकि मनुष्य और उसकी सभ्यता के बारे में सबसे प्राचीन इतिहास भी इसी संस्कृति की देन है` जिसमें ऋषियों द्वारा मानव समाज को व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिये मर्यादित आचरण की व्यवस्था दी गयी। वैदिक शिक्षा-प्रणाली की खास विशेषता थी गुरुकुल [ शाब्दिक अर्थ शिक्षक का घर ] की प्रणाली। छात्रों को शिक्षा के पूरे काल के लिए शिक्षक और उनके परिवार के साथ रहना आवश्यक था। कुछ गुरुकुल एकांत वन-क्षेत्रों में होते थे, लेकिन सिद्धांत एक ही था विद्यार्थियों को गुरु (शिक्षक) / गुरु और उनके परिवार के साथ रहना होता था। यह प्रणाली लगभग 2500 वर्षों तक यथावत चलती रही। पाठशालाओं तथा शिक्षण संस्थाओं का विकास बहुत बाद में हुआ

शिक्षा के उद्देश्य का पहला उल्लेख ऋग्वेद के 10 वें मंडल में पाया जाता है। इस मंडल के एक सूक्त में कहा गया है कि विद्या का उद्देश्य वेदों तथा कर्मकांड के ज्ञान के अतिरिक्त समाज में सम्मान प्राप्त करना, सभा-समिति में बोलने में सक्षम होना, उचित-अनुचित का बोध आदि है। इससे प्रतीत होता है की पूर्व वैदिक युग में शिक्षा के उद्देश्य व्यावहारिक थे। बाद में, उपनिषद काल में, ज्ञान का उद्देश्य अधिक सूक्ष्म हो गया। विद्या को दो भागों में बांटा गया झ परा विद्या और अपरा विद्या। अपरा विद्या में प्रायः समस्त पुस्तकीय तथा व्यावहारिक ज्ञान आ गया। केवल ब्रह्म विद्या को परा विद्या माना गया। परा विद्या श्रेष्ठ मानी गई क्योंकि उससे मोक्ष प्राप्त होता है। मोक्ष शिक्षा का अंतिम उद्देश्य हो गया। लेकिन यह लक्ष्य आदर्श ही रहा होगा, न की व्यावहारिक, क्योंकि मोक्ष सभी के लिए साध्य नहीं हो सकता। इतिहासकार ए.एस.अल्तेकर ने वैदिक शिक्षा के व्यावहारिक उद्देश्य बताये हैं जो निम्नलिखित हैं।

1) चरित्र निमार्णः

सत्यवादिता , संयम , व्यक्तिगत शील , सफाई , शांत स्वभाव और उदारता आदि अच्छे चरित्र के गुण किसी भी पेशे झ पुरोहित , शिक्षक , चिकित्सक , राजसेवक, व्यापारी या सैनिक - के लिए बुनियादी आवश्यकता के रूप में प्राचीन ग्रंथों में निर्धारित किये गए हैं। शिक्षा का उद्देश्य इन गुणों का विकास करना था। मनुस्मृति में कहा गया है कि निर्मल चरित्र का ब्राह्मण सभी वेदों का ज्ञान रखने वाले दुश्चरित्र ब्राह्मण से अच्छा होता है। शिक्षा आरम्भ करने के पूर्व उपनयन संस्कार होता था जिसमें भावी विद्यार्थी को नैतिक आचरण के नियमों का पालन करने का उपदेश दिया जाता था। इसी तरह शिक्षा के समापन पर भी गुरु उपदेश देता था।

उदाहरण के लिए तैत्तिरीय उपनिषद से दीक्षांत भाषण एक अंश उद्धत है :

सच बोलो, धर्म का आचरण करो, वेदों का प्रतिदिन अभ्यास करो, माता पिता को देवतुल्य समझो, गुरु को देवतुल्य समझो। अतिथि को देवतुल्य समझो।

2) व्यक्तित्व का विकासः

प्रत्येक शिक्षार्थी को आत्मनिर्भरता , आत्म - संयम और जीवन में वर्ण और आश्रम के अनुरूप आचरण करने का कौशल सिखाया जाता था। विद्यार्थी भिक्षा मांगकर और शारीरिक श्रम करके अपना और गुरु के परिवार का भरण-पोषण करते थे। इससे आत्म-निर्भरता उत्पन्न होती थी। संयम विद्यार्थी-जीवन ही नहीं समस्त जीवन का अनिवार्य अंग था और शिक्षा जीवन में इस पर बहुत बल दिया जाता था। अपने वर्ण से सम्बंधित कार्य कुशल ढंग से कर पाने की सामर्थ्य शिक्षा द्वारा दी जाती थी। साथ ही यह भी सिखाया जाता था कि विभिन्न आश्रमों [गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास] में किस तरह आचरण करना होगा। अथर्ववेद के ब्रह्मचर्य सूक्त में कहा गया है की गुरु, शिक्षार्थी को दुबारा जन्म देता है, अर्थात उसका मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक कायाकल्प कर देता है।

3) कार्य-क्षमता और नागरिक जिम्मेदारी का विकासः


शिक्षा को गृहस्थ जीवन की भूमिका माना जाता था। गृहस्थ के अतिरिक्त सभी अन्य आश्रमों वाले व्यक्ति अपनी भौतिक आवश्यकताओं के लिए गृहस्थ पर निर्भर होते थे। इस तरह गृहस्थ न केवल अपने परिवार बल्कि अन्य वर्णों का भी पालन करता था। गुरु शिक्षार्थी को समाज में अपनी यह भूमिका निभाने में सक्षम बनाता था। इसके अतिरिक्त समाज को चलाने के लिए आवश्यक राजसेवक, न्यायाधीश, व्यापारी, पुरोहित तथा अन्य कुशल व्यक्ति गुरुकुलों द्वारा ही तैयार किये जाते थे।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# कहने में कम, करने में आगे: रणबीर सिंह गंगवा

**जो गांव से चला, गांव के लिए जिया — जनता का नेता, जमीन से जुड़ा व्यक्तित्व, गांव, किसान और गरीब की सच्ची आवाज रणबीर सिंह गंगवा हरियाणा की राजनीति में एक ऐसे नेता हैं, जिनकी पहचान शोर से नहीं, काम से बनी है। गांव की मिट्टी से उठकर उन्होंने जनसेवा को अपना मूल मंत्र बनाया। जिला परिषद से लेकर कैबिनेट मंत्री तक का उनका सफर निरंतर संघर्ष, संगठनात्मक निष्ठा और जनविश्वास की कहानी है। लोक निर्माण विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री के रूप में उनका फोकस साफ है—बेहतर सड़कें, स्वच्छ पेयजल और पारदर्शी व्यवस्था। वे मानते हैं कि मजबूत गांव ही मजबूत हरियाणा की नींव हैं। इसी सोच के साथ वे सड़कों के विस्तार, जलापूर्ति और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दे रहे हैं। सादगी, स्वच्छ छवि और जमीनी जुड़ाव उनकी सबसे बड़ी ताकत है। पिछड़े वर्गों, किसानों और गरीबों की आवाज बनकर रणबीर गंगवा ने साबित किया है कि राजनीति अगर ईमानदारी और सेवा भाव से की जाए, तो बदलाव जमीनी स्तर पर दिखता है।**

(डॉ. प्रियंका सौरभ)




रणबीर सिंह गंगवा हरियाणा की राजनीति में उन चुनिंदा नेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने ग्रामीण पृष्ठभूमि से उठकर निरंतर संघर्ष, संगठनात्मक निष्ठा और जनसेवा के बल पर कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय किया। वे आज हरियाणा सरकार में लोक निर्माण विभाग तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री हैं और नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका जीवन पिछड़े वर्गों, किसानों और ग्रामीण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

रणबीर सिंह गंगवा का जन्म 4 मार्च 1964 को हरियाणा के हिसार जिले के गंगवा गांव में कुम्हार (प्रजापति) परिवार में हुआ। उनके पिता राजाराम और माता केसर देवी साधारण ग्रामीण जीवन से जुड़े थे। सीमित संसाधनों के बीच पले-बढ़े गंगवा ने उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की और प्रारंभ से ही सामाजिक कार्यों में रुचि दिखाई। ग्रामीण परिवेश में रहते हुए उन्होंने किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों की समस्याओं को नजदीक से समझा, जिसने आगे चलकर उनकी राजनीति की दिशा तय की।

उनका पहला औपचारिक चुनाव जिला परिषद का था। वर्ष 2000 में उन्होंने हिसार जिला परिषद का चुनाव लड़ा, जहां उन्हें प्रारंभिक पराजय का सामना करना पड़ा। लेकिन इस हार ने उन्हें और मजबूत बनाया। 2005 में वे दोबारा चुनाव जीतकर जिला परिषद सदस्य बने और बाद में उपाध्यक्ष पद तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण सड़कों, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। यही कालखंड उनके राजनीतिक जीवन की मजबूत नींव बना।

2009 में उन्होंने नलवा विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में उन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संपत सिंह से हार का सामना करना पड़ा, किंतु उनका राजनीतिक प्रभाव बना रहा। 2010 में उन्हें इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से राज्यसभा भेजा गया। राज्यसभा सदस्य के रूप में उन्होंने हरियाणा के ग्रामीण और पिछड़े वर्गों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया और अपनी सक्रियता से पहचान बनाई।

2014 में वे नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। इस चुनाव में उन्होंने संपत सिंह और पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन जैसे दिग्गज नेताओं को पराजित किया। विधायक के रूप में उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखा।

2019 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा और नलवा से पुनः जीत दर्ज की। विधानसभा में उन्हें उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) की जिम्मेदारी सौंपी गई, जहां उन्होंने सदन की कार्यवाही को सुचारू और मर्यादित ढंग से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें बरवाला विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। यह राजनीतिक रूप से एक नई चुनौती थी, लेकिन रणबीर गंगवा ने इसे अवसर में बदल दिया। उन्होंने बरवाला से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर पहली बार वहां भाजपा को विजय दिलाई। इसी जीत के बाद उन्हें नायब सैनी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया गया। लगभग 34 वर्षों के राजनीतिक संघर्ष का यह महत्वपूर्ण पड़ाव था।

कैबिनेट मंत्री बनने के बाद रणबीर गंगवा को लोक निर्माण विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य विभाग को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। हरियाणा में लगभग 30,664 किलोमीटर लंबी सड़कों का नेटवर्क पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आता है। वर्ष 2025-26 के लिए 6,500 किलोमीटर सड़कों की नई कार्पेटिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गुणवत्ता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निगरानी प्रणाली लागू की गई है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत उनका फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, पाइपलाइन विस्तार और जल संरक्षण योजनाओं पर है। हरियाणा स्वर्ण जयंती महाग्राम योजना के माध्यम से गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। उनका मानना है कि मजबूत गांव ही मजबूत हरियाणा की नींव हैं।

रणबीर गंगवा को पिछड़े वर्गों का सशक्त प्रतिनिधि माना जाता है। प्रजापति समाज में उनकी विशेष पकड़ है और वे ओबीसी समुदाय की आवाज उठाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी सादगी और सहजता उन्हें आम जनता के बीच लोकप्रिय बनाती है।

उनकी राजनीति की एक बड़ी विशेषता उनकी स्वच्छ छवि है। 34 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। उनकी घोषित संपत्ति और देनदारियां चुनावी हलफनामों में पारदर्शी रूप से दर्ज हैं, जो उनकी ईमानदारी और जवाबदेही को दर्शाती हैं।

रणबीर सिंह गंगवा का जीवन यह संदेश देता है कि निरंतर परिश्रम, जमीनी जुड़ाव और जनसेवा के प्रति समर्पण से व्यक्ति ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। जिला परिषद से लेकर कैबिनेट मंत्री तक का उनका सफर संघर्ष और दृढ़ इच्छाशक्ति की प्रेरक कहानी है। आज वे हरियाणा की राजनीति में एक सक्रिय, जमीनी और विकासोन्मुखी नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं और उनके नेतृत्व में प्रदेश का बुनियादी ढांचा नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

यह लेखिका के निजी विचार हैं।

# सुरक्षित भारत की दिशा में हो गंभीर आत्ममंथन

(सुरेश सिंह बैस शाश्वत)




राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि देश की कार्यसंस्कृति और नागरिक जिम्मेदारी की परीक्षा है। इसकी स्थापना 1972 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा की गई थी। उद्देश्य स्पष्ट था, औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाना, कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना और नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना। परंतु पाँच दशकों से अधिक समय बाद भी प्रश्न यह है,क्या हमने सुरक्षा को संस्कृति का हिस्सा बनाया है, या यह अब भी केवल एक सप्ताह का अभियान भर है?

भारत विश्व की तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। निर्माण, खनन, ऊर्जा, परिवहन और अवसंरचना क्षेत्रों में व्यापक विस्तार हुआ है। लेकिन इस विकास के साथ दुर्घटनाओं की घटनाएँ भी सामने आती रही हैं।कारखानों में आग, गैस रिसाव, भवन निर्माण स्थलों पर हादसे ये केवल समाचार शीर्षक नहीं, बल्कि मानवीय त्रासदी के उदाहरण हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश दुर्घटनाएँ रोकी जा सकती हैं, यदि नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण हो,उपकरणों का रखरखाव समय पर हो,जोखिम मूल्यांकन और आपदा प्रबंधन योजना लागू हो, और सबसे महत्वपूर्ण प्रबंधन की स्पष्ट प्रतिबद्धता हो। जब सुरक्षा को 'खर्च' समझा जाता है, तब दुर्घटना की कीमत कई गुना अधिक चुकानी पड़ती है।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की प्रासंगिकता केवल औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। भारत में हर वर्ष लाखों सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं। तेज रफ्तार, लापरवाही, नशे में वाहन चलाना, और यातायात नियमों की अनदेखी ये प्रमुख कारण हैं। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे साधारण सुरक्षा उपाय आज भी सार्वभौमिक रूप से अपनाए नहीं गए हैं।यह स्पष्ट संकेत है कि कानून पर्याप्त नहीं बल्कि सुरक्षा के प्रति व्यक्तिगत चेतना भी आवश्यक है।

भारत की बड़ी आबादी असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं निर्माण मजदूर, खेतिहर श्रमिक, छोटे कारखाने के कर्मचारी। इन क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों का अनुपालन अक्सर कमजोर रहता है। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण की कमी, प्रशिक्षण का अभाव और श्रमिकों की असुरक्षित परिस्थितियाँ गंभीर चिंता का विषय हैं।यदि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का संदेश अंतिम पंक्ति के श्रमिक तक नहीं पहुँचे, तो इसकी सार्थकता अधूरी रह जाती है।

सुरक्षा केवल औद्योगिक या सड़क तक सीमित नहीं है। घरेलू गैस और विद्युत उपकरणों का सुरक्षित उपयोग। अग्नि सुरक्षा उपाय भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं के लिए तैयारी, सार्वजनिक स्थलों पर आपातकालीन निकास की व्यवस्था इन सभी पहलुओं में जागरूकता और अभ्यास की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण तभी प्रभावी होंगे, जब वे नियमित अभ्यास का हिस्सा बनें।

तकनीक और सुरक्षा डिजिटल युग में सुरक्षा का दायरा साइबर सुरक्षा तक भी फैल चुका है। डेटा चोरी, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल धोखाधड़ी आम हो चुकी हैं।

इस संदर्भ में सुरक्षा केवल भौतिक नहीं, बल्कि डिजिटल सतर्कता भी है। स्मार्ट निगरानी प्रणाली, सेंसर आधारित चेतावनी तंत्र, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जोखिम विश्लेषण ये सभी आधुनिक तकनीकें सुरक्षा को नई दिशा दे सकती हैं।

किसी भी संगठन में सुरक्षा संस्कृति शीर्ष नेतृत्व से शुरू होती है। यदि प्रबंधन स्वयं सुरक्षा मानकों का पालन करे और उसे प्राथमिकता दे, तो कर्मचारी भी उसे गंभीरता से लेते हैं। सुरक्षा ऑडिट, पारदर्शी रिपोर्टिंग और दुर्घटनाओं से सीखने की प्रणाली ये संगठनात्मक मजबूती के संकेत हैं। सुरक्षा को 'अनुपालन' से आगे बढ़ाकर 'आदत' बनाना होगा।

सुरक्षा पहले, सदैव राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम विकास की दौड़ में मानव जीवन की कीमत को कमतर आँक रहे हैं? सुरक्षा कोई बाधा नहीं, बल्कि स्थायी प्रगति की आधारशिला है।जब तक प्रत्येक नागरिक, संस्थान और नीति-निमार्ता यह स्वीकार नहीं करेंगे कि सुरक्षा साझा जिम्मेदारी है, तब तक दुर्घटनाएँ कम नहीं होंगी। सुरक्षित भारत का सपना केवल नारों से नहीं, बल्कि दैनिक व्यवहार में सावधानी, अनुशासन और संवेदनशीलता से साकार होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का संदेश स्पष्ट है -

'सुरक्षा पहले' केवल स्लोगन नहीं, जीवन का सिद्धांत बने।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# होली का आध्यात्मिक पहलू

(संत राजिन्दर सिंह महाराज)





फागुन के मास में हर तरफ फूल खिलते हैं तथा चारों ओर रंग-बिरंगी बहार होती है। होली का त्यौहार इसी फागुन मास में बड़े हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें लोग एक-दूसरे से गले लगकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। जिस प्रकार होली के त्यौहार का एक बाहरी पहलू है जिसमें कि एक दिन होलिका जलाई जाती है तथा अगले दिन एक-दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर इस त्यौहार को पारंपरिक रूप से मनाया जाता है लेकिन उसका एक रूहानी पहलू भी है।

दुनिया में हमेशा एक दौर चलता रहता है जिसमें सच और झूठ की लड़ाई होती रहती है। सच को दबाने के लिए झूठ बड़ी कोशिश करता है कि वह किसी न किसी तरह से छुप जाए, मगर सच एक ऐसी चीज है जो कभी भी छुप नहीं सकता क्योंकि पिता-परमेश्वर सृष्टि के शुरूआत में सच थे, आज भी सच हैं और सृष्टि के अंत तक भी सच रहेगें। होली का दिन इस बात का प्रतीक है कि आखिर में सच की विजय और झूठ की हमेशा हार होती है।

पूर्ण संतों के अनुसार होली जलाने का आध्यात्मिक महत्त्व यह है कि हम अपने अंदर की बुराईयों को जलाकर सदाचारी जीवन व्यतीत करें तथा जिस प्रकार हम बाहर एक-दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर इस त्यौहार को मनाते हैं, उसी प्रकार हम पूर्ण गुरु की सहायता से ध्यान-अभ्यास द्वारा अपने अंतर में प्रभु के विभिन्न रंगों को देखकर सच्ची होली अपने अंतर में खेंले।

इस त्यौहार का एक अन्य पहलू एक दूसरे पर रंग लगाना भी है। होली पर लोग सफेद कपडे. पहनते है जिसका एक आध्यात्मिक पहलू भी है। सफेद रंग में अन्य सभी रंग शामिल है। इसी तरह पिता-परमेश्वर हम सबके भीतर हैं। जिस प्रकार सफेद रंग सभी रंगों का स्रोत है उसी प्रकार पिता-परमेश्वर सारी सृष्टि के स्रोत हैं।

जिस प्रकार होली में विभिन्न रंग हमारे कपड़ों पर बहुरंगी आकृति बनाते हैं और हम उन आकृतियों को बदलने की कोशिश नहीं करते, उसी प्रकार हमें अपने जीवन में एक-दूसरे को प्रेमपूर्वक स्वीकार करना चाहिए। अगर हम एक देश या समुदाय के सदस्य हैं तो हमें दूसरों को उसी तरह स्वीकार करना चाहिए जिस तरह पिता-परमेश्वर सभी को स्वीकार करते हैं।

आओ होली के इस त्यौहार पर हम सब अपने अंदर फैली सभी बुराइयों को जलाकर व एक-दूसरे पर प्रेम व भाईचारे का रंग डालते हुए मनुष्य जीवन के मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करें।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

## पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दून पुलिस ने चलाया सघन सर्च अभियान

**देहरादून, (वेब वार्ता)।**



देहरादून स्थित पासपोर्ट कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन सर्च अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार सोमवार को अज्ञात व्यक्ति द्वारा ई-मेल भेजकर पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी दी गई।

सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून के निर्देश पर उच्चाधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और सर्च अभियान की कमान संभाली। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने पासपोर्ट कार्यालय परिसर को खाली कराते हुए बम डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीएस) और डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाया। टीमों ने पूरे परिसर की सघन जांच की। चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और धमकी भरा ई-मेल भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# ट्रंचिंग ग्राउंड को लेकर 75 वें दिन भी जारी रहा धरना

**उत्तरकाशी, (वेब वार्ता)।**



नगरपालिका बाराहाट उत्तरकाशी के तांबाखानी सुरंग के पास कूड़ा निस्तारण और ट्रंचिंग ग्राउंड निर्माण की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ सिंह रावत के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 75 वें दिन भी जारी रहा।

उनका आरोप है कि ढाई महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद न तो ट्रंचिंग ग्राउंड का निर्माण पूरा हो पाया है और न ही कूड़े के ढेर हटाए जा सके हैं, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। आरोप है कि जब तक कूड़ा प्रोसेसिंग (मैन्युफैक्चरिंग) ग्राउंड का निर्माण नहीं होगा, तब तक समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कार्य में देरी और अनियमितताओं से भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ती जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ सिंह रावत ने कहा कि कूड़ा प्रबंधन के नाम पर बजट खर्च दिखाया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नजर नहीं आ रहा।

उन्होंने कूड़ा प्रबंधन में संभावित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गंदगी के कारण स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो रहा है और प्रशासन की निर्षक्रयता जनता के साथ अन्याय है।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरा

**नैनीताल, (वेब वार्ता)।**



भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बुधवार 5 फरवरी से उत्तराखंड के जनपद नैनीताल व आसपास के क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे।

प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार वे 5 मार्च को प्रातः 11 बजे 12 जनपथ, नई दिल्ली से प्रस्थान कर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचेंगे और वहां से विमान द्वारा पंतनगर आएंगे। दोपहर में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचकर भोजन के उपरांत वहां से कार से काठगोदाम सर्किट हाउस पहुचेंगे, और वहां संक्षिप्त विश्राम के उपरांत अपराह्न तीन बजे भीमताल के लिए प्रस्थान करेंगे। उनका रात्रि विश्राम भीमताल में ही रहेगा।

आगे 6 मार्च को वे भीमताल से प्रस्थान कर मल्ला रामगढ़ में संक्षिप्त प्रवास के बाद ग्राम सतखोल स्थित श्री राम चंद्र मिशन हिमालयन आश्रम पहुंचेंगे। यहां 6 और 7 मार्च को उनका रात्रि विश्राम निर्धारित है। 8 मार्च को प्रातः सतखोल से प्रस्थान कर वे भीमताल और काठगोदाम में संक्षिप्त ठहराव के बाद पुनः जीबी पंत विश्वविद्यालय पहुंचेंगे और वहां से दोपहर में पंतनगर हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान कर विमान द्वारा दिल्ली लौटेंगे।

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को दी होली की शुभकामनाएं

**देहरादून, (वेब वार्ता)।**





उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली के पावन पर्व पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में कहा है कि यह पर्व समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करता है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि रंगों का त्योहार होली हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग आपसी मतभेदों और कटुता को भुलाकर प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ावा दें तथा सुरक्षित एवं संयमित ढंग से होली का उत्सव मनाएं।

राज्यपाल ने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख,समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि होली रंग और उल्लास का त्योहार होने के साथ ही हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक समरसता और एकता की भावना को सुदृढ़ बनाता है।

## सीएम का स्वागत करने से रोकने पर भड़के राज्यमंत्री

**हरिद्वार, (वेब वार्ता)।** गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को परखने के लिए सीएम धामी आज हरिद्वार पहुंचे। गुरुकुल हेलीपैड पर मुख्यमंत्री धामी के पहुंचने से पहले दजार्धारी मंत्रियों और भाजपा पदाधिकारियों के बीच पुलिस का विवाद हो गया। सुरक्षा घेरे में जाने से रोके जाने पर भाजपा के कई पदाधिकारी नाराज हो गए।

विवाद बढ़ता देख कुछ अधिकारियों ने बीच बचाव कराकर मामला शांत कराया, लेकिन दजार्धारी और भाजपा पदाधिकारियों ने हेलीपैड पर ही मुख्यमंत्री से शिकायत कर दी। मामले से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# मोरी पुलिस ने चरस के साथ एक युवक किया गिरफ्तार

**उत्तरकाशी, (वेब वार्ता)।**



पुरोला पुलिस ने होली के दौरान अवैध चरस तस्कर को दबोचकर एक किलो से अधिक चरस बरामद किया है।

सोमवार रात्रि को थानाध्यक्ष मोरी, दीपक रावत के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने चैकिंग के दौरान स्थान मोरी, बागी मौताड बैंड के पास आयुष ठाकुर पुत्र नारायण सिंह निवासी मेहूँवाला, विकासनगर देहरादून उम्र 22 वर्ष नाम के युवक को वाहन स्विफ्ट डिजायर से अवैध चरस की तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया, युवक के कब्जे से 1 किलो 348 ग्राम चरस बरामद की गयी है। जिसकी कीमत करीब 2.70 लाख रु0 आंकी गई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर युवक के विरुद्ध थाना मोरी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

आरोपित ने बताया कि होली के त्योहार के दौरान नशीले पदार्थों की खपत को देखते हुये वह चरस को देहरादून क्षेत्र में बेचने की फिराक में था। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी महोदया द्वारा टीम को 25 सौ रुपये का नकद पारितोषिक देने की घोषणा की है।

## होली से पहले चकराता रोड पर बवाल

**देहरादून, (वेब वार्ता)।** चकराता रोड पर युवक मोबाइल मार्ट में अपने दोस्त अक्षय के साथ था। इसी दौरान दूसरा युवक आया तो वहां पानी के गुब्बारे फेंकने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। होली के चलते पानी के गुब्बारे फेंकने को लेकर शहर में विवाद का मामला सामने आया है। चकराता रोड पर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। इस दौरान तोड़फोड़ भी हुई। मामले में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस के अनुसार बीते दिन चकराता रोड पर दीपक पुत्र जगमेर सिंह अपने दोस्त अक्षय के साथ था।

## होली पर नैनीताल पुलिस अलर्ट सख्त कार्रवाई की चेतावनी



**नैनीताल, (वेब वार्ता)।**

होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाने के लिए नैनीताल जनपद की पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक डॉ. जगदीश चंद्र ने जनपदवासियों से सौहार्दपूर्वक होली मनाने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर गश्त, संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग, मारपीट और जबरन रंग लगाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

## लोनिवि संविदा कर्मी की दुर्घटना में मौत

**हरिद्वार, (वेब वार्ता)।** कनखल थाना क्षेत्र स्थित आयरिश पुल पर सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में लोक निर्माण विभाग के संविदा कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान गौरव बडोनी निवासी शिवालिक नगर, एस क्लस्टर, रानीपुर थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरव बडोनी वर्तमान में पौड़ी गढ़वाल जनपद में लोक निर्माण विभाग में संविदा कर्मी के तौर पर कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि वह किसी कार्य से हरिद्वार आए हुए थे। देर रात जब वह आयरिश पुल के पास से गुजर रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# पुलिस ने खोये हुए अठारह मोबाइल बरामद कर लौटाए

**हरिद्वार, (वेब वार्ता)।**



उत्तराखंड पुलिस के ऑपरेशन रिकवरी अभियान के तहत कोतवाली लक्सर पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए सीईआईआर पोर्टल की मदद से 18 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल की कुल कीमत लगभग 3,03,562 आंकी गई है। सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द कर दिए गए।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस टीम ने आधुनिक तकनीक और तकनीकी सर्विलांस की सहायता से न केवल उत्तराखंड, बल्कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए। सूचना मिलने पर कई राज्यों से मोबाइल स्वामी कोतवाली लक्सर पहुंचे और अपने फोन वापस पाकर खुशी जताई।

कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए आधुनिक तकनीक के माध्यम से खोए हुए मोबाइल फोन ट्रेस कर उन्हें वास्तविक मालिकों तक पहुंचाया जा रहा है।

## किन्नर समाज ने मनाई होली, स्वच्छता और नशा मुक्ति का दिया संदेश

**हरिद्वार, (वेब वार्ता)।**

चारों ओर रंग गुलाल व पिचकारियों की बौछार के बीच धर्मनगरी हरिद्वार में इस बार होली का एक अलग ही रंग देखने को मिला। होली के हुड़दंग से दूर दूसरी ओर नई उड़ान फाउंडेशन ने होली को सामाजिक समरसता, स्वच्छता और नशा मुक्ति के संदेश के साथ मनाकर एक मिसाल पेश की। फाउंडेशन की ओर से किन्नर समाज के साथ होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया।

हरिद्वार नगर निगम की स्वच्छता की ब्रांड एंबेसडर सोनिया बुआ को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। शहर के निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में फूलों और सूक्ष्म गुलाल से होली खेली गई, ताकि त्योहार का आनंद पर्यावरण के अनुकूल तरीके से लिया जा सके।

कार्यक्रम में फाउंडेशन की महिलाओं ने किन्नर समाज के सदस्यों को सम्मानित किया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के अनुभव साझा किए और समाज में समानता, स्वीकार्यता और आपसी प्रेम को मजबूत करने की बात कही। होली मिलन कार्यक्रम के बाद किन्नर समाज और फाउंडेशन से जुड़ी महिलाएं रानीपुर मोड़ और आसपास के बाजारों में पहुंचीं। वहां उन्होंने दुकानदारों और राहगीरों को जूट के बैग वितरित किए और पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। लोगों ने भी पॉलिथीन का कम इस्तेमाल करने का संकल्प लिया।

## होली मिलन कार्यक्रमों की रही धूम

**पौड़ी गढ़वाल, (वेब वार्ता)।** होली पर्व को लेकर मंगलवार को भी होली मिलन कार्यक्रमों की धूम रही। मंडल मुख्यायल से लेकर ग्रामीण इलाकों तक होली मिलन कार्यक्रमों में लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने ग्राम कपरोली, जल्लू, नैनी में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामीणों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान गोदियाल ने जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान को लेकर सार्थक चर्चा की। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत ने कार्यकताओं के साथ होली मिलन कार्यक्रम मनाया।

# ढोल की थाप और रंगों से सजी दौला की ऐतिहासिक होली

**पिथौरागढ़, (वेब वार्ता)।**



जनपद मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम दौला की ऐतिहासिक होली इन दिनों हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। यहां होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि ढोल की थाप, राग-रस और लोक संस्कृति का जीवंत संगम है। होली का शुभारंभ ग्राम स्थित चटकेशर महादेव मंदिर में टीका लगाकर किया जाता है व समापन भी यहीं पर होता है।

इस दौरान होल्यार पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-दमाऊ की मधुर थाप पर खड़ी होली का गायन करते हुए विभिन्न स्थानों–दौला, देवलाल गांव, मरखोलीगांव, देवतोला, रई, सिल्थाम, गांधी चौक, पुरानी बाजार स्थित सीर स्थल एवं जिलाधिकारी निवास–तक पहुंचते हैं।

सरकारी निवास पर जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने होल्यारों का पारंपरिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने जिलाधिकारी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जिलाधिकारी ने भी सभी को रंग लगाकर आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि विगत लगभग 50 वर्षों से ग्राम दौला की होली परंपरागत रूप से जिलाधिकारी निवास पहुंचती रही है, जो इस ऐतिहासिक पर्व की विशिष्ट पहचान बन चुकी है।

## टिहरी झील महोत्सव के लिए विशेष रूट चार्ट जारी

**टिहरी गढ़वाल, (वेब वार्ता)।** जनपद में 6 से 9 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले टिहरी झील महोत्सव 2026 के मद्देनजर जिला प्रशासन ने विशेष रूट चार्ट जारी किया है। प्रशासन का उद्देश्य महोत्सव के दौरान पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों के आवागमन को सुगम एवं व्यवस्थित बनाना है। जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल के जारी रूट चार्ट में विभिन्न मार्गों का निर्धारण किया गया है। इसके अंतर्गत बसों की संख्या, वाहनों की उपलब्धता के केंद्र बिंदु, संबंधित संपर्क कार्मिकों तथा नोडल अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर सहित विस्तृत विवरण शामिल किया गया है, ताकि आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

# निजी अस्पतालों का भुगतान न होने से मरीजों को इलाज में हो रही परेशानी

**देहरादून, (वेब वार्ता)।**



एआईसीसी सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के प्रमुख निजी अस्पतालों का विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत अरबों रुपये का भुगतान लंबित रखा गया है, जिससे अस्पताल आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं और मरीजों को उपचार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेता धस्माना ने कहा कि हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट, महंत इंद्रेश अस्पताल देहरादून तथा ग्राफिक एरा अस्पताल सेलाकुई का विभिन्न योजनाओं के तहत भारी भुगतान सरकार पर बकाया है।

भुगतान न होने के कारण ये अस्पताल आयुष्मान कार्ड, गोल्डन कार्ड, ईएसआईसी एवं एसजीएचएस कार्डधारक मरीजों के उपचार में अनिच्छा दिखा रहे हैं, जिससे लाभार्थी मरीजों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अकेले महंत इंद्रेश अस्पताल का ही राज्य सरकार पर 100 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान लंबित है, जिसमें आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 44 करोड़ रुपये से अधिक की राशि शामिल है।

उन्होंने कहा कि यह देश की प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं में से एक है, लेकिन भुगतान में देरी से इसका लाभ आम जनता को पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रहा है। धस्माना ने कहा कि इन अस्पतालों में सामान्य मरीजों के साथ-साथ सीएचसी, पीएचसी और जिला अस्पतालों से रेफर किए गए गंभीर रोगियों का उपचार होता है।

# अमित शाह के दौरे को लेकर तैयारियों पर चर्चा

**हरिद्वार, (वेब वार्ता)।**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 7 मार्च को हरिद्वार दौरे की तैयारी को लेकर बैठक की गई। महेंद्र भट्ट ने बताया कि 7 मार्च को गृह मंत्री प्रदेश सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश सरकार के द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यों पर मोहर लगाने के लिए हरिद्वार पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार ने 4 वर्ष में अनेकों ऐसे कार्य किए हैं। जिससे उत्तराखंड राज्य का नाम भारत के प्रमुख राज्यों में शामिल हुआ है और उत्तराखंड राज्य प्रगति की ओर अग्रसर है। उत्तराखंड 2047 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में अपना महती योगदान दे रहा है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह का हरिद्वार दौरा बहुत ही ऐतिहासिक होने वाला है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से इस दौरे के लिए बूथ स्तर तक जनसंपर्क करने का आह्वान किया।

पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत व कार्यक्रम के संयोजक और प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने सभी विधायकों और पूर्व विधायकों, जिला अध्यक्षों से चर्चा करते हुए अनुरोध किया कि केंदीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के लिए जनसंपर्क अभियान तेज करें।

## स्वास्थ्य मंत्री ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**पौड़ी गढ़वाल, (वेब वार्ता)।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने 254.41 लाख रुपये की लागत से ढौर-सकन्याणा तल्ला मोटर मार्ग के डामरीकरण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। तत्पश्चात उन्होंने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंत्री ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की आवश्यकता रही है। मार्ग के डामरीकरण से ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क सुविधा से गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और विकास की प्रक्रिया को नयी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हित में निरंतर कार्य कर रही है।

# केन्द्रीय गृहमंत्री के हरिद्वार कार्यक्रम स्थल का मुख्यमंत्री धामी ने किया निरीक्षण

**हरिद्वार, (वेब वार्ता)।**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हरिद्वार स्थित बैरागी कैंप में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री का उत्तराखण्ड आगमन राज्य के लिए महत्वपूर्ण अवसर है।

उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा पुलिस एवं प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही, चिकित्सा सुविधा, आपातकालीन सेवाओं एवं अग्निशमन व्यवस्था को पूर्ण रूप से तत्पर रखने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के कार्यक्रमों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सर्वोपरि है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

# हर्बल रंग अपनाएं, केमिकल रंगों से दूरी बनाएं : डॉ. युगल राजपूत

कानपुर, (वेब वार्ता)।



रंगों और उमंग से भरे पर्व होली के दौरान थोड़ी सी असावधानी त्वचा और सेहत के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। बाजार में बिकने वाले केमिकल युक्त रंग कई बार एलर्जी, जलन और खुजली जैसी दिक्कतें पैदा कर देते हैं।

ऐसे रंग आंखों में चले जाने पर सूजन और जलन की समस्या भी बढ़ सकती है। इसे लेकर मेडिकल कॉलेज के चर्म रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. युगल राजपूत से बातचीत की गई। भड़कीले रंग दिखने में अच्छे, असर में नुकसानदेह होली में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में खासा उत्साह रहता है। लोग एक-दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर त्यौहार की खुशियां साझा करते हैं।

चिकित्सकों के अनुसार, बाजार में हर्बल रंगों के साथ-साथ रासायनिक तत्वों से बने चमकीले रंग भी खुलेआम बिक रहे हैं। ये रंग देखने में आकर्षक लगते हैं, लेकिन इनमें मौजूद केमिकल त्वचा की ऊपरी परत को प्रभावित करते हैं। कई बार इनसे त्वचा पर लाल चकत्ते, जलन, खुजली और रूखापन जैसी समस्याएं उभर आती हैं, जो आगे चलकर उपचार की जरूरत पैदा कर सकती हैं। होली खेलने से पहले और बाद में रखें खास ध्यान मेडिकल कॉलेज के चर्म रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. युगल राजपूत ने मंगलवार को बताया कि होली खेलने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन एहतियात बरतना जरूरी है।

रंग खेलने से पहले पूरे शरीर पर मॉइस्चराइजर, नारियल, सरसों या जैतून का तेल अथवा कोल्ड क्रीम लगाने से रंग त्वचा में गहराई तक नहीं जमते और बाद में उन्हें हटाना आसान हो जाता है। उन्होंने बताया कि रंग हटाने के लिए बार-बार साबुन या डिटर्जेंट का इस्तेमाल करने से त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है, जिससे जलन और खिंचाव बढ़ सकता है।

# दो चचेरे भाइयों को डंपर ने रौंदा, दोनों की मौत



**महोबा, (वेब वार्ता)।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो भाइयों को कुचल दिया,दर्दनाक हादसे में दोनों भाइयों की मौत हो गई। जबकि बाइक के परखच्चे उड़ गए। त्यौहार पर हुए हृदय विदारक हादसे से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। खुशियों के त्यौहार पर घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा । मंगलवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद के लवकुश नगर थाना क्षेत्र स्थित रामूपुरा गांव निवासी मुन्ना कुशवाहा (40) अपने चचेरे बड़े भाई अनंतराम (45) पुत्र के साथ सोमवार को बाइक से बेटे के लिए खुजली की देशी दवा लेने के लिए महोबा जिले के मकरबई गांव गए थे। जहां से वह दवा लेकर वापस घर लौट रहे थे तभी रास्ते में कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में काली पहाड़ी के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवारों को बुरी तरह कुचल दिया, जिसमें बाइक सवार दोनों चचेरे भाइयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। खुशियों के त्यौहार के बीच एक ही परिवार में एक साथ दो मौतें होने से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। तो वहीं इलाके में शोक की लहर दौड़ गई । सदर कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार पांडेय ने बताया कि वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# जन्मदिन पार्टी के दौरान चली गोली में किशोर की मौत, हत्या का आरोप

**भेदी नज़र, लखनऊ, (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर थाना इलाके में सोमवार देर शाम को जन्मदिन पार्टी मना रहे एक किशोर की गोली लगने से मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। परिवार की तहरीर पर पुलिस ने किशोर के तीन दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने बताया कि कृष्णा नगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि सरोजिनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर निवासी जमीर का बेटा उनैज (12) को जन्मदिन की पार्टी मनाने के लिए उसके दोस्त उसे अपने साथ लेकर गए थे। थोड़ी देर बाद खबर मिली कि गोली लगने से उनका बेटा घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा गया हैं। परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि उनके बेटे की मौत हो गई हैं। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर-टवेरा की भीषण टक्कर, चार गंभीर घायल

**प्रयागराज, (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित बारा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात ट्रैक्टर और टवेरा वाहन के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि टवेरा का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वाहन के अंदर फंस गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का दरवाजा तोड़कर चालक को बाहर निकाला, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि ट्रैक्टर और टवेरा की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति की निगरानी की जा रही है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## घर में फांसी के फंदे से लटकी मिली महिला की लाश

**अमेठी, (वेब वार्ता)।** अमेठी जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सवनगी गांव में मंगलवार की सुबह एक महिला की लाश अपने ही घर में फांसी के फंदे से लटकती मिली। सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पीपरपुर थाना प्रभारी श्रीराम पांडेय ने बताया कि सवनगी गांव में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर तत्काल घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परिवार स पूछताछ की। मृतक महिला का नाम करिश्मा पाल (27) है। उसकी अप्रैल 2025 में जनपद सुलतानपुर के थाना धम्मौर अंतर्गत नरहरपुर गांव में हुई थी। मायके पक्ष का कहना है कि ससुराल से कुछ अनबन चल रही थी इसीलिए करिश्मा पिछले नवंबर माह से अपने मायके में ही रह रही थी। फिलहाल घटना के कारणों की जानकारी स्पष्ट रूप से अभी प्राप्त नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## होली पर विधायक को कवि ने सुनायी विकास की गाथां कविता

**वाराणसी, (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में नगवा क्षेत्र की शिवपुरी कॉलोनी निवासी चन्द्रनाथ ओझा के आवास पर मंगलवार को कैंट विधानसभा से विधायक सौरभ श्रीवास्तव पहुंचे और होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कवि चन्द्रनाथ ओझा ने विधायक सौरभ श्रीवास्तव को होली पर विकास की गाथा कविता सुनायी। कविता कैंट क्षेत्र काशी का प्रतिनिधि हरिश्चंद्र का लाल, डॉ. ज्योत्स्ना का तपः पुत्र, विधायक नहीं- धमाल..., यह पंक्तियां सुनकर विधायक प्रसन्नचित हुए और उन्होंने कवि को धन्यवाद ज्ञापित किया। कवि चन्द्रनाथ ओझा ने कविता को आगे बढ़ाते हुए कहा कि रिकॉर्ड मतों से जीता, सबने विश्वास जताया, जन- जन सेवा का मोदी धर्म, सौरभ ने अपनाया। बीएचयू, बरेका, गंगा से अस्सी-वरुणा तक छाए, छित्तूपुर- भगवानपुर तक सेवा दीप जलाए। मंडुवाडीह अब बना बनारस, ट्रेनों का उद्गम स्थान, आए दिन शूटिंग से गूँजे, चहुँओर क्षेत्र महान। क्षेत्र के वासी बाढ़ न झेलें-भागीरथ प्रयास किया, फ्लेपर गेट से बाढ़ को रोका, जन-मन में विश्वास भरा। एच.एफ.एल हो या विपदा कोई, सबका उद्धार करें, कृत्य आपका ऐसा निखरे, जन-जन आपसे प्यार करें।

## होली पर सभी अस्पताल अलर्ट मोड पर, कल बंद रहेगी ओपीडी

**लखनऊ, (वेब वार्ता)।** होली के लिए अस्पताल अलर्ट हो गए हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में 190 बेड आरक्षित किए गए हैं। इमरजेंसी में दवाओं की उपलब्धता के साथ ही डॉक्टरों की ड्यूटी भी तय की गई है।बलरामपुर अस्पताल में 50 बेड आरक्षित हैं। सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुवेर्दी ने बताया कि पर्याप्त दवाओं का इंतजाम भी किया गया है। इमरजेंसी में मरीजों की पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी जांच की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। लोकबंधु अस्पताल में 20 बेड आरक्षित किए गए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि रोस्टर के हिसाब से डॉक्टरों की इमरजेंसी ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें त्वचा, हड्डी, जनरल सर्जरी और मेडिसिन के डॉक्टरों की ऑन कॉल ड्यूटी लगाई गई है। बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में 30 बेड आरक्षित हैं। सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि मेडिसिन, जनरल सर्जरी, नेत्र व हड्डी रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी लगाई गई है। ठाकुरगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय में 10, सिविल अस्पताल में 30, केजीएमयू में 30 और लोहिया संस्थान में 20 बेड आरक्षित किए गए हैं। होली के दौरान 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगी। एंबुलेंस का संचालन करने वाली ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रेसिडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि होली के दिन 108 एंबुलेंस चिह्नित स्थानों, दुर्घटना बहुल क्षेत्रों व थानों के पास मौजूद रहेगी। गर्भवती महिलाओं व दो साल तक बच्चों को भी सेवाएं दी जाएंगी। प्रदेश में 108 सेवा की 2,200 और 102 सेवा की कुल 2,270 एंबुलेंस 24 घंटे संचालित हैं।

## ईरान संकट के बीच बहाल हुईं खाड़ी देशों की आठ उड़ानें

**लखनऊ, (वेब वार्ता)।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से खाड़ी देशों में विमानों का संचालन सोमवार को भी बाधित रहा। दुबई व ईरान का एयरस्पेस बंद होने से लगातार तीसरे दिन खाड़ी देशों की ओर जाने वाली उड़ानें निरस्त रहीं। हालांकि, लखनऊ एयरपोर्ट की एयर ऑपरेशन रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को निरस्त उड़ानों की संख्या 17 से घटकर 11 ही रही। सऊदी अरब व ओमान की आठ उड़ानें सोमवार को संचालित हुईं।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दुबई से सोमवार को आने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आइएक्स-198 निरस्त रही। ऐसे ही दुबई जाने वाली आईएक्स 193, अबुधाबी से आने वाली इंडिगो की 6ई-1416, अबुधाबी जाने वाली इंडिगो की 6ई-1415, शारजाह से आने वाली इंडिगो की 6ई-1424, शारजाह जाने वाली इंडिगो की 6ई-1423, दुबई से आने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स-194, रियाद से आने वाली आईएक्स-190, रियाद जाने वाली आईएक्स 189, दम्माम से आने वाली इंडिगो की 6ई-098 व जाने वाली इंडिगो की 6ई-097 निरस्त रहीं। सोमवार को खाड़ी देशों से लखनऊ आने-जाने वाली आठ उड़ानें बहाल हुईं। इसमें मस्कट से लखनऊ आने वाली ओवी 705, लखनऊ से मस्कट जाने वाली ओवी 706, मस्कट से लखनऊ आने वाली डब्ल्यूवाइ 265, लखनऊ से मस्कट जाने वाली डब्ल्यूवाइ 266, रियाद से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक्सवाइ 333, लखनऊ से रियाद जाने वाली एक्सवाइ 334, जेद्दा से लखनऊ आने वाली एसवी 890, लखनऊ से जेद्दा जाने वाली एसवी 891 का संचालन हुआ। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि ईरान-इस्राइल तनाव के बीच यूपी के कामगार सुरक्षित हैं।मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस्राइल में करीब 6000 और गल्फ देशों में लगभग 2800 श्रमिकों को श्रम विभाग के माध्यम से रोजगार के लिए भेजा गया है। सभी कामगार सुरक्षित स्थानों पर हैं जहां वे कार्यरत हैं, वहां युद्ध जैसी कोई स्थिति नहीं है।

## मिनी ट्रक पलटने से पत्नी की मौत, पति घायल

**अमेठी, (वेब वार्ता)।** कमरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर गढ़ा गांव के पास मंगलवार को साइकिल से दवा लेने बाजार जा रहे दंपति के ऊपर अनियंत्रित मिनी ट्रक पलटा। हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक वैधानिक कार्रवाई में जुटी हुई है। कमरौली थाना प्रभारी मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि सूबेदार का पुरवा मजरेबहुआ गांव निवासी वसीम अपनी पत्नी अनवरी (60)को साइकिल पर बैठाकर घर से दवा लेने के लिए निकले थे। वे अभी गढ़ा गांव के पास पहुंचे थे, तभी लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जा रही मिनी ट्रक पलट गया। उसके नीचे दबकर अनवरी की मौत हो गई और वसीम घायल हो गये। चालक वाहन छोड़कर भाग गया। घटना पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायल को ट्रामा सेंटर जगदीशपुर में भर्ती कराया। वाहन को रास्ते से हटाकर आवागमन पूरी तरह से बहाल कराया गया।

## बलिया के गड़हांचल में फूहड़ता से दूर युवा-बुजुर्ग मिलकर संभाल रहें फाग की विरासत

बलिया, (वेब वार्ता)।



उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में होली के अवसर पर गाया जाने वाला फाग अध्यात्म और दर्शन का मिला जुला स्वरूप है। जनपद बलिया में बिहार से सटे गड़हांचल के नाम से मशहूर क्षेत्र में पुरनियों ने फाग गीतों की समृद्ध विरासत को सहेजने के साथ-साथ उससे नई पीढ़ी को जोड़ने का बखूबी काम किया है। इलाके के भरौली गांव में पारम्परिक गीतों को फूहड़ता और आधुनिकता से बदरंग होने से बचाते हुए वसंत पंचमी के बाद से हर शाम दलानों में बुजुर्गों और नौजवानों के सजे गोल में परंपरागत वाद्य पर जब पूरे जोश से थाप पड़ती है तो उम्र कहीं पीछे छूटती नजर आने लगती है।

डाफ के साथ ; की झंकार से तरंगित ऊर्जा श्रोताओं को रोमांचित कर देती है। हालांकि, होली की समृद्ध परंपरा के वाहक कलाकार फाग की जगह लेते जा रहे फूहड़ गीतों से बेहद आहत हैं। उनका मानना है कि ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं को बचाए रखने के लिए फाग गीतों का चलन जारी रहना चाहिए। एक ओर जहां मोबाइल, सोशल मीडिया और डिजिटल मनोरंजन ने लोगों को खुद तक सीमित कर दिया है। वहीं, उत्तर प्रदेश के बलिया एक ऐसा इलाका है, जहां होली की समृद्ध परम्परा फाग युवाओं को भी जोड़े हुए है।

बिरज में हरि होरी मचाई, इतसे आवत नवल राधिका, उत से कुंवर कन्हाई। खेलत फाग परस्पर हिल मिल, शोभा बरनी न जाई, घरे-बाजत बधाई...। इस तरह के गीत होली के दस दिन पहले से गड़हांचल के गांवों में सुनाई देने लगते हैं। इन्हें गाने वाले वाले कलाकार चर्चित नहीं बल्कि गांव-घर के पुरनिया हैं। इनके में युवाओं की मौजूदगी उम्मीद जगाती है कि यह समृद्ध परंपरा आगे बढ़ती रहेगी। भरौली गांव में होली से पहले और उसके बाद बुढ़वा मंगल तक हर शाम गुझिया-मिठाई और चाय-नमकीन के साथ-साथ के बीच फाग की स्वर लहरिया खूब आकर्षित करती हैं।

## पूर्व प्रधान की पीट-पीटकर हत्या, आतिशबाजी छुड़ाने को लेकर हुई थी कहासुनी

**गोरखपुर, (वेब वार्ता)।** घटना रिसिया थाना क्षेत्र के कमला जोत गांव की है। गांव निवासी पूर्व प्रधान मगन बिहारी (65) की हत्या हुई है। बताया गया कि वह सोमवार की रात पाटीदार के घर आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। द्वार पूजा के दौरान गांव के कुछ युवक आतिशबाजी सईद अहमद के बरामदे में रखकर छुड़ा रहे थे। सईद के विरोध करने पर कहासुनी होने लगी। मौके पर पहुंचे मगन बिहारी ने भी बरामदे में आतिशबाजी न करने की बात कही। उन्होंने युवकों को डांट लगाई। इसको लेकर युवकों ने उनसे हाथापाई शुरू कर दी। मामला बढ़ता देख पूर्व प्रधान के पुत्र रवि ने डायल 112 पुलिस को बुला लिया। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी युवक भाग खड़े हुए। पुलिस लोगों को समझा लौट गई। पूर्व प्रधान के पुत्र रवि ने पुलिस को बताया कि पिता मगन बिहारी शादी समारोह से लौट रहे थे। रास्ते में गांव निवासी हर्षित, आदित्य और विजय ने हमला कर दिया। पिता को पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया।

# गोसेवा में रमे मुख्यमंत्री योगी गोवंश को खिलाया गुड़-रोटी

गोरखपुर, (वेब वार्ता)।



गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह जनता दर्शन लगाकर जनसेवा करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा में भी रमे रहे। उन्होंने नामों से पुकार कर, स्नेहिल थपकी देकर गायों-गोवंश को खूब दुलारा, उन्हें गुड़-रोटी खिलाया और गोशाला के कार्यकर्ताओं को गोवंश की समुचित देखभाल के निर्देश दिए।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। मंगलवार सुबह भी वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। उनकी आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-कूदते उनके पास आ गए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाया। इसी क्रम में उन्होंने भोले नामक एक विशाल नंदी को स्नेह की थपकी देते हुए गुड़-रोटी खिलाया। उसके शरीर पर लगी धूल-मिट्टी को पहले अपने हाथों से साफ किया और फिर गोशाला कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि भोले के शरीर को सूखे कपड़े से साफ कर दिया जाए। मंदिर की गोशाला में योगी ने मोर पर भी स्नेह बरसाया और उसे अपने हाथों से रोटी खिलाई।

## शराबी ने बड़े भाई को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार



**औरैया, (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के फफूंद थाना क्षेत्र के कुडिया अमेला गांव में बड़े भाई लालू की पीट-पीटकर हत्या करने वाले छोटे भाई गुड्डू यादव को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पारिवारिक विवाद में रविवार को मारपीट में बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था और अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार कुडिया अमेला निवासी राजेंद्र सिंह यादव के तीन पुत्र थे। सबसे बड़ा बेटा दीपु करीब 20 वर्ष पहले लापता हो गया था। दूसरा बेटा लालू (32) दिल्ली में निजी नौकरी करता था और होली के चलते एक सप्ताह पहले घर आया था। सबसे छोटा बेटा गुड्डू गांव में रहकर खेती करता है और उसे शराब पीने का आदी बताया जा रहा है। रविवार रात शराब के नशे में गुड्डू ने मां से गाली-गलौज शुरू कर दी। बड़े भाई लालू ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और गुड्डू ने लालू को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद परिजन और पड़ोसियों की मदद से लालू को एंबुलेंस से सीएचसी दिबियापुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया गया। आर्थिक तंगी के कारण परिजन उसे वापस घर ले आए। सोमवार शाम पैसों की व्यवस्था होने पर पत्नी निशा और मां उर्मिला देवी उसे सैफई लेकर जा रही थीं, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे छह वर्षीय पुत्र ऋषव, चार वर्षीय बेटी परी और दो वर्षीय बेटी वैष्णवी को छोड़ गया है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी गुड्डू यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## चंद्रग्रहण के चलते मां विंध्यवासिनी मंदिर के कपाट रहेंगे बंद

**मीरजापुर, (वेब वार्ता)।** चंद्रग्रहण को देखते हुए मंगलवार को मां विंध्यवासिनी मंदिर के कपाट निर्धारित अवधि तक बंद रहेंगे। ग्रहण समाप्ति के बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन और आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन की अनुमति दी जाएगी। श्रीविंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने बताया कि सूतक काल के कारण मंदिर के कपाट दोपहर 3 बजकर 15 मिनट से रात 8 बजे तक, कुल 4 घंटे 45 मिनट के लिए बंद रहेंगे। इस दौरान मंदिर परिसर में नियमित पूजा-पाठ स्थगित रहेगा। उन्होंने बताया कि शास्त्रीय परंपराओं के अनुसार ग्रहण के समय मंदिरों के द्वार बंद कर दिए जाते हैं। ग्रहण समाप्त होने के बाद शुद्धिकरण और विशेष पूजन के पश्चात ही दर्शन की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाती है।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस ने कार में मारी टक्कर, 6 की मौत

हाथरस (उत्तर प्रदेश), (वेब वार्ता)।



उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में यमुना एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस ने आगे चल रही ईको कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। मृतक धौलपुर राजस्थान के बताए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 141 पर मंगलवार तड़के करीब 4 बजे दिल्ली से गोरखपुर जा रही एक निजी डबल डेकर बस ने आगे चल रही इको वैन कार को टक्कर मार दी। कार सवार सभी लोग दिल्ली से राजस्थान के राजाखेड़ा धौलपुर जा रहे थे। हादसे में छह लोगों की जान चली गई। इनमें चार लोगों की पहचान हो गई। मृतकों में दिनेश उनकी पत्नी सुनीता, विजय और उनकी पत्नी पिंकी बघेल के रूप में हुई। दो लोगों की शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है।

सभी गंगोली, राजाखेड़ा राजस्थान के बताए जा रहे हैं। हादसे में इको चालक वीरेंद्र भी घायल है। इनके अलावा राजाखेड़ा के ही मनोज, आर्यन, अंशु, मृतक विजय का बेटा लक्ष्य, बेटी प्राची और उनकी साली पूनम बघेल घायल हैं। घायलों को खंदौली थाना क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए गया हैं। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुआ प्रतीत हो रहा है। बस चालक से पूछताछ की जा रही है।

## सिरफिरे आशिक ने घर में घुस छात्रा को मारी गोली

**बस्ती, (वेब वार्ता)।** एक सिरफिरे आशिक ने कलवारी थाना क्षेत्र के बैडारी एहतमाल गांव में सोमवार की देर रात करी 12:55 बजे 12वीं की छात्रा के घर में घुस कर तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। इससे सनसनी फैल गई। इसके पहले आरोपी युवक किशोरी का अश्लील वीडियो भी वायरल कर चुका है। इस मामले में कलवारी थाने में प्राथमिकी भी दर्ज है। इसके बाद से फरार चल रहा था। सोमवार को वह अचानक गांव आया और छात्रा के घर पिछले दरवाजे से घुस कर उसके कमरे में पहुंच कर पढ़ाई कर छात्रा पर तमंचा तान दिया। छात्रा गिड़गिड़ाती रही, मगर आरोपी को रहम नहीं आया। उसने दो गोलियां दाग दी। एक गोली सिर और दूसरी सीने में लगी। छात्रा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि रेकी करने के आरोप में तीन युवकों को पकड़ा गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

## होटल में कमरे में बना रहे थे योजना, दो ठग गिरफ्तार

**गोरखपुर, (वेब वार्ता)।** प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों ने फर्जी वेबिनार आयोजित कर निवेशकों से अवैध रूप से धन इकट्ठा किया था। आरोपियों की पहचान देवरिया के खामपार बहोरवा संजीव कुमार कुशवाहा और देवरिया के गौरीबाजार बन्सहिया निवासी अंकित श्रीवास्तव के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर रामगढ़ताल नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग होटल कृष्णा पैलेस के रूम नं. 315 में लोगों को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर आकर्षक लाभ का झांसा देकर रकम ले रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम ने होटल पहुंचकर रूम खोलवाया।

# बेफिक्र होकर उपचार कराएं, सरकार देगी भरपूर आर्थिक सहायता : मुख्यमंत्री

गोरखपुर, (वेब वार्ता)।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने आए लोगों को आश्वस्त किया कि वे बेफिक्र होकर अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। सरकार उनको भरपूर आर्थिक सहायता देगी।

मुख्यमंत्री ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। होलिकोत्सव मनाने के लिए सोमवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों के पास जाकर, एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। समस्याओं के निस्तारण के लिए लोगों को आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं, ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में एक व्यक्ति ने किडनी की बीमारी में धन की कमी आड़े आने की समस्या बताई।

इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। कार्ड न होना बताए जाने पर उन्होंने कहा कि चिंता मत करिए। इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक मदद मिलेगी। अन्य कई लोग भी गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता दी जाएगी। जनता दर्शन में कुछ परिजनों के साथ उनके बच्चे भी आए थे।

# जयपुर-आगरा हाईवे पर कोयले से भरा ट्रेलर पलटा, आग में जिंदा जला ड्राइवर

**भरतपुर, (वेब वार्ता)।**



भरतपुर में जयपुर-आगरा हाईवे पर सोमवार देर रात कोयले से भरा एक ट्रेलर मथुरा गेट इलाके में सारस चौराहे के पास पलट गया और उसमें आग लग गई। हादसे में केबिन में फंसा ड्राइवर जिंदा जल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर पलटने के बाद करीब 100 मीटर तक सड़क पर घिसटता हुआ आगे बढ़ा। इसी दौरान उसके टैंक से डीजल सड़क पर फैल गया, जिससे आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में ट्रेलर का केबिन आग की लपटों में घिर गया।

स्थानीय निवासी लक्ष्य सिंघल ने बताया कि ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और तुरंत आग लग गई। ड्राइवर केबिन में फंस गया था और बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन तेज लपटों के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। प्रत्यक्षदर्शी मोनू जौहरी ने बताया कि ट्रेलर रुकते ही आग तेजी से फैल गई और केबिन पूरी तरह जल उठा।

हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक ड्राइवर की मौत हो चुकी थी।

मृतक की पहचान विरदी चंद गुर्जर (30) निवासी करड़ाला थाना रूपनगढ़, जिला अजमेर के रूप में हुई है। वह ट्रेलर को जयपुर से आगरा की ओर ले जा रहा था।

## जयपुर में श्याम नगर क्षेत्र के अपार्टमेंट में लगी आग, सभी सुरक्षित

**जयपुर, (वेब वार्ता)।** जयपुर में मंगलवार सुबह एक अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया श्याम नगर क्षेत्र में हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दस मंजिला अपार्टमेंट से सभी निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलने पर श्याम नगर पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा गाड्र्स की मदद से परिवारों को बाहर निकालना शुरू किया। आग से बचने के लिए दो परिवार छत पर चले गए थे, उन्हें हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म की मदद से सुरक्षित नीचे उतारा गया। दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर लगाया गया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना

**जयपुर, (वेब वार्ता)।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार मध्यरात्रि के पश्चात सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली पूजन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

शर्मा ने यहां श्री राज राजेश्वरी मंदिर प्रागंण में विधिवत रूप से होली पूजन किया। इसके बाद मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया।

इस दौरान राजस्थान पुलिस की आरएसी बटालियन के जवानों ने चंग की थाप पर होली के गीत और नृत्य प्रस्तुत किए।



मुख्यमंत्री ने जवानों से मिलकर उनकी हौसला अफजाई की।

होलिका दहन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान में चढ़ा पारा, अगले सप्ताह गर्मी बढ़ने की संभावना

**जयपुर, (वेब वार्ता)।**

राजस्थान में गर्मी ने मार्च की शुरूआत में ही तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को राज्य के पश्चिमी हिस्सों में तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई।

बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस मापा गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक रहा। वहीं जोधपुर, जैसलमेर, फलोदी और चित्तौड़गढ़ में भी पारा 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। इन इलाकों में दोपहर के समय तेज धूप के साथ हल्की गर्म हवा चलने से लोगों को गर्मी का अहसास हुआ।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार, राज्य में आगामी एक सप्ताह के दौरान तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। विशेषज्ञों ने अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि का अनुमान जताया है।

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश शहरों में आसमान साफ रहा। शुष्क मौसम और कम आर्द्रता के कारण दिन के साथ-साथ सुबह और रात में भी गर्मी का असर बढ़ने लगा है। वर्तमान में कई शहरों का न्यूनतम तापमान 18 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा जा रहा है। सीकर में भी सोमवार को मौसम साफ रहा और तापमान में बढ़ोतरी हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, यहां भी आने वाले दिनों में पारे में लगभग दो डिग्री तक की वृद्धि संभव है।

## लग्जरी होटल में अंधाधुंध फायरिंग मालिक की मौत, तीन गंभीर

**चूरू, (वेब वार्ता)।**



जिले के बीदासर कस्बे में स्थित होटल द रॉयल ट्रीट में बीती रात तीन बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में होटल मालिक मनीराम मंडा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना का सीसीटीवी फुटेज मंगलवार सुबह सामने आया है, जिसमें बदमाशों को होटल के रेस्टोरेंट में घुसते ही देसी पिस्टल निकालकर फायरिंग करते हुए देखा जा सकता है। होटल स्टाफ के अनुसार, जब हमलावर अंदर घुसे उस समय रेस्टोरेंट में काफी भीड़ मौजूद थी। बदमाशों ने प्रवेश करते ही टेबल के आसपास खड़े लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि करीब पांच मिनट तक लगातार गोलियां चलाई गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपितों का मुख्य निशाना होटल मालिक मनीराम मंडा थे। उन्हें करीब से कई गोलियां मारी गईं। गोलियों की संख्या को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में उनके चेहरे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं, जिससे पहचान में मदद मिल रही है।

## भरतपुर में कोयले से भरा ट्रेलर पलटा, जिंदा जला ड्राइवर

**भरतपुर, (वेब वार्ता)।** भरतपुर जिले में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में कोयले से भरे ट्रेलर के पलटने के बाद लगी भीषण आग में ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसा मथुरा गेट थाना क्षेत्र में सारस चौराहे के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, ट्रेलर जयपुर से आगरा की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन सारस चौराहे के पास पहुंचा, वह अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर करीब 100 मीटर तक घिसटता हुआ चला गया और रुकते ही उसमें आग लग गई। स्थानीय निवासी लक्ष्य सिंघल ने बताया कि ट्रेलर पलटते ही केबिन में आग भड़क उठी और ड्राइवर अंदर ही फंस गया।

## भीलवाड़ा की होली देख दंग रह जाएंगे आप आधी रात श्मशान में उमड़ता है जनसैलाब

**भीलवाड़ा, (वेब वार्ता)।**

जहां देशभर में धुलंडी पर रंग और गुलाल उड़ते हैं, वहीं राजस्थान के भीलवाड़ा में होली की एक अनोखी और दार्शनिक परंपरा निभाई जाती है। यहां रंगों से नहीं, बल्कि चिता की भस्म से होली खेली जाती है वह भी आधी रात को श्मशान में। पिछले 17 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा अब शहर की विशिष्ट पहचान बन चुकी है।

यह आयोजन शहर के पंचमुखी मोक्षधाम स्थित प्राचीन मसानिया भैरवनाथ बाबा मंदिर में होता है। मान्यता है कि इसकी शुरूआत काशी के मणिकर्णिका घाट की तर्ज पर की गई थी, जहां जीवन और मृत्यु का दर्शन एक साथ होता है।

होलिका दहन की रात लगभग सवा 11 बजे बाबा भैरवनाथ की पालकी मंदिर से निकलती है। ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और जयकारों के बीच शोभायात्रा पंचमुखी मोक्षधाम के श्मशान क्षेत्र की ओर बढ़ती है। करीब सवा 12 बजे पालकी चिता स्थल पर पहुंचती है, जहां कंडों की विशेष होली जलाई जाती है।

इसके बाद परिजनों की अनुमति से एकत्र की गई चिता की भस्म को गुलाल की तरह हवा में उड़ाया जाता है और श्रद्धालु बाबा भैरवनाथ के साथ भस्म की होली खेलते हैं। श्मशान की नीरवता के बीच जब 'बोलो बाबा भैरवनाथ की जय' के जयकारे गूंजते हैं, तो वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठता है। मंदिर के पुजारी रवि कुमार के अनुसार, यह परंपरा भय उत्पन्न करने के लिए नहीं, बल्कि मृत्यु के भय को समाप्त करने के लिए है। राख हमें याद दिलाती है कि शरीर नश्वर है और आत्मा अमर।

# लेक सिटी में रंगों की धूम, जगदीश चौक पर उमड़ा जनसैलाब

**उदयपुर, (वेब वार्ता)।**



लेक सिटी उदयपुर में रंगों के पर्व होली पर शहर का ऐतिहासिक जगदीश चौक उत्साह और उमंग से भर गया। हर साल की तरह इस बार भी चौक युवाओं की भीड़ से खचाखच भरा रहा। देशी और विदेशी पर्यटक भी संगीत की धुन पर जमकर थिरकते नजर आए। होली के मौके पर उदयपुर में अलग ही रंगीन माहौल देखने को मिला। जगदीश चौक युवाओं से भरा हुआ नजर आया। चारों तरफ रंग, गुलाल और खुशियों का माहौल था।

सुबह 11 बजे के बाद होली का जश्न शुरू हुआ और दोपहर तक अपने चरम पर पहुंच गया। हिंदी और पंजाबी गानों की धुन पर युवा जमकर नाचते-गाते दिखे। डीजे की तेज धुन पर सभी मस्ती में डूबे नजर आए। गुलाल की रंगीन बौछारों के बीच युवाओं ने एक-दूसरे को रंग लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। माहौल पूरी तरह होली के रंग में रंग गया। देश-विदेश से आए पर्यटक भी इस जश्न में शामिल हुए और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर होली खेली।

जगदीश मंदिर की सीढ़ियों से लेकर आसपास के होटलों की छतों और खिड़कियों तक लोग इस सुंदर नजारे को देखते रहे।

## सड़क के नीचे दफनाया गया था प्रिंस? दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर तीसरे दिन भी खुदाई जारी

**दौसा, (वेब वार्ता)।**

दौसा जिले के बांदीकुई थाना क्षेत्र के ऊनबड़ा गांव से 6 साल पहले लापता हुए 4 वर्षीय टिल्लू उर्फ प्रिंस के शव की तलाश 19 फरवरी से जारी है। कंकाल की खोज के लिए लगातार तीसरे दिन मंगलवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर खुदाई की जा रही है। खुदाई के कारण तीन लेन पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है।

सोमवार को जेसीबी और एक्सकेवेटर मशीनों की मदद से करीब 80 मीटर लंबाई, 4 मीटर चौड़ाई और लगभग 12 फुट गहराई तक खुदाई की गई। इसके बावजूद कंकाल नहीं मिला। इसके बाद मंगलवार को फिर से खुदाई शुरू की गई। जिस एक्सकेवेटर मशीन से खुदाई हो रही है, उसका किराया प्रति घंटा 10,500 रुपए है और एक घंटे में लगभग 20 लीटर डीजल खर्च हो रहा है।

रविवार को पहले दिन मिलिंग मशीन से सड़क की ऊपरी परत हटाई गई। इसके बाद ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार (जीपीआर) मशीन से जमीन की जांच कर संवेदनशील जगहों की पहचान की गई। आरोपियों द्वारा पीपल के पेड़ के सामने बताए गए स्थान को आधार मानकर जीपीआर तकनीक से 2-3 स्थानों को अति संवेदनशील क्षेत्र माना गया।

# होली पर आसमान में 'ब्लड मून' का नजारा

**जयपुर, (वेब वार्ता)।**



चंद्र ग्रहण दोपहर तीन बजकर 20 मिनट से शुरू हुआ है। यह शाम 6 बजकर 47 मिनट तक चलेगा। होली के रंगों के बीच इस बार आसमान में भी अद्भुत खगोलीय दृश्य देखने को मिले रहा है। इस दौरान चंद्रमा पृथ्वी की पूर्ण छाया से गुजर रहा है। भारत में यह चंद्रग्रहण पूर्ण रूप में नजर नहीं आने वाला है बल्कि चंद्रोदय के समय आंशिक रूप से कुछ मिनटों के लिए दिखाई देगा। खगोलविदों के अनुसार यह 'ग्रस्तोदय' की स्थिति है यानी चंद्रमा उदित होते समय पहले से ही ग्रहण लगा हुआ रहेगा।

राजस्थान में आंशिक ग्रहण की समाप्ति शाम लगभग 6:47 बजे होगी। ऐसे में अलग-अलग शहरों में चंद्रोदय के अनुसार कुछ मिनटों तक ही यह दृश्य देखा जा सकेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि चंद्रग्रहण को नंगी आंखों से सुरक्षित रूप से देखा जा सकता है। पृथ्वी के वायुमंडल द्वारा सूर्य की नीली रोशनी के बिखर जाने और लाल प्रकाश के चंद्रमा तक पहुंचने के कारण चंद्रमा ताम्र-लाल रंग में नजर आता है। होली के उल्लास के बीच यह खगोलीय संयोग प्रदेशवासियों के लिए उत्साह और जिज्ञासा का विषय बना रहेगा।

## रंगों की होली कल मनाएंगे, फिर बसिऔड़ा; फगुआ और डंफा की परंपरा भी अलग

**पटना, (वेब वार्ता)।**

मथुरा के बरसाने की लट्ठमार और वृंदावन की फूलों की होली तो पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। इसे देखने देश-विदेश से लोग आया करते हैं, लेकिन होली के मामले में बिहार भी पीछे नहीं है। यहां की होली भी रंग-बिरंगी है और रूप अनेक हैं। मतलब, बिहार के अलग-अलग इलाकों में होली कई अलग-अलग रूपों में मनाई जाती है। होली के त्योहार की शुरूआत इस बार 02 मार्च की रात होलिका दहन से हो चुकी है। आज गांव-देहात में धुरखेली जैसी परंपरा के तहत धूल-कीचड़ से होली की शुरूआत हो चुकी है। इस एक स्टोरी में जानिए, होलिका दहन और होली से बिहार में कहां-कैसे संस्कृति को जिंदा रखे हुए है। इसके साथ ही फगुआ या फाग कैसे रंग जमाता है, वह भी पढ़िए।

बिहार के गांवों में होली के आगमन के पहले होलिका दहन करने के लिए घर-घर से चंदा के रूप में गोइठा मांगने की प्राचीन परंपरा रही है। इस परंपरा के तहत युवाओं, खासकर बच्चों की टोली अपने-अपने गांव में बोरियां लेकर घूमती और हर घर जाकर चंदा के रूप में गोइठा मांगती रही है। इस दौरान बच्चे और युवा, अगजा गोसाईं गोड़ लागे ली, घूम-घूम के गोइठवां मांगे लीं₹ का यह गीत गाते गांव में फिरते हैं। जैसे ही वे किसी के घर पर गोइठा मांगने पहुंचते हैं, तो उनका दूसरा गीत शुरू होता है।

## जदयू की सूची बाकी, एनडीए का तीसरा प्रत्याशी तय; उपेंद्र कुशवाहा लड़ेंगे राज्यसभा चुनाव

**पटना, (वेब वार्ता)।**



कई नाम चल रहे थे, लेकिन 'अमर उजाला' लगातार कह रहा था कि उपेंद्र कुशवाहा को बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ ढाल बनकर खड़े होने का फायदा मिलेगा। उपेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही केंद्रीय मंत्रियों जीतन राम मांझी और चिराग पासवान से भी अच्छे संबंध रखे थे। अब परिणाम राज्यसभा टिकट के रूप में सामने आ चुका है। इस सीट पर उपेंद्र कुशवाहा को विपक्ष से भी मदद लेनी होगी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मानव संसाधन राज्य मंत्री रह चुके हैं। मंत्री रहते हुए ही उन्होंने इस्तीफा देकर खुद को एनडीए से अलग किया था। लंबा समय वनवास में गुजरा, लेकिन एक बार फिर अब राष्ट्रीय राजनीति में उनकी एंट्री हो रही है।

बिहार से राज्यसभा की चार सीटों पर एनडीए की जीत तय है। उनमें से दो सीटें भारतीय जनता पार्टी ने रखी है और दो जनता दल यूनाइटेड को दिया गया है। जिस सीट पर मैनेज करना जरूरी है, वह सीट एनडीए में उपेंद्र कुशवाहा के खाते में आई है। एनडीए के अंदर उनके नाम को लेकर सहमति बन गई, जिससे राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने पांच मार्च को उनके नामांकन की जानकारी मीडिया से साझा की।

## शामपुर में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ली मजदूर की जान, सड़क किनारे गड्ढे में पलटने से हुआ हादसा

**मुंगेर, (वेब वार्ता)।** मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत अग्रहण पंचायत के शामपुर-बागेश्वरी मुख्य मार्ग पर सोमवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय मजदूर की दबकर मौत हो गई। घटना शामपुर थाना क्षेत्र के पास की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थ्रेशिंग का कार्य कर लौट रहा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। ट्रैक्टर पर सवार सठबिग्गी अग्रहण निवासी लुखो मंडल ट्रैक्टर के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से दब चुके थे और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, गेहूं के खेत से मिला शव; आरोपी गिरफ्तार

**शिवहर, (वेब वार्ता)।**

शिवहर जिला के तरियानी छपरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर 35 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मुजफ्फरपुर-शिवहर सीमा पर स्थित एक गेहूं के खेत से शव बरामद किया। मृतक की पहचान गंगा धरमपुर वार्ड नंबर 6 निवासी किशोरी राय के पुत्र विनोद राय के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, वर्ष 2017 में मृतक विनोद राय ने अपने खेत में सिंचाई के लिए बिजली का तार बिछाया था, जिसकी चपेट में आकर आरोपी अरुण कुमार के पिता की मौत हो गई थी। इसी घटना को लेकर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। मृतक के भाई सुबोध कुमार ने आरोप लगाया कि अरुण कुमार लगातार विनोद को जान से मारने की धमकी देता था। सोमवार की शाम अरुण कुमार कथित तौर पर विनोद को बहला-फुसलाकर पड़ोसी जिला मुजफ्फरपुर के गंगटी बाजार ले गया। वहां दोनों ने नशा किया। आरोप है कि देर रात गांव के समीप सरेह में ले जाकर विनोद पर चाकू से कई वार किए गए। शव पर कई जख्म के निशान पाए गए हैं। इसके बाद गला काटकर हत्या कर दी गई और शव को खेत में फेंक दिया गया। इसके बाद वह अपनी बहन के घर गिद्दा फुलवरिया भाग गया।

# घटिया निर्माण से खफा डिप्टी मेयर ने तोड़ी दीवार, वीडियो वायरल

**दरभंगा, (वेब वार्ता)।**



दरभंगा नगर निगम की डिप्टी मेयर नाजिया हसन अपने ही नगर निगम द्वारा कराए जा रहे कथित घटिया निर्माण से नाराज दिख रही हैं। डिप्टी मेयर लहेरियासराय डीबी मार्केट में नगर निगम के द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का विरोध जताते हुए अपने हाथों से दीवार तोड़ती हुई वायरल वीडियो में दिखाई दे रही हैं।

वीडियो में वह एक हाथ से बालू-सीमेंट से जोड़ी गई दीवार को गिराती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं, वह संबंधित ठेकेदार को गुस्से में मौके पर आने को कहती भी दिख रही हैं। इसकी पुष्टि करते हुए डिप्टी मेयर नाजिया हसन ने कहा कि पूरा नगर निगम भ्रष्टाचार की चपेट में है और इसे देखने वाला कोई नहीं है। सड़कों और निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस पूरे मामले में अधिकारियों व निगम प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो वह शीघ्र ही धरने पर बैठेंगी।

बताया जाता है कि शहर में बड़े पैमाने पर नगर निगम और बुडको के द्वारा नाला और सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। हाल ही में एक सप्ताह के भीतर सड़क निर्माण के बाद उसके पूरी तरह टूटने का मामला सामने आया था, जिस पर नगर निगम के मुख्य अभियंता सऊद आलम ने जांच के बाद ठेकेदार को काम बंद करने का निर्देश दिया था। अब यह नया मामला सामने आया है, जिसमें नगर निगम की डिप्टी मेयर ने स्वयं वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

## ओमान की खाड़ी में मिसाइल हमले के बाद बेतिया का बेटा लापता

**बेतिया, (वेब वार्ता)।** ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच ओमान की खाड़ी से आई एक खबर ने पश्चिम चंपारण के एक परिवार की नींद छीन ली है। 1 मार्च को नामक तेल टैंकर पर मिसाइल हमले के बाद बिहार के बेतिया निवासी कैप्टन आशीष कुमार लापता बताए जा रहे हैं। ताया जाता है कि जहाज उस समय ओमान के खासब तट के पास एंकर पर खड़ा था। हमले के बाद जहाज पर अफरा-तफरी मच गई। अधिकांश क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन कैप्टन आशीष समेत दो अन्य लोग अब भी लापता हैं। समुद्र की लहरों के बीच उनकी तलाश जारी है, पर हर बीतता पल परिवार की बेचैनी बढ़ा रहा है।

# बिहार से राज्यसभा के उम्मीवार बनाए गए शिवेश कुमार को जानिए

**पटना, (वेब वार्ता)।**

भारतीय जनता पार्टी में अपने प्रदेश मंत्री शिवेश कुमार उर्फ शिवेश राम को राज्यसभा भेजने का फैसला लिया है। मंगलवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी के महासचिव अरुण सिंह की ओर से जो चिट्ठी जारी की गई उसमें बिहार से राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अलावा शिवेश कुमार का भी नाम है। यानी यह स्पष्ट है कि शिवेश कुमार अब राज्यसभा जा रहे है। उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने के कुछ देर बाद ही शिवेश कुमार सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगे।



शिवेश कुमार कौन है शिवेश कुमार कहां से हैं शिवेश कुमार ने कहां से पढ़ाई की है शिवेश कुमार की राजनीतिक पृष्ठभूमि क्या है शिवेश कुमार का भाजपा में क्या दायित्व है यह सब सवाल खूब सर्च किया जा रहे हैं? आईए जानते हैं शिवेश कुमार के बारे में।

शिवेश कुमार वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री हैं। साथ ही वह भोजपुरी के अगिआंव विधानसभा से विधायक भी रह चुके हैं। पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में सासाराम सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री छेदी पासवान की जगह उन्हें उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन संगठन में उनकी सक्रियता और पकड़ बरकरार है। विधानसभा चुनाव के बाद से लगातार पार्टी कार्यक्रमों, बैठकों और कार्यशालाओं में सक्रिय दिख रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक शिवेश राम को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का भी करीबी माना जाता है। ऐसे में उन्हें राज्यसभा भेजे जाने की चर्चा तेज हो गई है।

# सांगला घाटी की प्रसिद्ध होली मनाने मुंबई सहित देशभर से पहुंचे पर्यटक

किन्नौर, (वेब वार्ता)।

जनजातीय जिले किन्नौर की सांगला घाटी में चल रहे होली उत्सव में मुंबई, पूर्ण सहित देशभर से पर्यटक हजारों की संख्या में पहुंचे हैं। तीन दिवसीय इस उत्सव का आज समापन होगा। समापन पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी भी शिरकत करेंगे। घाटी के नाग मंदिर में यह उत्सव मुख्य रूप से मनाया जा रहा।





स्थानीय लोग और पर्यटक मंदिर में एकत्रित होकर एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। साथ ही डीजे धुनों में दिनभर डांस का दौर चल रहा है। सांगला घाटी समुद्र तल से लगभग 2,700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह अपने मनमोहक दृश्यों और होली के अनूठे उत्सव के लिए प्रसिद्ध है। सांगला घाटी में होली फागुली उत्सव का एक हिस्सा है। होली उत्सव के तीसरे दिन मनाई जाती है।

होली की सुबह, सभी लोग नाग मंदिर में एकत्रित होते हैं, जहां कुछ पुरुष रामायण महाकाव्य के पात्रों का वेश धारण करते हैं। इसके बाद ये पात्र नाग मंदिर से जुलूस का नेतृत्व करते हुए एक गांव से दूसरे गांव जाते हैं। यह एक अद्भुत दृश्य होता है। जुलूस के दौरान स्थानीय व्यंजन और फासुर नामक पारंपरिक शराब भी परोसी जाती है।

# नगर निगम शिमला में मित्रवादी राजनीति का वर्चस्व: जयराम ठाकुर

## महिलाओं का हक छीन रही सरकार

शिमला, (वेब वार्ता)।

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी मित्र मंडली के मोह में लोकतांत्रिक मयार्दाओं और सांविधानिक व्यवस्थाओं की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। शिमला नगर निगम में जो कुछ भी घटित हो रहा है, वह न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि सीधे तौर पर जनमत का अपमान है। ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने एक खास मित्र को लंबे समय तक सत्ता के गलियारों में एडजेस्ट करने और उन्हें सत्तासुख दिलाने की खातिर पहले तो लोकतांत्रिक ढांचे का गला घोंटते हुए संविधान की धज्जियां उड़ाईं और अब मनमाने ढंग से नगर निगम की कार्यवाही को संचालित कर रहे हैं। भाजपा पार्षदों को जिस अलोकतांत्रिक और असांविधानिक तरीके से सदन से बाहर निकाला गया, वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सरकार विपक्ष की तार्किक आवाज और जनता के सवालों से भयभीत है।



नेता विपक्ष ने इस कदम को पूरी तरह से असांविधानिक करार देते हुए कहा किया कि भाजपा इस प्रकार की दमनकारी नीतियों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके खिलाफ सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

# सूतक काल में बंद रहे मंदिरों के कपाट शिमला में इतने बजे दिखा ग्रहण



शिमला, (वेब वार्ता)।

इस साल का पहला चंद्रग्रहण मंगलवार को घटित हुआ। ग्रहण के 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हुआ। इसमें सभी मांगलिक कार्य वर्जित रहे। चंद्रग्रहण की शुरूआत मंगलवार दोपहर 3:20 बजे से हुई और शाम को 6:46 बजे समापन हुआ। वहीं सूतक काल नौ घंटे पहले सुबह 6:20 बजे शुरू हुआ। साल का पहला चंद्रग्रहण है सिंह राशि और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में रहा।

यह चंद्रग्रहण पूरे भारत में दिखाई दिया। इसलिए इसका महत्व अधिक रहा। गंज बाजार के राधा-कृष्ण मंदिर के पंडित उमेश नौटियाल ने बताया कि भारतीय समयानुसार वर्ष के पहले चंद्रग्रहण की अवधि 3 घंटे 27 मिनट रही। चंद्रग्रहण के सूतक काल में शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। उन्होंने कहा कि शिमला में ग्रहण शाम 6:20 से 6:46 के बीच नजर आया।

इस दौरान मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए जाते हैं ताकि पूजा करने वाले लोग भगवान की प्रतिमा और शुभ चिह्नों को स्पर्श न कर सकें। बताया कि इस समय खाना पकाना या भोजन करना भी वर्जित होता है।

## हिमाचली पर दांव लगा सकती है कांग्रेस, प्रत्याशी का एलान आज

**शिमला, (वेब वार्ता)।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस मंगलवार देर शाम को अपने प्रत्याशी के नाम का एलान कर सकती है। पार्टी के भीतर इस बार हिमाचल के किसी नेता को मौका देने की मांग जोर पकड़ती दिख रही है। अधिकांश कैबिनेट मंत्री और विधायक राज्य के हितों की पैरवी करने वाले स्थानीय नेता के पक्ष में बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिल्ली में पार्टी हाईकमान से चर्चा की। उन्होंने प्रत्याशी चयन का अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व पर छोड़ दिया है। सूत्रों के अनुसार उन्होंने प्रदेश के नेताओं की राय से भी आलाकमान को अवगत कराया है। कांग्रेस आलाकमान केंद्रीय नेताओं के नाम पर भी विचार कर रहा है।

# हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तीन दिन बारिश-बर्फबारी के आसार

शिमला, (वेब वार्ता)।

हिमाचल प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ भागों में तीन दिन हल्की बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव आने की संभावना है। आज राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में धूप खिली हुई है।

शिमला में न्यूनतम तापमान 10.0, सुंदरनगर 7.7, भुंतर 6.9, कल्पा 3.6, धर्मशाला 10.3, ऊना 10.2, नाहन 13.0, केलांग -4.1, पालमपुर 10.0, सोलन 9.0, मनाली 4.0, कांगड़ा 10.5, मंडी 8.2, बिलासपुर 10.0, चंबा 8.5, डलहौजी 10.5, कुकुमसेरी -3.8, जुब्बड़हट्टी 12.4, बरठीं 6.9, पांवटा साहिब 13.0, सराहन 6.7, देहरा गोपीपुर 14.0, ताबो -2.5 व नेरी में 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।



मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 7 और 8 मार्च को राज्य की ऊंची पहाड़ियों पर कुछ जगहों पर हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है। 9 मार्च को राज्य की मध्य और ऊंची पहाड़ियों पर कुछ जगहों पर हल्की बारिश-बर्फबारी होने के आसार हैं। सप्ताह के बाकी दिनों में राज्य में मौसम साफ रहने का पूवार्नुमान है। वहीं अगले 2-3 दिनों में राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने के आसार हैं।

## 'पश्चिम एशिया में फंसे हिमाचलवासी सुरक्षित; हवाई क्षेत्र खुलने के बाद उन्हें वापस लाया जाएगा'

**शिमला, (वेब वार्ता)।** हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सोमवार को कहा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में फंसे किसी भी हिमाचलवासी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, और उड़ानें फिर से शुरू होने पर लौटने के इच्छुक सभी लोगों को सुरक्षित वापस लाया जाएगा। चौहान ने कहा कि राज्य के गृह सचिव विदेश मंत्रालय और केंद्रीय गृह सचिव के संपर्क में हैं, चूंकि पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया है, इसलिए स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# सेवा विस्तार के बीच स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल की बेटी को प्रवक्ता से बना दिया प्रिंसिपल

शिमला, (वेब वार्ता)।

स्कूल शिक्षा निदेशालय ने बीते दिनों स्वास्थ्य मंत्री की बेटी को सेवा विस्तार देने के बाद अब प्रिंसिपल पद पर पदोन्नत कर दिया है। मंत्री की बेटी गीतांजलि कश्यप डाइट सोलन में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत थीं। बीते दिनों इन्हें 6 माह का सेवा विस्तार दिया गया। अब शिक्षा निदेशालय ने 56 प्रवक्ताओं और हेडमास्टरों को पदोन्नत कर प्रिंसिपल बना दिया है। इन्हें दिसंबर 2025 से वित्तीय लाभ मिलेंगे। साथ इन्हें स्कूलों में भेजने के लिए शिक्षा निदेशालय की ओर से अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। इनमें गीतांजलि कश्यप भी शामिल हैं। हालांकि अभी उन्हें स्थानांतरित करने के निर्देश जारी नहीं हुए हैं।

शिक्षा निदेशालय की ओर से 28 फरवरी को जारी पदोन्नति आदेशों में गीतांजलि कश्यप को प्रवक्ता से प्रिंसिपल बनाया गया है। इन्हें सेवा विस्तार देने के आदेश इन पदोन्नति आदेशों से पहले जारी हो गए थे। सोलन से भाजपा के प्रत्याशी रहे डॉ राजेश कश्यप की पत्नी कैबिनेट मंत्री धनीराम शांडिल की बेटी हैं।

आईजीएमसी की प्राचार्य डॉ. सीता ठाकुर को सरकार ने एक साल का सेवा विस्तार दिया है। इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। डॉ. सीता को 28 फरवरी को सेवानिवृत्त होना थी। अब सेवा विस्तार मिल जाने के बाद वह 28 फरवरी 2027 तक इस पद पर बनी रहेंगी।

# सीबीएसई स्कूलों के लिए टीचर टेस्ट का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

शिमला, (वेब वार्ता)।

हिमाचल प्रदेश के सीबीएसई संबद्ध सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए शिक्षकों के चयन के लिए अनिवार्य परीक्षा करवाने के सरकार के फैसले को लेकर विवाद बढ़ गया है। इस मामले में हिमाचल प्रदेश ज्वाइंट टीचर्स फ्रंट ने सरकार के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में संयुक्त याचिका दायर की है। याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई जिसमें प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया गया है।

यह मामला न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है। याचिका में राज्य सरकार के उस आदेश को रद्द करने की मांग की गई है, जिसके तहत सीबीएसई पैटर्न वाले सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए शिक्षकों को टेस्ट पास करना अनिवार्य किया गया है। बात दें कि सरकार के इस फैसले का विरोध प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों और प्रवक्ताओं तक किया जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि पहले से कार्यरत अध्यापकों से परीक्षा लेना अनुचित है और इससे उनकी सेवा शर्तों पर असर पड़ेगा।





## 134 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार सप्लायरों की होगी वित्तीय जांच

**मंडी, (वेब वार्ता)।** 134 ग्राम चिट्टा मामले में गिरफ्तार सप्लायर आरोपियों की पुलिस वित्तीय जांच पड़ताल भी करेगी। मंगलवार को दोनों स्थानीय सप्लायरों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से गहन पूछताछ कर उनके आपराधिक रिकॉर्ड, वित्तीय लेनदेन और संपर्कों की पड़ताल की जाएगी। दोनों आरोपियों के तहत एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले भी प्राथमिकी दर्ज हैं। अब पुलिस इनके जरिए सक्रिय लोकल नेटवर्क और पैडलरों तक पहुंचने की तैयारी में है। आरोपी क्षेत्र में पैडलरों के माध्यम से नशे की सप्लाई कर रहे थे।

# केंद्र सरकार सोती रही, देरी के आधार पर याचिका खारिज

शिमला, (वेब वार्ता)।

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने देरी के कारण दायर उस रिट याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र सरकार ने 2020 के एक पुराने आदेश को चुनौती दी थी। अदालत ने कहा कि इतने लंबे समय तक केंद्र सरकार सोती रही। यदि सरकार लंबे समय तक अदालती आदेशों पर चुप्पी साधे रहती है, तो बाद में वह अपनी मर्जी से उन आदेशों को चुनौती नहीं दे सकती।

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने पाया कि केंद्र सरकार 2020 के आदेश के बाद वर्षों तक शांत बैठी रही। जब 2025 में ट्रिब्यूनल ने आदेश का पालन न होने पर सख्त रुख अपनाया और अवमानना जैसी स्थिति बनी, तब सरकार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने कहा है कि जब किसी आदेश को लंबे समय तक चुनौती नहीं दी जाती, तो उस पक्ष के पक्ष में एक कानूनी अधिकार बन जाता है जिसने केस जीता है।

प्रशासनिक आदेशों या वरिष्ठता के दावों को उचित समय के भीतर चुनौती दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि विभाग ने समय रहते कानूनी उपचार नहीं अपनाया और अब इस स्तर पर मेरिट के आधार पर मामले को दोबारा खोलने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

यह मामला खेम राज वर्मा और अन्य बनाम भारत संघ से जुड़ा है। उत्तरदाताओं ने 1999 से 2004 के बीच अनुबंध के आधार पर संस्थान में कार्य किया था।

## तीन अलग-अलग सड़क हादसों में पांच घायल

**मंडी, (वेब वार्ता)।** क्षेत्र में बीते सोमवार को अलग-अलग तीन सड़क हादसों पांच लोग घायल हो गए। तीनों मामलों में वाहन चलाते समय लापरवाही भारी साबित हुई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्जकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हराबाग के समीप बाइक चालक राजेश कुमार तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में प्रवेश कर गया, जहां उसकी टक्कर सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी से हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक राजेश कुमार और उसके साथ बैठी युवती घायल हो गई। बोलेरो चालक ने दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। दूसरा मामला थाना बीएसएल कॉलोनी के तहत सोमवार शाम करीब 6:30 बजे का है।

# सरकारी सीबीएसई स्कूलों के नियमों पर यूटर्न, फिलहाल नहीं बदलेगी वर्दी

शिमला, (वेब वार्ता)।

हिमाचल प्रदेश के सीबीएसई संबद्ध सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के ड्रेस कोड और विद्यार्थियों की वर्दी को लेकर सरकार ने यू-टर्न ले लिया है। फिलहाल इन स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र वर्दी नहीं मिलेगी। शैक्षणिक सत्र 2027-28 सत्र अब नई व्यवस्था लागू हो सकती है। भवन रंग योजना पर भी निर्णय लंबित है। सोमवार को इस असमंजस की स्थिति पर शिक्षा निदेशालय ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्कूलों में पहले से लागू वर्दी और ड्रेस कोड ही जारी रहेगा। नई व्यवस्था पर निर्णय बाद में लिया जाएगा।

स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि कई फील्ड कार्यालयों से यह पूछा जा रहा था कि क्या शिक्षकों का नया ड्रेस कोड, विद्यार्थियों की नई वर्दी और स्कूल भवनों की रंग योजना सत्र 2026-27 से लागू होगी। इस पर विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

जिला उपनिदेशकों और स्कूल प्रिंसिपलों को जारी निर्देशों के अनुसार शिक्षकों के ड्रेस कोड और विद्यार्थियों की वर्दी को अंतिम रूप तकनीकी शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) जैसी उपयुक्त एजेंसियों से परामर्श के बाद दिया जाएगा। इसके बाद नई व्यवस्था शैक्षणिक सत्र 2027-28 से लागू की जा सकती है।

# नागरिक अस्पताल शाहपुर में शीघ्र लगेगी अल्ट्रासाउंड मशीन: केवल सिंह पठानिया

शाहपुर, (वेब वार्ता)।

नागरिक अस्पताल शाहपुर में सोमवार देर सायं रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अवगत कराया गया कि जनवरी 2026 तक अस्पताल में 1,50,663 मरीजों ने पंजीकरण करवाया, जबकि वर्ष 2024-25 में यह संख्या 1,41,709 थी। वर्ष 2026 के फरवरी एवं मार्च माह की ओपीडी का आंकड़ा इसमें शामिल नहीं है। इसी प्रकार अब तक 87,032 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 65,490 थी, जो अस्पताल में बढ़ती स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमाण है।



रोगी कल्याण समिति के वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि 1 अप्रैल 2025 तक समिति के पास 5,31,909 रुपये शेष थे। 1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक समिति को 60,02,218 रुपये की आय हुई तथा 19,75,425 रुपये व्यय किए गए। आगामी वित्त वर्ष में 50,39,797 रुपये की अनुमानित आय के साथ कुल 96,16,499 रुपये का बैलेंस रहने की संभावना है।

# स्मार्टफोन, कंप्यूटर और मुख्य अनाज की भी देनी होगी जानकारी

शिमला, (वेब वार्ता)।

प्रदेशभर में 12 मई से शुरू होने जा रही जनगणना-2027 में पहली बार लोगों को स्मार्टफोन, इंटरनेट, कंप्यूटर और लैपटॉप आदि की भी जानकारी देनी होगी। इसके अलावा परिवार के उपभोग किए जाने वाले मुख्य अनाज की भी जानकारी जनगणना में शामिल होगी।

अभी तक जनगणना में आबादी के साथ मकानों की संख्या और इनके इस्तेमाल से जुड़ा रिकॉर्ड ही शामिल किया जाता था। अब अन्य सवाल भी शामिल किए गए हैं, जिससे नीति निर्धारण में इसका इस्तेमाल किया जा सके। शिमला जिले में जनगणना की तैयारियों को लेकर कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। पूरे देश की तरह प्रदेश में भी जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण की जनगणना में मकान, इसके प्रकार, परिवार समेत कुल 34 सवाल शामिल होंगे। प्रदेश के तीन जिलों शिमला, किन्नौर और लाहौल स्पीति समेत चंबा के कुछेक इलाके में इसी साल दोनों चरणों की जनगणना पूरी की जाएगी। वहीं बाकी नौ जिलों में अगले साल दूसरा चरण पूरा होगा।

पहले चरण की जनगणना 12 मई से शुरू होने जा रही है। यह 11 जून तक चलेगी। जनगणना कार्य निदेशालय निदेशक दीप शिखा शर्मा ने बताया कि जनगणना-2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी।

# ग्राम पंचायतों के न्यायिक अधिकार समाप्त, अब मजिस्ट्रेट करेंगे सुनवाई

देहरागोपीपुर, (वेब वार्ता)।

हिमाचल प्रदेश में पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव लागू कर दिया गया है। पंचायती राज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब पंचायत स्तर पर किसी भी न्यायिक मामले की सुनवाई नहीं होगी। ऐसे सभी प्रकरण संबंधित सक्षम न्यायालय अथवा मजिस्ट्रेट के पास भेजे जाएंगे।

पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त निदेशक की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार एक फरवरी 2026 से निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के सभी अधिकार समाप्त हो चुके हैं। इसके साथ ही पंचायत न्यायालयों के माध्यम से होने वाली सुनवाई की व्यवस्था स्वतः खत्म हो गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) और पंचायत सचिवों को न्यायिक शक्तियां प्रदान नहीं की गई हैं। उनकी जिम्मेदारी केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित रहेगी।


# कांग्रेस ने पांच मार्च को बुलाई विधायक दल की बैठक

## कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने दी जानकारी

शिमला, (वेब वार्ता)।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल की बैठक 5 मार्च को सुबह 11 बजे बुलाई गई है। यह बैठक हिमाचल प्रदेश विधानसभा के रूलिंग लाउंज, शिमला में होगी। कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि बैठक मुख्यमंत्री के निर्देश पर बुलाई गई है और सभी सीएलपी सदस्यों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्यसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवार के नामांकन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देना है। कांग्रेस की तरफ से मंगलवार को प्रत्याशी के नाम का एलान किया जाएगा। अहम बात है कि पांच मार्च को कांग्रेस प्रत्याशी की तरफ से शिमला में नामांकन दाखिल किया जाएगा।

राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस मंगलवार देर शाम को अपने प्रत्याशी के नाम का एलान कर सकती है। पार्टी के भीतर इस बार हिमाचल के किसी नेता को मौका देने की मांग जोर पकड़ती दिख रही है। अधिकांश कैबिनेट मंत्री और विधायक राज्य के हितों की पैरवी करने वाले स्थानीय नेता के पक्ष में बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिल्ली में पार्टी हाईकमान से चर्चा की। उन्होंने प्रत्याशी चयन का अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व पर छोड़ दिया है। सूत्रों के अनुसार उन्होंने प्रदेश के नेताओं की राय से भी आलाकमान को अवगत कराया है।



कांग्रेस आलाकमान केंद्रीय नेताओं के नाम पर भी विचार कर रहा है। प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के नाम को लेकर अटकलें तेज हैं। हालांकि प्रदेश के कई नेता बाहरी उम्मीदवार को टिकट देने के पक्ष में नहीं बताए जा रहे हैं। प्रदेश से वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा का नाम भी चर्चा में बना हुआ है। उन्हें अनुभवी और राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी चेहरा माना जा रहा है।

कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की दावेदारी को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। संगठन के भीतर उनके नाम को लेकर चर्चा जरूर है, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है। इससे राजनीतिक हलकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

# विभाग की प्राथमिकता वाली योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करें : कलेक्टर

**जगदलपुर, (वेब वार्ता)।**

बस्तर जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि, विभाग की प्राथमिकता वाली योजना को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासन के प्रमुख योजनाओं के दस-दस हितग्राहियों को मॉडल के रूप में चयनित करने के लिए कहा, जिनको अन्य लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने के लिए उपयोग किया जा सके। आज मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए।



बैठक में कलेक्टर ने आगामी 22 मार्च को आयोजित की जा रही बस्तर हेरीटेज मैराथन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों से पंजीयन करवाने कहा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर जनपद में कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों के लिए अधिकारियों को दायित्व दिए। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष के चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों की योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में विकास कार्यों को गति मिल सके।

कलेक्टर ने बैठक में ई-प्रगति पोर्टल की प्रविष्टियों, डेफ्ट खातों में लंबित राशि जमा कराने,पी एम श्री स्कूल के तहत संचालित विकास कार्यों की प्रगति तथा धान के उठाव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने राशन दुकानों में खाद्य सामग्री के पर्याप्त भंडारण एवं समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने संपूर्णता अभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों के निराकरण, लखपति पहल योजना की प्रगति, पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं स्थापना कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि में एग्रिस्टैक की प्रगति एवं किसानों के ई-केवाईसी की स्थिति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

# अरुण साव ने बीती रात बिलासपुर में किया होलिका दहन, प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**बिलासपुर, (वेब वार्ता)।**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बीती रात बिलासपुर के बाबजी कॉलोनी में विधि-विधान से होलिका दहन कार्यक्रम में कॉलोनी वासियों के साथ शामिल हुए। इस पावन अवसर पर उन्होंने रंग-गुलाल लगाकर सभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक इस पर्व पर उन्होंने कामना करते हुए कहा कि होलिका दहन की पवित्र अग्नि हम सभी के जीवन से ईर्ष्या, द्वेष और नकारात्मकता का अंत कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे।



साथ ही, प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के माध्यम से समाज में एकता को और अधिक सशक्त बनाने का संदेश दिया।

## जिले की 184 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने प्रक्रिया शुरू

**कवर्धा, (वेब वार्ता)।**

जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की प्रकिया प्रारंभ की गई है। 09 मार्च 2025 के तहत जारी दिशा निदेर्शों के अनुसार ऐसी ग्राम पंचायते एवं नगरीय निकाय जहा विगत दो वर्षों में किसी भी प्रकार का बाल विवाह का प्रकरण दर्ज नही हुआ है उन्हें बाल विवाह मुक्त पंचायत, नगरीय निकाय घोषित किया जाएगा।

जिले के कुल 468 ग्राम पंचायतो में से 184 ग्राम पंचायतौं से बाल विवाह मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए अनुशंसा प्राप्त हुए है, जिनमें यह प्रमााणित किया गया है कि विगत दो वर्षों में किसी भी बाल विवाह का मामला संज्ञान में नही आया है। इन ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। बाल विवाह मुक्त घोषित किये जाने वाले ग्राम पंचायतों की सूची कार्यालय कलेक्टर कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कवर्धा, दशरंगपुर, स.लोहारा, पंडरिया, कुण्डा, कुकदूर, बोड़ला, चिल्फी, तरेगांव जंगल में प्रदर्शित की गई है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा संगठन को कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का बाल विवाह का प्रकरण संज्ञान में हो तो वे 09 मार्च 2026 तक अपने दावा या आपत्ति कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय प्रातः 10 से सायं 05.30 बजे तक लिखित रुप में सुसंगत दस्तावेजो सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

## बलरामपुर जिले में शुभ मुहूर्त में हुआ होलिका दहन, आधी रात तक पुलिस रही अलर्ट

**बलरामपुर, (वेब वार्ता)।**

फाल्गुन पूर्णिमा की पावन रात्रि में बलरामपुर जिले के रामानुजगंज नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ होलिका दहन संपन्न हुआ। कन्हर नदी तट स्थित प्राचीन शिव मंदिर के समीप सोमवार देर रात 12:45 बजे शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। अग्नि प्रज्वलन के साथ ही श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की।

महावीर पंचांग के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन का शुभ समय रात 11:53 बजे से 12:50 बजे के बीच निर्धारित था। निर्धारित मुहूर्त में विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर होलिका दहन किया गया। नगर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में लोग कन्हर तट पहुंचे और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस पर्व में सहभागी बने।

आधी रात तक आयोजन स्थल पर चहल-पहल बनी रही। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। थाना स्तर पर अधिकारियों ने स्वयं मौजूद रहकर स्थिति पर नजर रखी। प्रशासन की सतर्कता के चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में होलिका दहन 2 मार्च को मनाया गया है, जबकि मुख्य रंगोत्सव धुलंडी 4 मार्च 2026, बुधवार को मनाई जाएगी। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण एवं सूतक काल होने के कारण इस बार होलिका दहन के अगले दिन रंग नहीं खेले जाएंगे। धार्मिक परंपरा के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा के पश्चात चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि को रंगों का पर्व मनाया जाता है।

नगरवासियों ने एक-दूसरे को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

## सरईकेरचा व्यपवर्तन एवं बरकेला जलाशय योजना के लिए सात करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत

**रायपुर, (वेब वार्ता)।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा आज मंगलवार को सरगुजा जिले के विकासखण्ड-मैनपाट की सरईकेरचा व्यपवर्तन योजना के नहर की जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 95 लाख 91 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण हो जाने पर रूपांकित सिंचाई क्षमता 414 हेक्टेयर के विरूद्ध 253 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। इसी तरह से विकासखण्ड-अंबिकापुर की बरकेला जलाशय योजना के बांध एवं नहर के नवीनीकरण कार्य के लिए 4 करोड़ 98 लाख 67 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं।

## उद्यमियों के लिए इंडस्ट्री व बैंकर्स मीट का आयोजन छह मार्च को

**कवर्धा, (वेब वार्ता)।**

आरएएमपी योजनान्तर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए इंडस्ट्री एवं बैंकर्स मीट का आयोजन 6 मार्च 2026 को 3.30 बजे से होटल रायल सेलिब्रेशन, रायपुर रोड, कवर्धा में किया जाएगा।

बैठक में अध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, अध्यक्ष राईस मिल संघ, अध्यक्ष फ्लाई एश ब्रिक्स संघ, अध्यक्ष जिला गुड़ इकाई मालिक संघ, सर्व उद्योग प्रतिनिधि, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, समस्त चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग, सहायक संचालक मछलीपालन विभाग, सहायक संचालक अंत्याव्यवसायी, सहायक संचालक खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, मुख्य नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कवर्धा तथा समस्त डीआरपी की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी।

आरएएमपी योजना, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार तथा विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से समर्थित है। योजना का उद्देश्य राज्य के एमएसएमई उद्यमों की बाजार पहुंच बढ़ाना, उद्यमिता विकास एवं क्षमता संवर्धन को सुदृढ़ करना तथा विशेष रूप से समावेशिता सुनिश्चित करते हुए जमीनी स्तर तक लाभ पहुंचाना है। आयोजित इंडस्ट्री एवं बैंकर्स मीट में उद्यमियों को बैंकिंग ऋण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

## होली त्योहार पर अम्बेडकर अस्पताल में 24 घंटे जारी रहेगी इमरजेंसी सेवा, निर्देश जारी



**रायपुर, (वेब वार्ता)।**

होली त्योहार के चलते छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा पैरामेडिकल स्टाफ सहित सभी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

होली के दौरान संभावित दुर्घटनाओं एवं आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए अधीक्षक डॉ. सोनकर द्वारा आपातकालीन सेवाओं के निर्बाध संचालन के विशेष निर्देश दिए गए हैं। होली त्योहार के दिन 4 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण अस्पताल में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) का संचालन नहीं होगा। हालांकि, इमरजेंसी सेवा पूर्व की भांति 24 घंटे निरंतर जारी रहेगी। आपात चिकित्सा विभाग में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी वार्डों में जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समस्त मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## कमला नेहरु कॉलेज में खूब उड़ें रंग-गुलाल तिलक लगाकर दी होली की शुभकामनाएं



**कोरबा, (वेब वार्ता)।**

इस बार तिथियों के गणित में होली पर्व का उत्साह लोगों पर तीन दिन पहले से ही चढ़ चुका है। इसी कड़ी में मंगलवार को पुरानी बस्ती स्थित कमला नेहरु महाविद्यालय में भी अवकाश से पूर्व सादगी से होली की खुशी साझा की गई। बुधवार को छुट्टी है, लिहाजा महाविद्यालय परिवार ने मंगलवार को सारे कार्य निपटाकर सादगी से होली मनाई।

प्राध्यापक व कर्मियों ने प्राचार्य डॉण. प्रशांत बोपापुरकर को तिलक लगाकर उनका स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भी सभी को रंग लगाकर स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की। प्राचार्य की अगुआई में कॉलेज स्टाफ ने परिसर में खूब रंग-गुलाल उड़ाए और एक-दूसरे से खुशी साझा करते हुए होली की शुभकामनाएं प्रदान की।

# मां दंतेश्वरी मंदिर में चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**जगदलपुर, (वेब वार्ता)।**

बस्तर जिला मुख्खालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में बस्तर की अराध्य मां दंतेश्वरी मंदिर में 23 जनवरी 2026 को हुई चोरी के मामले में पुलिस ने लगभग एक महीने की जांच के बाद चोरी के आरोपित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से चोरी किया गया मंगलसूत्र और सोने के हार का टुकड़ा बरामद हुआ है।

एएसपी माहेश्वर नाग ने आज मंगलवार को बताया कि मां दंतेश्वरी मंदिर में 23 जनवरी 2026 को हुई चोरी के मामले में चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। चोर के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। चोरी के आरोपित की पहचान मोनू यादव (27) निवासी शांतिनगर फ्रेजरपुर जगदलपुर के रूप में हुई है। उसका स्थायी पता ग्राम मंगनार, थाना करपावंड, जिला बस्तर है, उसे मारकेल नगरनार इलाके से पकड़ा गया है।



एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि वारदात के बाद पुलिस ने अलग-अलग 9 टीमें बनाकर जांच शुरू की । मां दंतेश्वरी मंदिर और शहर में लगे 100 से ज्यादा सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज खंगाली गई।

## पिकनिक से लौटते समय तेज रफ्तार बाइक खंभे से टकराई, एक युवक की मौत

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पिकनिक से घर लौटते समय तेज रफ्तार बाईक खंबे से टकरा जाने की घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार तुरीर्पारा का रहने वाला रितेश उरांव (19 साल) अपने एक साथी राजेश चंद्रा के साथ सोमवार सुबह बर्थडे मनाने के लिये आमापाल गया हुआ था। बताया जा रहा है बाइक सवार दोनों युवक शाम करीब चार बजे के आसपास घर लौट रहे थे। इस दौरान दोनों युवक जब गोवर्धनपुर के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से उछलकर सड़क किनारे खंबे से जा टकराई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रारंभिक जांच के दौरान ही डॉक्टर ने रितेश उरांव को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक राजेश यादव की हालत गंभीर बनी हुई है।

## धान की अंतर राशि पर साव ने कांग्रेस पर कसा तंज

**रायपुर, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ में धान की अंतर राशि को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने जहां इसे को किसानों के साथ 'प्रति एकड़ 3000 रुपए का चूना' करार दिया, वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार करते हुए कांग्रेस पर किसानों को ठगने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने अपने कार्यकाल में किसानों से किए वादे पूरे नहीं किए, उसे इस मुद्दे पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है।

डिप्टी सीएम साव ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में किसानों को दो साल का बोनस देने का वादा किया था, लेकिन वह पूरा नहीं किया। इसके विपरीत राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी के बाद अंतर की



पूरी राशि एकमुश्त किसानों के खातों में जारी की है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने जो कहा, वह करके दिखाया है।

राज्यसभा प्रत्याशी चयन को लेकर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। छत्तीसगढ़ से भाजपा प्रत्याशी के नाम पर चल रही अटकलों के बीच अरुण साव ने कहा कि पार्टी में चयन की प्रक्रिया जारी है और तय समय पर नाम की घोषणा तथा नामांकन किया जाएगा। स्थानीय प्रत्याशी की मांग के सवाल पर उन्होंने कांग्रेस पर अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा योग्य और सक्रिय कार्यकर्ता को अवसर देती है तथा अंतिम निर्णय पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड करता है।

असम में चुनावी जिम्मेदारी मिलने पर भी उन्होंने अपनी भूमिका स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि पार्टी के निदेर्शानुसार वे असम में संगठनात्मक कार्य कर रहे हैं और उन्हें लखीमपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहां स्थानीय कार्यकताओं के साथ मिलकर चुनावी रणनीति पर काम किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि असम में भाजपा ऐतिहासिक प्रदर्शन करेगी।

## सखी वन स्टॉप सेन्टर में भर्ती, दावा आपत्ति पांच से 12 मार्च तक

**बिलासपुर, (वेब वार्ता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सखी वन स्टॉप सेन्टर में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों की जांच पूरी कर ली गई है। अब इन आवेदनों पर दावा-आपत्ति 5 मार्च से 12 मार्च 2026 तक पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। मूल्यांकन सूची जिले की वेबसाईट बिलासपुर डॉट जीओवी डॉट इन में देखी जा सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर के लिए साइको-सोशल काउंसलर, केसवर्कर, पैरा लीगल कार्मिक-वकील, पैरा मेडिकल कार्मिक, कार्यालय सहायक तथा सुरक्षा गार्ड, नाइट गार्ड पदों के लिए 4 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

## रायगढ़ में होली पर ड्रोन से हुड़दंगियों पर नजर 400 पुलिस अधिकारी और जवान तैनात

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में होली शालीनता पूर्वक मनाने के लिए इस बार ड्रोन कैमरों से हुड़दंगियों पर नजर रखी जाएगी। रायगढ़ पुलिस अलर्ट मोड में है। शहर में चार सौ पुलिस अधिकारी और जवान तैनात रहेंगे। वहीं शहर में 16 चेकिंग पॉइंट भी बनाए गए हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों और माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

रायगढ़ जिले में पिछले 48 घंटे से पुलिस जवान तैनात हैं। बीती रात होलिका दहन शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ। होली की चौक-चौबंद व्यवस्था को लेकर एसएसपी रायगढ़ शशि मोहन सिंह ने आज पुलिस कार्यालय से जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों की वर्चुअल बैठक लेकर होली ड्यूटी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान पुलिस का रिस्पांस टाइम सबसे महत्वपूर्ण रहेगा और किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शहर की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी और सीएसपी मयंक मिश्रा को सौंपी गई है। सीएसपी मयंक मिश्रा ने बताया कि अगले 48 घंटे लगातार पेट्रोलिंग, चेकिंग पॉइंट्स पर सघन जांच और बाइकर्स गैंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोतवाली, चक्रधरनगर, जूटमिल और कोतरारोड़ क्षेत्रों में बनाए गए 16 चेकिंग पॉइंट्स पर यातायात टीम द्वारा ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# रायगढ़ में युवक पर चाकू से कई बार वार कर की गई हत्या




**रायगढ़, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में दो दिन पहले खेत में युवक की लाश मिलने की घटना में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने मृतक को उधार दिए गए तीन हजार रुपये वापस मांगने को हत्या का कारण बताया है। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम परसकोल में दो दिन पहले खेत में एक युवक की लाश मिली थी। मृतक की शिनाख्त अनिल कुमार चौहान (35 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राजेश जांगड़े, एफएसएल यूनिट, साइबर थाना स्टाफ एवं डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतक के शरीर पर पेट, गले और अन्य स्थानों पर धारदार हथियार से वार के निशान पाए गए।

पुलिस पूछताछ में मृतक की बहन खुशबू चौहान ने बताया कि रात में सड़क की ओर से हल्ला-गुल्ला की आवाज सुनाई दी थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। अगले दिन सुबह खेत में शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## अंबिकापुर में शराब के नशे में बेटे ने की पिता की हत्या

**सरगुजा, (वेब वार्ता)।** सरगुजा जिले के अंबिकापुर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शव को घर के पास स्थित पानी की टंकी में छिपा दिया। इसके बाद वह पास की दुकान में जाकर बिरयानी खाई और अपने किराए के कमरे में जाकर सो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबिकापुर नगर के ट्रांसपोर्ट नगर से लगे बहेरापारा में सोमवार की रात आरोपी प्रभात नशे की हालत में घर पहुंचा था। पिता ने उसे शराब के सेवन को लेकर फटकार लगाई, जिससे दोनों के बीच तीखा विवाद शुरू हो गया।

# राजधानी में 130 चालकों पर कार्रवाई 42 नाकों पर चला चेकिंग अभियान

**रायपुर, (वेब वार्ता)।**

होली के मद्देनजर राजधानी में यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक अभियान चलाया। देर शाम से रात तक चले विशेष ड्राइव में 130 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। सभी के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया गया। यह अभियान पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश में चलाया गया। शहर के सभी यातायात थाना क्षेत्रों में कुल 42 चेकिंग पॉइंट स्थापित किए गए, जहां ब्रीथ



एनालाइजर मशीन के माध्यम से चालकों की जांच की गई।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला और दौलत राम पोर्ते के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्तों और यातायात टीमों ने मोर्चा संभाला। जांच के दौरान 39 कार चालक, 73 मोटरसाइकिल सवार, 3 ट्रक चालक तथा 15 टाटा एस पिकअप और ई-रिक्शा चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए।

सभी मामलों में मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए वाहनों को यातायात मुख्यालय परिसर और संबंधित थानों में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस के अनुसार होली के बाद सभी प्रकरण न्यायालय में पेश किए जाएंगे, जहां प्रत्येक मामले में 10,000 से 15,000 रुपये तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है।

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान विशेषकर रात्रि में सघन जांच अभियान जारी रहेगा। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि होली की खुशियां जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ मनाएं तथा नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान खतरे में न डालें।

# पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से होगी साउथ अफ्रीका की भिड़ंत

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका की भिड़ंत न्यूजीलैंड से 4 मार्च को होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला जाना है। साउथ अफ्रीका इस टूर्नामेंट की इकलौती टीम है, जो विश्व कप में अजेय रही है।

टी20 फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की कुल 19 बार भिड़ंत हुई है, जिसमें से 12 मुकाबलों में जीत प्रोटियाज टीम के हाथ लगी है। वहीं, न्यूजीलैंड ने सिर्फ 7 मैच





जीते हैं। साउथ अफ्रीका का प्रदर्शन टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कमाल का रहा है। टीम ने टूर्नामेंट में अब तक खेले सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की है।

एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 राउंड में भारत, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे को हराते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। साउथ अफ्रीका की तरफ से बल्लेबाजी में एडेन मार्करम बेहतरीन फॉर्म में नजर आए हैं। मार्करम 7 मैचों में 175 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 268 रन बना चुके हैं।

वहीं, रयान रिकेल्टन भी लगातार बल्ले से अहम योगदान दे रहे हैं। रिकेल्टन 7 मैचों में 171 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 228 रन बना चुके हैं। क्विंटन डी कॉक ने भी पावरप्ले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को दमदार शुरूआत दी है। गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी साउथ अफ्रीका की ओर से इस विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं।

एनगिडी 6 मैचों में अब तक 12 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। वहीं, कॉर्बिन बॉश 11 विकेट निकाल चुके हैं। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम भी बेहतरीन लय में दिखाई दी है। बल्लेबाजी में टिम सीफर्ट ने 6 मुकाबलों में 157 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 216 रन बनाए हैं।

## स्मृति मंधाना बनीं नंबर-1 बल्लेबाज

दुबई, (वेब वार्ता)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आईसीसी की ओर से जारी ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज बन गई हैं। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर अलाना किंग एक पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष पर पहुंच गई हैं। मंधाना ने एक पायदान की छलांग लगाते हुए साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट को पछाड़ दिया है। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ब्रिस्बेन में खेले गए पहले वनडे मैच में 58 रन की पारी खेली थी। इसके बाद होबार्ट में 31 रन बनाए। इस बीच, किंग (775) ने गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप पर इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन के लगभग चार साल के राज को खत्म कर दिया। पूरे हफ्ते अलाना किंग ने 16.71 के एवरेज से 7 विकेट हासिल किए। उन्होंने भारत के विरुद्ध तीसरे वनडे मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करते हुए 33 रन देकर 4 विकेट निकाले।

# अर्जुन तेंदुलकर और वैभव सूर्यवंशी ने डुबोई लुटिया दोनों स्टार्स बुरी तरह फेल

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

आईपीएल 2026 की तैयारी कर रहे वैभव सूर्यवंशी और अर्जुन तेंदुलकर हालिया अच्छे प्रदर्शन के बाद अब लगातार फ्लॉप हो गए हैं, जिससे दोनों खिलाड़ियों की फॉर्म पर सवाल उठने लगे हैं।

आईपीएल 2026 से पहले घरेलू टूर्नामेंटों में खिलाड़ी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं, लेकिन युवा खिलाड़ियों अर्जुन तेंदुलकर और वैभव सूर्यवंशी के लिए हालिया मुकाबला निराशाजनक साबित हुआ।

डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में दोनों ही खिलाड़ी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके, जिसका असर टीम के नतीजे पर भी साफ नजर आया। आईपीएल





2026 की तैयारियों के बीच डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में ब्लू टीम का मुकाबला 2 मार्च को केनरा बैंक से हुआ। इस मैच में ब्लू टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी, लेकिन पूरी टीम संघर्ष करती नजर आई। बल्लेबाज बड़ी साझेदारी बनाने में नाकाम रहे और टीम 17.2 ओवरों में सिर्फ 136 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

लक्ष्य छोटा होने के कारण विपक्षी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं बन सका और मैच एकतरफा हो गया। ब्लू टीम के लिए, ओपनिंग करने उतरे वैभव सूर्यवंशी से बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह शुरुआत को बड़े स्कोर में बदल नहीं सके। उन्होंने 14 गेंदों में 20 रन बनाए, जिसमें 4 चौके शामिल रहे। हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 146 का रहा, लेकिन टीम को मजबूत शुरुआत नहीं मिल सकी।

# वर्ल्ड कप में ट्रैवल में रुकावट के बाद ज़िम्बाब्वे टीम सुरक्षित





नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

ज़िम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने कन्फर्म किया है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने कैंपेन के बाद ज़िम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत में सुरक्षित है, ट्रैवल में रुकावटों की वजह से उनके घर लौटने में देरी हुई।

सोमवार को एक बयान में, ज़िम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इमरजेंसी उपाय शुरू कर दिए हैं और टीम के लिए दूसरे ट्रैवल इंतजाम करने के लिए इंटरनेशनल एयरलाइन्स के साथ काम कर रही है। जेडसी ने आगे कहा कि वह आईसीसी और भारत में टीम मैनेजमेंट के साथ लगातार बातचीत में है ताकि यह पक्का हो सके कि खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ जल्द से जल्द और सुरक्षित घर लौटें। बयान में कहा गया, बदले हुए ट्रैवल प्लान फाइनल होने के बाद और अपडेट की उम्मीद है। ज़िम्बाब्वे ने टूर्नामेंट का अपना आखिरी मैच रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला।

# घर लौटीं सिंधू ऑल इंग्लैंड में नहीं खेल पाने की भड़ास दीवार तोड़कर निकाली

बंगलूरू, (वेब वार्ता)।

ईरान-इस्राइल-अमेरिका तनाव के चलते सिंधू को न केवल ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप टूर्नामेंट छोड़ना पड़ा, बल्कि उनकी तैयारी की लय भी प्रभावित हुई है। यह अनुभव सिंधू और उनकी टीम के लिए निश्चित रूप से मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन सकारात्मक बात यह है कि वह सुरक्षित अपने घर लौट आई हैं।

पीवी सिंधू दुबई से बंगलूरू में अपने घर लौट चुकी हैं। ईरान-इस्राइल-यूएस के बीच सैन्य तनाव की वजह से दुबई एयरपोर्ट बंद होने की वजह से वह दुबई में फंस गई थीं। हालांकि, अब वह घर लौट चुकी हैं और उन्होंने खुद इंस्टाग्राम स्टोरी लगाकर और साथ ही एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी पुष्टि की है। हालांकि, घर वापसी पर सिंधू के पति वेंकट ने





उन पर चुटकी भी ली है।

दरअसल, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए बर्मिंघम पहुंचने के लिए दुबई होते हुए रवाना हुई थीं, लेकिन अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर बमबारी के बाद खाड़ी क्षेत्र में उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया। इसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई से स्थिति और तनावपूर्ण हो गई, जिससे दुबई भी प्रभावित हुआ। वह समय पर इंग्लैंड नहीं पहुंच सकीं और टूर्नामेंट से हटने और घर लौटने का फैसला लिया। हालांकि, घर लौटने के बाद वह बंगलूरू में सीधे अपने अंडर कंस्ट्रक्शन फ्लैट पर पहुंचीं। वहां दीवारें टूटी पड़ी थीं। ऐसे में उनके पति वेंकट दत्ता ने चुटकी लेते हुए एक तस्वीर साझा की।

## जॉर्डन कॉक्स, दीप्ति शर्मा हंड्रेड ऑक्शन की लॉन्गलिस्ट में शामिल

लंदन, (वेब वार्ता)। द हंड्रेड 2026 के लिए ऑक्शन लॉन्गलिस्ट की घोषणा कर दी गई है, जिसमें 247 पुरुष और 178 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। जॉनी बेयरस्टो, हैरिस राउफ, डेविड मिलर, एडेन मार्करम और जॉर्डन कॉक्स पुरुष लिस्ट के उन 10 मार्की प्लेयर्स में शामिल हैं, जिनकी नीलामी सबसे पहले होगी। नादिन डी क्लर्क और दीप्ति शर्मा इसी तरह की महिला मार्की लिस्ट में हैं। 11 और 12 मार्च को होने वाला यह ऑक्शन अलग-अलग फेज में होगा: टॉप 50 प्लेयर्स को फेज 1 में खरीदा जाएगा, जबकि बाकी प्लेयर्स (जिनमें वे भी शामिल हैं जो शुरू में नहीं बिके थे) फेज 2 और 3 में शामिल होंगे। कई इंटरनेशनल स्टार्स पर नजर रहेगी, जिनमें 2026 टी 20 वर्ल्ड कप में शामिल टॉप प्लेयर्स भी शामिल हैं, जो अब अपने आखिरी स्टेज में है।

# एयरस्पेस संकट के कारण वेस्टइंडीज की रवानगी में देरी

कोलकाता, (वेब वार्ता)।

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कन्फर्म किया है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के बाद, वेस्टइंडीज की सीनियर मेन्स टीम की भारत से रवानगी में इंटरनेशनल एयरस्पेस पाबंदियों के कारण देरी हुई है। सोमवार को जारी एक बयान में, सीडब्ल्यूआई ने कहा कि ये पाबंदियां खाड़ी क्षेत्र में मिलिट्री कार्रवाई से पैदा हुए सुरक्षा खतरों की वजह से हैं, जिससे कई इंटरनेशनल फ्लाइट रूट बाधित हुए हैं और एयरलाइंस को सुरक्षा कारणों से अपनी तय सेवाओं में बदलाव करने पड़े हैं।

सीडब्ल्यूआई ने आगे कहा कि वह टीम और सपोर्ट स्टाफ के लिए जल्द से जल्द सुरक्षित यात्रा का इंतजाम करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी), संबंधित सरकारी अधिकारियों और



एयरलाइन पार्टनर्स के साथ मिलकर काम कर रहा है।

बयान में कहा गया, हमारे खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सीडब्ल्यूआई ने कन्फर्म किया कि टीम अभी भारत में है और सुरक्षित है, साथ ही कहा कि वह स्थिति पर नजर रख रहा है और यात्रा के बदले हुए इंतजामों को फाइनल करने के बाद आगे अपडेट जारी करेगा। सीडब्ल्यूआई ने इस रुकावट के दौरान फैंस, परिवारों और स्टेकहोल्डर्स की समझदारी और चिंता की भी तारीफ की।

# उत्तराखंड की 12 वर्षीय कायरा भंडारी का टेबल टेनिस में अद्भुत कीर्तिमान

## एक साथ पांच कैटेगरी में नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

देहरादून, (वेब वार्ता)।

उत्तराखंड की 12 वर्षीय वंडर गर्ल कायरा भंडारी ने टेबल टेनिस की दुनिया में अपनी असाधारण प्रतिभा से सबको हैरान कर दिया है। हरिद्वार में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में कायरा ने अंडर-13 से लेकर सीनियर महिला वर्ग तक कुल पांच अलग-अलग श्रेणियों में पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने अंडर-15 और अंडर-19 में गोल्ड, अंडर-13 और सीनियर वर्ग में सिल्वर, जबकि अंडर-17 में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत अब वे नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 में रिकॉर्ड पांच श्रेणियों में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं।

लखनऊ के विकासनगर स्थित पैसिफिक टेबल टेनिस अकादमी में



अंतरराष्ट्रीय कोच पराग अग्रवाल से प्रशिक्षण ले रही कायरा रोजाना 7 से 8 घंटे कड़ा अभ्यास करती हैं। खेल के प्रति उनके समर्पण का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे अपनी पढ़ाई को बाधित न करने के लिए इंटरनेशनल ऑनलाइन स्कूल से शिक्षा ले रही हैं। उनकी मां लतिका भंडारी लखनऊ में उनके साथ रहकर उनके आहार और ट्रेनिंग का पूरा ख्याल रखती हैं।

कायरा ने मात्र 6 साल की उम्र में पैडल थामा था और आज वे देश की सबसे तेजी से उभरती हुई टेबल टेनिस स्टार बन चुकी हैं। आगामी महिला दिवस के उपलक्ष्य में चर्चा में आई कायरा का सपना अगले 5 वर्षों में एशियाई खेलों और ओलंपिक में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना है।

शरत कमल और मनिका बत्रा को अपना आदर्श मानने वाली कायरा को विज्ञान विषय और सुधा मूर्ति की किताबें पढ़ना पसंद है। उनके कोच का मानना है कि कायरा की एकाग्रता और फुर्ती उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बनाती है। नेशनल चैंपियनशिप के बाद उनका अगला लक्ष्य भारतीय अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह बनाना है, ताकि वे वैश्विक मंच पर तिरंगा फहराकर देश का राष्ट्रगान बजा सकें।

## पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के लिए अपने खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना

इस्लामाबाद, (वेब वार्ता)।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपए (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है।

पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है।

क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुर्माना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। ये जुर्माना ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के तुरंत बाद लगाया गया था, जहां खराब प्रदर्शन के कारण 61 रन से हार मिली थी। उन्हें बताया गया था



कि अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचता है तो जुर्माना माफ किया जा सकता है।

हालांकि, मौजूदा पीसीबी प्रबंधन के पास बड़े टूर्नामेंट में निराशा के बाद सजा देने का यह तरीका है। पांच महीने पहले, एशिया कप फाइनल में भारत से मिली करीबी हार के बाद, पीसीबी ने खिलाड़ियों को दिए गए सभी नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) को कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि यह निलंबन जल्द ही हटा लिया गया क्योंकि कुछ टॉप खिलाड़ी बीबीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गए।

# कोच गौतम गंभीर ने संजू सैमसन को बताया वर्ल्ड क्लास प्लेयर

## ईडन गार्डेन्स में वेस्टइंडीज को हरा कर टीम इंडिया सेमीफाइनल में

कोलकाता, (वेब वार्ता)।

कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डेन्स में खेले गए मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के असली हीरो संजू सैमसन रहे, जिन्होंने मात्र 50 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 12 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के शामिल थे, जिसकी बदौलत भारत ने 196 रनों का विशाल लक्ष्य 4 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

हेड कोच गौतम गंभीर ने संजू की तारीफ करते हुए उन्हें वर्ल्ड क्लास प्लेयर बताया और कहा कि जब टीम को सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब संजू ने अपनी पूरी क्षमता का परिचय दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गौतम गंभीर ने केवल संजू







ही नहीं, बल्कि शिवम दुबे के योगदान को भी मैच विनिंग बताया। गंभीर ने कहा कि मेरे लिए शिवम दुबे की दो बाउंड्री उतनी ही महत्वपूर्ण हैं जितने संजू के 97 रन। कोच ने टीम भावना पर जोर देते हुए कहा कि अक्सर बड़ी पारियां हेडलाइन बनती हैं, लेकिन छोटे और प्रभावशाली योगदान ही टीम को जीत दिलाते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर शिवम वे दो बाउंड्री नहीं मारते, तो शायद संजू की पारी पर चर्चा भी नहीं होती। गंभीर के अनुसार, यही निस्वार्थ सोच भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत है।

वेस्टइंडीज पर इस शानदार जीत के बाद अब भारतीय टीम का मनोबल सातवें आसमान पर है। अब भारत का सामना गुरुवार, 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा।

## सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारी घोषित, एलीट पैनल में नितिन मेनन शामिल

दुबई,(वेब वार्ता)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल मैच 4 और 5 मार्च को खेले जाने हैं। भारत के नितिन मेनन को इन नॉकआउट मुकाबलों के लिए मैच अधिकारियों के एलीट पैनल में शामिल किया गया है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 4 मार्च साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल-1 खेला जाना है। इसके बाद 5 मार्च को भारत की टीम इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल-2 खेलेगी। इन मुकाबलों को जीतने वाली टीम 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मैच खेलेगी। रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ बुधवार को साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहले सेमीफाइनल के लिए ऑनफील्ड अंपायर होंगे। कोलकाता में, नितिन मेनन थर्ड अंपायर होंगे, रॉड टकर फोर्थ अंपायर होंगे और जवागल श्रीनाथ मैच रेफरी होंगे। दूसरी ओर, मुंबई में भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल-2 में ऑन-फील्ड अंपायर क्रिस गैफनी और अल्लाहुद्दीन पालेकर अंपायरिंग करेंगे।

# पाकिस्तान-बांग्लादेश वनडे सीरीज पर सस्पेंस

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

टी20 वर्ल्ड कप खत्म होते ही पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी थी, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए इस सीरीज के रद्द होने की संभावना बढ़ गई है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बांग्लादेश दौरे पर जाना है, लेकिन अब इस वनडे सीरीज के आयोजन पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं। दोनों देशों के बीच होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज रद्द होने की आशंका जताई जा रही है।

मौजूदा जियोपॉलिटिकल तनाव को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 11 मार्च से शुरू होनी है। इस सीरीज के मुकाबले 11, 13 और 15 मार्च को ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने तय हैं। पाकिस्तान टीम को इस सीरीज के लिए 9 मार्च को बांग्लादेश पहुंचना था, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए दौरे पर संशय पैदा हो गया है। यह





सीरीज बांग्लादेश के लिए खास मानी जा रही थी, क्योंकि पिछले साल अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद यह उनकी पहली होम सीरीज होने वाली थी। साथ ही यह दोनों टीमों के लिए अगले साल साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी का अहम मौका भी माना जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शेड्यूल पर भी पड़ सकता है।

पाकिस्तान के मीडिया आउटलेट जियो सुपर की रिपोर्ट में दावा किया गया कि क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इस दौरे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (डब्ल्यू) के अधिकारियों का मानना है कि टीम का दौरा तभी संभव होगा जब यात्रा और सुरक्षा से जुड़ी कोई गंभीर जोखिम की स्थिति नहीं होगी। फिलहाल बोर्ड हालात पर नजर बनाए हुए है और अंतिम फैसला परिस्थितियों के आकलन के बाद लिया जाएगा।

दूसरी ओर, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (इडइ) ने सीरीज रद्द होने की खबरों को लेकर साफ किया है कि उन्हें अभी तक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। इडइ के क्रिकेट ऑपरेशंस चेयरमैन नजमुल आबेदीन ने कहा कि इडइ की योजना में किसी बदलाव को लेकर बोर्ड को कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# यूएस की संयुक्त मेजबानी में होने वाले फीफा विश्वकप में ईरान का खेलना संदिग्ध

तेहरान, (वेब वार्ता)।

अमेरिका-इस्राइल हमलों और क्षेत्रीय अस्थिरता के बाद ईरान के फुटबॉल महासंघ प्रमुख मेहदी ताज ने फीफा विश्वकप में टीम की भागीदारी पर संदेह जताया है।

वहीं, मेजर लीग सॉकर में लियोनेल मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराया और अहम जीत दर्ज की।

ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने खेल पोर्टल वर्जेश-3 से कहा, 'निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते।'



अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद इस देश का भविष्य अनिश्चितता में डूब गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लैवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसके बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

लियोनल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की। पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया।

सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई जो हाफ टाइम तक बरकरार रही।

# चंद्र ग्रहण खत्म होने के बाद फौरन करना चाहिए ये पांच काम



**आज** 3 मार्च 2026 को चंद्र ग्रहण का विशेष संयोग बन रहा है। धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल को अत्यंत संवेदनशील और प्रभावकारी समय माना गया है। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि ग्रहण के दौरान वातावरण की सूक्ष्म ऊर्जा में परिवर्तन होता है,जिससे नकारात्मकता बढ़ती है इसलिए इस समय जप, तप, स्नान और दान का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। विशेष रूप से चंद्र ग्रहण के पश्चात स्नान करके श्रद्धा भाव से दान करना पुण्यदायी माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इससे मानसिक अशांति, नकारात्मकता और कष्टों में कमी आती है तथा घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद गंगाजल मिले जल से स्नान करना शुभ माना गया है। यदि संभव हो तो किसी पवित्र नदी में स्नान करना उत्तम बताया गया है। स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर भगवान का स्मरण करना चाहिए। इसके बाद ही दान का विधान बताया गया है। यह क्रम शारीरिक और मानसिक शुद्धि का प्रतीक माना जाता है।

चंद्रमा का संबंध श्वेत रंग और शीतल स्वभाव से जोड़ा जाता है। इसलिए चंद्र ग्रहण के बाद सफेद वस्तुओं का दान विशेष फलदायी माना गया है। चावल का दान चंद्र दोष की शांति के लिए किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि चावल दान करने से मानसिक तनाव कम होता है और पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बना रहता है।

दूध, दही और अन्य श्वेत पदार्थ चंद्रमा के कारक माने गए हैं। ग्रहण के बाद इनका दान करने से मन को शांति मिलती है और घर में सकारात्मकता का संचार होता है। जरूरतमंदों को दूध या उससे बने पदार्थों का दान करना विशेष पुण्यदायी बताया गया है।

सफेद वस्त्र शुद्धता और सादगी का प्रतीक माने जाते हैं। चंद्र ग्रहण के बाद सफेद वस्त्रों का दान करने से चंद्रमा की शुभता प्राप्त होने की मान्यता है। इसके अलावा चांदी का संबंध भी चंद्र ग्रह से माना गया है। सामर्थ्य अनुसार चांदी का सिक्का या छोटा आभूषण दान करना भी शुभ फलदायी बताया गया है।

ग्रहण के पश्चात अन्न दान को श्रेष्ठ माना गया है। विशेषकर खीर, मीठे चावल या अन्य श्वेत मिठाई का दान करना शुभ माना गया है। मान्यता है कि इससे घर में अन्न-धन की वृद्धि होती है और दरिद्रता दूर होती है। जरूरतमंदों को भोजन कराना सबसे बड़ा दान माना गया है, जो अनेक गुना फल प्रदान करता है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार दान सदैव श्रद्धा, विनम्रता और सामर्थ्य के अनुसार करना चाहिए। दिखावे के लिए किया गया दान अपेक्षित फल नहीं देता, जबकि सच्चे मन से किया गया छोटा-सा दान भी अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।

# श्रीशैलम मंदिर जहां होता है शिव और शक्ति का संगम

**नरेंद्र मोदी** ने श्रीशैलम के श्री भ्रामरांबा मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा की। यह मंदिर ज्योतिष और अध्यात्म का संगम है। यहां ज्योतिर्लिंग दिन में रंग बदलता है। महाभारत काल के गुप्त शिवलिंग भी यहाँ हैं। चमेली के फूल से पूजा होती है। एक दिव्य सर्प मंदिर की रक्षा करता है। श्रीशैलम को दक्षिण कैलाश भी कहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 अक्टूबर 2025 को आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में स्थित श्री भ्रामरांबा मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह उनका इस प्राचीन तीर्थस्थल पर पहला दौरा था। नल्लमाला की पहाड़ियों और कृष्णा नदी के किनारे बसे इस मंदिर को ज्योतिष और अध्यात्म की दृष्टि से अत्यंत शक्तिशाली माना जाता है। यह ज्योतिर्लिंग और शक्ति पीठ दोनों का संगम है। यह मंदिर देश का एकमात्र ऐसा स्थान है जहां भगवान शिव 'मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग' के रूप में और माता पार्वती 'भ्रामरांबा शक्ति पीठ' के रूप में एक साथ विराजमान हैं। यह स्थान ब्रह्मांड की पुरुष और स्त्री ऊर्जा का अद्भुत संगम माना जाता है।



रंग बदलने वाला शिवलिंग

कहा जाता है कि श्रीशैलम का ज्योतिर्लिंग दिनभर में अपना रंग बदलता रहता है। यह सुबह हल्का सफेद, दोपहर में पीला और शाम होते होते लालिमा लिए हुए दिखता है। एक किंवदंती ये भी है कि महाभारत काल में पांडवों ने अपने वनवास के दौरान यहां पांच गुप्त शिवलिंग स्थापित किए थे। कहा जाता है कि इनके स्थान की जानकारी सिर्फ कुछ चुनिंदा पुजारियों को ही है।

चमेली के फूल से होती है पूजा

'मल्लिकार्जुन' नाम के पीछे एक कथा जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि देवी पार्वती ने मोम से बने शिवलिंग पर मल्लिका यानी चमेली के फूल चढ़ाए थे। जिसके बाद वह लिंग पिघला नहीं। तभी भगवान शिव स्वयं प्रकट हुए। तब से आज तक भक्त यहां शिव को चमेली के फूल अर्पित करते हैं।

नाग आज भी करता है मंदिर की रक्षा 16वीं सदी की एक कथा के अनुसार नाग अंपला नामक एक दिव्य सर्प ने इस मंदिर की रक्षा की थी। माना जाता है कि आज भी इस क्षेत्र में नाग देवता की उपस्थिति बनी हुई है और वे मंदिर की परिक्रमा करने वालों की रक्षा करते हैं। 2021 में यहां खुदाई के दौरान 21 प्राचीन ताम्रपत्र मिले थे, जिनमें 3वीं से 14वीं शताब्दी के बीच की दान संबंधी जानकारियां थीं।

'दक्षिण कैलाश' के रूप में प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथों में श्रीशैलम को 'दक्षिण कैलाश' कहा गया है। मान्यता है कि एक बार माता पार्वती भौंरे का रूप धारण कर यहां तपस्या करने आईं, इसलिए देवी का नाम 'भ्रामरांबा' पड़ा। एक लोककथा के अनुसार मंदिर के प्रवेश द्वार पर गणेश जी का एक अदृश्य रजिस्टर हैं, जिसमें हर भक्त के पाप और पुण्य दर्ज होते हैं। कहा जाता है कि यहां साधना करने से चंद्र-शक्ति और सूर्य-ऊर्जा दोनों का संतुलन प्राप्त होता है।



# मंगलमय हनुमानजी करते हैं मंगल दोष को दूर

पं. दयानंद शास्त्री

मंगल दोष के प्रभाव स्वरूप घर में बिजली का सामान जल्दी जल्दी खराब होने लगता है, रक्त सम्बंधित बीमारियां होने लगती हैं। मंगल दोष से पीड़ित व्यक्ति में धैर्य की कमी होती है।

यह आजमाएं:-

-मंगल दोष से पीड़ित जातक को छोटे भाई बहनों का ख्याल रखना चाहिए।

-मंगलवार के दिन हनुमानजी के चरण से सिन्दूर ले कर उसका टीका माथे पर लगाना चाहिए।

-बंदरों को गुड़ और चने खिलाने चाहिए।

-अपने घर में लाल पुष्प वाले पौधे या वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए।



यह बहुत गलत और दोषपूर्ण भ्रान्ति या अवधारणा में प्रचलित है। की 28 वें वर्ष के बाद मांगलिक दोष नहीं रहता। ग्रहों का सेनापति मंगलदेव 28 वें वर्ष में अपना शुभ फल प्रदान करता है यह सत्य है किन्तु अपनी दशा अन्तर्दशा, प्रत्यंतर दशा या गोचर में कभी भी अपना अशुभ फल प्रगट कर सकता है।

अतः 28 वें वर्ष के बाद मांगलिक दोष की समाप्ति या निवृति कभी नहीं होती। व्यर्थ की बातों या अफवाओं पर ध्यान ना देवें। मंगल दोष निवारण हेतु उपाय स्वरूप लाल वस्त्र ले कर उसमें दो मुठ्ठी मसूर की दाल बांधकर मंगलवार के दिन किसी भिखारी को दान करनी चाहिए और साथ ही समयानुसार उज्जैन आकर अंगारेश्वर महादेव पर गुलाल पूजन और भात पूजन करवानी चाहिए।

मंगल दोष होने पर ये न करें:-

-यदि कुंडली में आपका मंगल पीड़ित है तो आपको क्रोध नहीं करना चाहिए।

-अपने आप पर नियंत्रण नहीं खोना चाहिए।

-मंगल दोष से पीड़ित को किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं दिखानी चाहिए और भौतिकता में लिप्त नहीं होना चाहिए।

क्या आप मंगल दोष से प्रभावित है?

यदि सोते समय आपकी आंखे थोड़ी थोड़ी खुली रहती है या आपका मुंह सोते वक्त खुला रहता है। सामने की तरफ सीधा देखने पर भी आंख का हीरा या कोर्निया थोड़ा उपर की तरफ हो या आंख के हिरे या कोर्निया की नीचे की सफेदी दिखती हो तो इसका मतलब आप मंगलीक है। ऐसे लोगो का मंगल कुंडली में 2, 4, 7, और 8 या 12वें घर में होता है। जिनका मंगल पीड़ित है उन्हें मंगलवार के दिन व्रत करना चाहिए और ब्राह्मण अथवा किसी गरीब व्यक्ति को भर पेट भोजन कराना चाहिए।

मंगल दोष या मंगल पीड़ित जातक को उज्जैन आकर अंगारेश्वर महादेव पर भात पूजन, गुलाल और गुलाब पूजन से विशेष अभिषेक पूजन करवाना चाहिए, तत्काल चमत्कारिक परिणाम मिलते हैं।

इसके साथ ही मंगल पीड़ित व्यक्ति के लिए प्रतिदिन 10 से 15 मिनट ध्यान करना उत्तम रहता है। मंगल दोष से पीड़ित व्यक्ति जब भी अपना घर बनवाये तो उसे घर में लाल पत्थर अवश्य लगवाना चाहिए।



**मेष राशि:-** जातकों के लिए कल रंगों का त्योहार नई उमंग और जोश लेकर आएगा। कल फाल्गुन मास की प्रतिपदा तिथि है और पूरा देश धुलेंडी मनाएगा। चंद्रमा कल दोपहर 01:46 ढट तक आपकी राशि से पंचम भाव में गोचर करेंगे, जो आपकी क्रिएटिविटी को चरम पर ले जाएगा। आप बच्चों और मित्रों के साथ होली का भरपूर आनंद लेंगे।



**वृष राशि:-** वालों के लिए कल का दिन सुख-सुविधाओं और पारिवारिक मिलन का है। चंद्रमा दोपहर तक आपके चतुर्थ भाव में रहेंगे, जिससे आप घर की सजावट और मेहमानों की खातिरदारी में व्यस्त रहेंगे। आपकी सुखद वाणी कल बिगड़े हुए पारिवारिक रिश्तों को सुधारने में जादू की तरह काम करेगी।



**मिथुन राशि:-** मिथुन राशि के जातकों के लिए कल का दिन साहस और पराक्रम में वृद्धि करने वाला है। चंद्रमा दोपहर तक आपके तीसरे भाव में रहेंगे, जिससे भाई-बहनों और मित्रों के साथ आपके संबंध बहुत गहरे होंगे। कल आप होली के हुड़दंग में सबसे आगे रहेंगे और आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स लोगों को प्रभावित करेंगी।



**कर्क राशि:-** वालों के लिए कल का दिन वाणी की मधुरता और पारिवारिक एकता का है। चंद्रमा आपके धन भाव में रहेंगे, जिससे परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। कल आपके घर पर मेहमानों का तांता लगा रह सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। शाम के समय चंद्रमा का राशि परिवर्तन आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा।



**सिंह राशि:-** सिंह राशि के जातकों के लिए कल का दिन उनके व्यक्तित्व को निखारने वाला है। चंद्रमा आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं, जिससे आप आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कल आप हर सामाजिक कार्यक्रम में नेतृत्व करेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता कल बहुत सटीक होगी, जिससे लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।



**कन्या राशि:-** कन्या राशि वालों के लिए कल का दिन मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। चंद्रमा दोपहर तक आपके बारहवें भाव में रहेंगे, जिससे मन में थोड़ी बेचैनी हो सकती है। लेकिन दोपहर बाद जैसे ही चंद्रमा आपकी राशि में प्रवेश करेंगे, आपकी सारी चिंताएं दूर हो जाएंगी और आप उत्सव के रंग में सराबोर हो जाएंगे।



**तुला राशि:-** वालों के लिए कल का दिन लाभ और उन्नति का है। चंद्रमा आपके एकादश भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपकी आय में वृद्धि के संकेत दे रहे हैं। मित्रों के साथ होली का जश्न दोगुना हो जाएगा। आपकी कोई पुरानी दबी हुई इच्छा कल पूरी हो सकती है।



**वृश्चिक राशि:-** जातकों के लिए कल का दिन कार्यक्षेत्र में सफलता और सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने वाला है। चंद्रमा आपके दशम भाव में हैं, जिससे आप अपने काम को लेकर बहुत गंभीर रहेंगे। पिता या घर के बड़ों से आपको कोई मूल्यवान सलाह मिल सकती है जो भविष्य में काम आएगी।



**धनु राशि:-** वालों के लिए कल भाग्य का भरपूर साथ मिलने वाला है। चंद्रमा दोपहर तक आपके भाग्य भाव में रहेंगे, जिससे लंबी दूरी की यात्रा या किसी धार्मिक उत्सव में शामिल होने के योग बनेंगे। आपकी आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी और आप समाज कल्याण के कार्यों में योगदान देंगे।



**मकर राशि:-** वालों के लिए कल का दिन थोड़ा सावधानी बरतने का है। चंद्रमा दोपहर तक आपके आठवें भाव में रहेंगे, जिससे कार्यों में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। कल आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। दोपहर बाद जैसे ही चंद्रमा नौवें भाव में जाएंगे, आपके रुके हुए काम अचानक बनने लगेंगे।



**कुंभ राशि:-** वालों के लिए कल का दिन साझेदारी और सामाजिक संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। चंद्रमा आपके सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जो दांपत्य जीवन में खुशियां लेकर आएंगे। व्यापार में पार्टनर के साथ आपके संबंध और अधिक गहरे होंगे और लोकप्रियता बढ़ेगी।



**मीन राशि:-** जातकों के लिए कल का दिन विजय और सफलता का है। चंद्रमा दोपहर तक आपके छठे भाव में रहेंगे, जिससे आप अपने विरोधियों और पुरानी बीमारियों पर जीत हासिल करेंगे। पुराने कर्ज को चुकाने में कल आपको बड़ी सफलता मिल सकती है।

# होली के हर रंग का होता है अपना खास महत्व जानें इस दिन क्यों खेला जाता है रंग गुलाल



**होली** का पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन के अगले दिन रंगों का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को लाल, पीला, हरा, नीला, सफेद और अन्य चमकीले रंग लगाकर आनंद व्यक्त करते हैं। भारत ही नहीं विदेशों में रहने वाले भारतीय भी अपनी परंपराओं के अनुसार रंगोत्सव मनाते हैं।

धार्मिक दृष्टि से होली बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। होलिका दहन की कथा हमें संदेश देती है कि सत्य और भक्ति की शक्ति अंत में विजयी होती है। रंगों से खेलने की परंपरा बहुत पुरानी है। अलग-अलग रंगों का अपना विशेष महत्व बताया गया है, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि होली पर रंग गुलाल क्यों खेला जाता है।

राधा-कृष्ण से जुड़ी है रंगों की परंपरा

लोक मान्यताओं के अनुसार, होली का संबंध भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी से जोड़ा जाता है। माना जाता है कि बाल्यावस्था में श्रीकृष्ण अपने सांवले रंग को लेकर चिंतित रहते थे कि क्या गोरी राधा उन्हें स्वीकार करेंगी। तब माता यशोदा ने उन्हें समझाया कि वे राधा के पास जाकर उनके मुख पर रंग लगा दें। श्रीकृष्ण ने ऐसा ही किया और तभी से रंग लगाने की परंपरा प्रारंभ हो गई। विशेष रूप से मथुरा और वृंदावन क्षेत्र में यह कथा बड़े प्रेम से सुनाई जाती है और आज भी वहां की होली विश्वभर में प्रसिद्ध है।

ज्योतिषीय दृष्टि से रंगों का महत्व

ज्योतिष शास्त्र में होलाष्टक से लेकर होलिका दहन तक के समय को चुनौतीपूर्ण माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस अवधि में ग्रहों की स्थिति उग्र हो सकती है। रंगों का संबंध विभिन्न ग्रहों से होता है। जैसे रत्न अलग-अलग रंगों के होते हैं और वे ग्रहों का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसी प्रकार होली के दिन रंगों का प्रयोग ग्रहों की नकारात्मकता को कम करने और शुभ प्रभाव को बढ़ाने का माध्यम माना जाता है।

हरा रंग- हरा रंग बुध ग्रह से जुड़ा माना जाता है। यह उन्नति, संतुलन और शांति का प्रतीक है।

पीला रंग- पीला रंग गुरु ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है और ज्ञान, पवित्रता व प्रसन्नता का सूचक है।

लाल रंग- लाल रंग मंगल ग्रह से संबंधित है, जो ऊर्जा, साहस और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। गुलाबी रंग- गुलाबी रंग शुक्र ग्रह से जुड़ा है और प्रेम, कोमलता व स्नेह का संकेत देता है। नारंगी रंग- नारंगी रंग सूर्य से संबंधित माना जाता है, जो उत्साह, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को दर्शाता है। नीला रंग- नीला रंग शनि ग्रह का प्रतीक है, जो स्थिरता, विश्वास और धैर्य का संदेश देता है।



# दक्षिण सूडान में अज्ञात हमलावरों ने की 169 लोगों की हत्या

## मारे गये लोगों में 79 पुलिस और क्षेत्रों बलों के सदस्य शामिल

**खार्तून, (वेब वार्ता)।**



दक्षिण सूडान में अज्ञात लोगों के एक समूह के हमले में वरिष्ठ अधिकारियों समेत कम से कम 169 लोग मारे गये हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार रुवेंग प्रशासनिक क्षेत्र के सूचना मंत्री जेम्स मोनिलुआक मिजोक ने बताया कि हथियारबंद युवाओं ने रविवार को किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि वे पड़ोसी यूनिटी स्टेट से आए थे और सूडान पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-व्डन (एसपीएल-व्ड) से जुड़े थे।

रिपोर्ट के अनुसार एसपीएल-आईओ हमले में अपना हाथ होने से इनकार किया है और यूनिटी स्टेट के अधिकारियों पर हिंसा का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है।

गौरतलब है कि संयुक्त राज्य ने बार-बार चेतावनी दी है कि सूडान में बड़े पैमाने पर गृहयुद्ध का खतरा मंडरा रहा है।

मिजोक ने कहा, 'मरने वालों में 90 बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग हैं। साथ ही हमले में पुलिस समेत क्षेत्रीय बलों के 79 सदस्य भी मारे गये।' उन्होंने कहा कि हमले में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घायलों से ज्यादातर को उपचार के लिए पड़ोसी अबेई प्रशासनिक क्षेत्र ले जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मिजोक ने बीबीसी को बताया कि हमलावर रविवार को तड़के स्थानीय समय के अनुसार करीब 04:30 बजे रुवेंग में अबिएमनोम काउंटी में घुसे और हमला कर दिया। उस समय लोग लोग सो रहे थे। उन्होंने कहा कि उस समय वहां पर सरकारी सैनिकों की मौजूदगी कम थी।

## रियाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन से हमला

**रियाद, (वेब वार्ता)।** सऊदी अरब के रियाद स्थिति अमेरिकी दूतावास पर मंगलवार सुबह ड्रोन से हमला किया गया, जिसके कारण हल्की आग लगी गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है। सऊदी गैजेट की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा, 'शुरूआती अनुमान के मुताबिक, रियाद में अमेरिकी दूतावास को ड्रोन से लक्षित किया गया है। इस घटना में हल्की आग लगी और इमारत को मामूली नुकसान हुआ।' उन्होंने कहा कि रियाद के साउथ में स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस के पास पांच ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा दो ड्रोन के जरिये पूर्वी प्रांत में रास तनुरा ऑयल रिफाइनरी पर हमला करने की कोशिश की गयी लेकिन मार गिराये गये ड्रोन का मलबा गिरने से रिफाइनरी में हल्की आग लग गई।

# ट्रम्प का ईरान को लेकर कड़ा रुख

## जरूरत पड़ी तो थल सेना भी भेजेंग

**वॉशिंगटन, (वेब वार्ता)।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' को लेकर अत्यंत कड़ा रुख अपनाया है।

उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों को नष्ट करने के लिए यह अब तक का सबसे अच्छा और निर्णायक अवसर है और कहा कि जरूरत पड़ी तो वह खाड़ी में थल सेना भी भेजेंगे।

ट्रम्प ने ये बयान व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में मेडल ऑफ ऑनर प्रदान करने और मीडिया ब्रीफिंग के दौरान दिये हैं।



इसके अलावा उन्होंने ट्रूथ सोशल पर एक वीडियो संदेश भी जारी किया है। ट्रम्प के इस वक्तव्य को व्हाइट हाउस ने अपने वेबसाइट पर भी जारी किया है।

मीडिया से बातचीत करते हुए राष्ट्रपति ने घोषणा की है कि यह सैन्य कार्रवाई लगभग 4-5 सप्ताह तक चल सकती है, हालांकि उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि अमेरिका इससे कहीं अधिक समय तक युद्ध जारी रखने की पूरी क्षमता रखता है।

अमरीकी राष्ट्रपति ने अभियान की प्रगति साझा करते हुए दावा किया कि अमेरिकी सेना वर्तमान में अपनी तय समय सीमा से काफी आगे चल रही है। उन्होंने जानकारी दी कि केवल पिछले 24 घंटों के भीतर ईरान के 49 शीर्ष नेताओं को खत्म कर दिया गया है और ईरानी नौसेना के लगभग 9-10 युद्धपोतों को समुद्र में डुबो दिया गया है। इसके अतिरिक्त अमेरिकी और इजरायली वायुसेना ने ईरान के नौसेना मुख्यालय और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुख्य ठिकानों पर भीषण हमले किये हैं।

युद्ध के अगले चरणों पर चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बड़ा रणनीतिक संकेत दिया है।

# इंडोनेशिया में जोरदार भूकंप से कांपी धरती रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गई तीव्रता

## जकार्ता सहित कई द्वीपों में महसूस किए गए तेज झटके

**जकार्ता, (वेब वार्ता)।**

इंडोनेशिया में मंगलवार की सुबह कुदरत का कहर देखने को मिला, जब देश के विभिन्न हिस्सों में भूकंप के बेहद तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (ठउर) के आंकड़ों के मुताबिक, भूकंप आज सुबह भारतीय समयानुसार 10:26:47 बजे आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.2 दर्ज की गई है, जो काफी शक्तिशाली मानी जाती है। भूकंप के झटके इतने प्रभावी थे कि ऊँची इमारतों में रहने वाले लोग दहशत के मारे अपने घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल, प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन अलर्ट पर है और भूकंप के केंद्र का सटीक स्थान पता लगाया जा रहा है।

भूकंप की तीव्रता को देखते हुए इंडोनेशिया सरकार ने प्रभावित प्रांतों में आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय कर दिया है। हालांकि, शुरूआती खबरों में अभी तक किसी बड़े जान-माल के नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन दूरदराज के द्वीपों और ग्रामीण इलाकों से जानकारी जुटाई जा रही है। आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं पुरानी इमारतों या बुनियादी ढांचे को कोई क्षति तो नहीं पहुँची है। सरकार ने नागरिकों से धैर्य बनाए रखने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

इंडोनेशिया अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण अक्सर भूकंपीय गतिविधियों का सामना करता है, क्योंकि यह 'पैसिफिक रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है। आज आए इस 6.2 तीव्रता के भूकंप के बाद संबंधित एजेंसियों ने समुद्र तटीय इलाकों में सुनामी की संभावनाओं का भी विश्लेषण किया है। हालांकि, अभी तक सुनामी का कोई तत्काल खतरा घोषित नहीं किया गया है, फिर भी तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों में 'आफ्टरशॉक्स' (भूकंप के बाद के झटके) आ सकते हैं, इसलिए लोगों को जर्जर इमारतों से दूर रहने को कहा गया है।

# कोलकाता पुलिस ने होली के लिए किये सुरक्षा उपाय, 398 पिकेट तैनात किए

**कोलकाता, (वेब वार्ता)।**

हर साल होली के दौरान दौरान लापरवाह तरीके से गाड़ी चलाने, नशे में गाड़ी चलाने और दुर्घटना की खराबों के मद्देजनर कोलकाता पुलिस ने मंगलवार को शहर में डोल और होली के त्योहार के लिए कड़ा इंतेजाम किया है।

लालबाजार के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि डोल के दिन पूरे शहर में कुल 398 पुलिस पिकेट तैनात किए जाएंगे। इनमें से 86 जगहों को ( जिसमें खन्ना मोड़, पार्क सर्कस सेवन पॉइंट और श्यामबाजार शामिल हैं) संवेदनशील क्षेत्र के तौर पर पहचाना गया है, जहां विशेष पिकेट लगाए जाएंगे। इन विशेष पिकेट में से हर एक पर छह पुलिसवाले तैनात रहेंगे। बाकी 312 पिकेट पर हर एक पर तीन पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे। सबसे ज्यादा पुलिस पिकेट बंदरगाह क्षेत्र में होंगे, जहां पिछली घटनाओं और भारी गाड़ियों की आवाजाही को देखते हुए 72 पिकेट तैनात किए जाएंगे।



इसके अलावा, शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों और दक्षिणी उपनगरों में 36-36 पिकेट लगाए जाएंगे ताकि त्योहार आसानी से मनाया जा सके और यातायात विनियमन हो सके। डोल के दौरान नदी घाटों पर भीड़ बढ़ने की उम्मीद को देखते हुए पुलिस ने गंगा किनारे सुरक्षा के इंतजाम भी कड़े कर दिए हैं। लालबाजार के अधिकारियों ने कहा कि रेगुलर पिकेट के अलावा, शहर भर के 24 घाटों पर आपदा प्रबंधन समूह (डीएमडी) की टीमें तैनात रहेंगी। किसी भी आपातकालीन स्थिति में तेजी से जवाब देने के लिए कोलकाता पुलिस के हर क्षेत्र में डीएमजी टीमें भी तैनात रहेंगी।

महिलाओं की सुरक्षा और छेड़छाड़ या सड़क पर होने वाली गड़बड़ी को रोकने पर खास जोर दिया गया है। निगरानी बढ़ाने के लिए, 62 पेट्रोल वैन और पीसीआर वैन पूरे दिन सड़कों पर रहेंगी। पुलिस वाले जल्दी कार्रवाई और ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए मोटरसाइकिल पर मोबाइल पेट्रोलिंग भी करेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इन उपायों का मकसद शराब पीकर गाड़ी चलाना, लापरवाही से गाड़ी चलाना और दूसरे कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर रोक लगाना है, जो पिछले सालों में होली के दौरान रिपोर्ट किए गए हैं।

## खड़ी क्रेन में पीछे से टकराई कार, तीन की मौत, दो घायल

बैतूल, 03 मार्च (वेब वार्ता)। मध्य प्रदेश के बैतूल में सोमवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बैतूल में सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी क्रेन में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। हादसा इटारसी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। घटना सोमवार देर रात 3 बजे की बताई जा रही है, जब सड़क पर यातायात काफी कम था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला। हादसे में तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# अमृता हॉस्पिटल परिसर में पोंकाला महोत्सव का आयोजन



**भेदी नज़र ब्यूरो, फरीदाबाद**

अमृता हॉस्पिटल परिसर में आज श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ पोंकाला महोत्सव का आयोजन किया गया। केरल की प्रसिद्ध धार्मिक परंपरा अट्टुकल पोंगाला से प्रेरित इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर माता शक्ति की आराधना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधानपूर्वक गणपति प्रतिष्ठा से हुआ। भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर आयोजन के निर्विघ्न सम्पन्न होने की कामना की गई। इस अवसर पर अविल (चिवड़ा), मलर (लाई), पजहम (केला), गुड़, पुष्पदल, तेल, बत्ती, वेतिला-पाक (पान-सुपारी) आदि अर्पित किए गए। सभी श्रद्धालुओं से गणपति प्रतिष्ठा हेतु एक-एक नारियल लाने का आग्रह किया गया तथा संभव हो तो दीप (विलक्कु/चिराग) भी साथ लाने का अनुरोध किया गया।

इसके उपरांत पारंपरिक पोंकाला अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसमें मिट्टी के पात्र (पॉट) में चूल्हे (अडुप्पु) पर लकड़ी से अग्नि प्रज्ज्वलित कर चावल और गुड़ से पवित्र नैवेद्य तैयार किया गया। प्रसाद में नारियल, घी, इलायची और किशमिश का विशेष मिश्रण मिलाया गया। केले के पत्ते से पात्र को ढककर पूर्ण श्रद्धा के साथ देवी को अर्पित किया गया। पूजा के दौरान कपूर, अगरबत्ती तथा तेल से दीप प्रज्वलित कर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया।

# केरल: वडाकारा से छह बार सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री के.पी. उन्नीकृष्णन का निधन

**कोझिकोड, (वेब वार्ता)।**

केरल के वडाकारा से छह बार सांसद रहे और पूर्व केंद्रीय मंत्री के.पी. उन्नीकृष्णन का 89 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन से तीन दशकों से अधिक के उनके राजनीतिक करियर का अंत हो गया। के.पी. उन्नीकृष्णन का जन्म 20 सितंबर 1936 को मालाबार तट एक परिवार में हुआ था। वे ई. कुन्हीकन्नन नायर के पुत्र थे।



उन्नीकृष्णन ने चेन्नई के मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की और बाद में वहीं से कानून की डिग्री पूरी की। 1960 के दशक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल होने से पहले, समाजवादी पार्टी और प्रजा समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे। 1962 तक वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य बन चुके थे। पूर्णकालिक राजनीति में आने से पहले उन्नीकृष्णन ने पत्रकार के रूप में भी काम किया और मातृभूमि और अन्य पत्रिकाओं में विशेष संवाददाता के रूप में लेख लिखे।

## 'मंजुविरट्टू' उत्सव, बेलगाम सांडों के हमले में तीन दर्शकों की मौत और 75 लोग हुए लहूलुहान

**शिवगंगा, (वेब वार्ता)।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के सिंगमपुनारी में मासी मगम उत्सव के अवसर पर आयोजित 'मंजुविरट्टू' (सांडों को पकड़ने की प्रतियोगिता) भीषण हादसे में तब्दील हो गई। सोमवार को आयोजित इस खेल के दौरान सांडों ने दर्शकों और खिलाड़ियों पर अचानक हमला कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। इस दर्दनाक घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनकी पहचान जम्मूलाल लालजी, रामनाथन और राजेंद्रन के रूप में हुई है। चिलचिलाती धूप में पहाड़ियों पर बैठकर खेल देख रहे हजारों लोग उस वक्त सन्न रह गए जब सांडों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर लोगों को रौंदना शुरू कर दिया। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, इस प्रतियोगिता के लिए लगभग 100 सांडों को अधिकृत रूप से और 500 से अधिक बैलों को खुला छोड़ा गया था, जिसमें 112 बुलफाइटर्स ने हिस्सा लिया था।

# तमिलनाडु के विकास के सफर में हम किसी को पीछे नहीं छोड़ेंगे : एमके स्टालिन

**चेन्नई, (वेब वार्ता)।**

तमिलनाडु सरकार ने बुजुर्गों, विधवाओं, बुजुर्ग ट्रांसजेंडर और दिव्यांगजनों के खाते में मासिक पेंशन की राशि ट्रांसफर की है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कलाइग्नार मगलीर उरिमाई थिट्टम योजना के तहत महिलाओं को दी गई 2,000



रुपए की ग्रीष्मकालीन विशेष सहायता राशि की व्यापक सराहना हुई है। इसके साथ ही, समाज के हाशिये पर रहने वाले और वर्तमान में सरकार की मासिक पेंशन सहायता प्राप्त कर रहे बुजुर्गों, विधवाओं, बुजुर्ग ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और दिव्यांगजनों को भी ऐसी ही विशेष वित्तीय सहायता देने की मांग उठी है।

उन्होंने कहा कि आज हमने उनकी आशा भरी मांग पूरी कर दी है! कठिनाई को कम करने के लिए विशेष राहत सहायता के रूप में, हमने मार्च की पेंशन के साथ 2,000 रुपए उनके बैंक खातों में जमा कर दिए हैं!

# पालघर की केमिकल फैक्ट्री से 'ओलियम गैस' का भारी रिसाव, 2 किमी तक फैली जहरीली सफेद धुंध

**पालघर, (वेब वार्ता)।**

महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित तारापुर इंडस्ट्रियल एस्टेट की 'भगेरिया केमिकल्स कंपनी' में आज दोपहर करीब 2:00 बजे 'ओलियम गैस' के रिसाव से हड़कंप मच गया। गैस लीक होते ही हवा में सफेद धुंध की मोटी चादर फैल गई, जिसकी चपेट में आने से स्थानीय नागरिकों और मजदूरों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में गंभीर तकलीफ होने लगी। देखते ही देखते यह जहरीली गैस करीब दो किलोमीटर के दायरे में फैल गई, जिससे कैमलिन नाका और टाकी नाका जैसे रिहायशी इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने तारापुर विद्यामंदिर स्कूल के छात्रों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला है।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने राजस्व, एमआईडीसी, दमकल विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमों को 'हाई अलर्ट' पर रहने के निर्देश दिए हैं। औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, लगभग एक टन ओलियम गैस का स्टॉक प्रभावित होने की आशंका है।

## राजौरी में पीआईए मार्किंग वाला हवाई जहाजनुमा गुब्बारा बरामद, जांच शुरू

**राजौरी, (वेब वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी के धर्मसल थाना क्षेत्र के सरहोती गांव में रविवार को ग्रामीणों ने एक लाल और सफेद रंग का हवाई जहाज के आकार का गुब्बारा देखा। गुब्बारे पर पीआईए की मार्किंग के साथ उर्दू में कुछ लिखा हुआ था, जिससे लोगों में उत्सुकता के साथ-साथ चिंता भी बढ़ गई। जानकारी के अनुसार, यह गुब्बारा रविवार दोपहर को गांव के पास एक ढलान वाले पथरीले इलाके में पड़ा मिला था। स्थानीय लोगों की नजर जब इस पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तेरयाथ पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को एहतियातन घेर लिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच के लिए पुलिस अधिकारियों ने गुब्बारे को कब्जे में लिया है।


**किराए के लिए खाली है**

1- 3600 वर्ग फुट कमर्शियल 4 हॉल सेमी फर्निश्ड सेक्टर 10 टी सी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
2- 1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
3- टू बैड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉ क फरीदाबाद में।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेंकड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में।
इच्छुक व्यक्ति फोन नंबर 9999446252, 9811157562 पर संपर्क करें।



**- सूचना -**

**फरीदाबाद जिला में भेदीनज़र समाचार में अपने समाचार, विज्ञापन देने और अखबार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें-**

1- गोपाल न्यूज एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बाल्लभगढ़
**मोबाइल नम्बर- 9811477204**

2- नरेंद्र बुक्सर शाप
मूँगफली चौक एन.आई.टी.नम्बर-5 फरीदाबाद
**मोबाइल - 9810229192**

3- दीक्षित न्यूज एजेन्सी ओल्ड फरीदाबाद
**मोबाइल- 9811159238**



**छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा**
**आज ही स्पेस बुक कराएं-काल करें**
**0120-4152063,**
**9811157562**




**नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नज़र पढ़िए, समय के साथ चलिए**

**सुनहरा मौका** वार्षिक ग्राहक बनिए और
**वीआईपी एल्फा सूटकेस** कीमत रु, 900 प्राप्त करिए
भेदी नज़र समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए
और अन्य आकर्षक उपहार के लिए

**बम्पर ड्रा**

पहला इनाम

एक हीरो बाईक

दूसरा इनाम


एक सोनी एलसीडी 32 इंच व अन्य आकर्षक ईनाम

तीसरा इनाम

बीस मोबाईल फोन

- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेंगा तो एसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2026 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नज़र के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते हैं।
- भेदी नजर प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।



आर.एन.आई.नं.
DEL/HIN/2004/13528
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
उमा पब्लिकेशनस्
1001/1002 दसवां तल नौरंग हाऊस, 21 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-1 से प्रकाशित
एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस ई-33 सेक्टर-7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
उमा शर्मा
प्रधान संपादक
गिरीश चन्द्र शर्मा
फोन नं.-
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,



सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान संपादक और प्रधान संपादक कानूनन जिम्मेदार नहीं होगा।